

केन्द्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आयोजित संत सम्मेलन में शामिल हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 342 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# सांसदों का सस्पेंशन: विपक्ष का हल्लाबोल

= सांसदों के सस्पेंशन पर जंतर-मंतर पर इंडिया का प्रदर्शन, 2-3 युवा संसद में घुसे तो भाजपा सांसद भागे, देशभक्तों की हवा निकली: कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

**केंद्र को घेरा**

8 'कुछ दिन पहले संसद भवन में दो-तीन युवा कूदकर अंदर आ गए। उन्हें कूदते हुए हम सबने देखा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद** से 146 विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ शुक्रवार को इंडिया के नेता जंतर-मंतर पर जुटे। प्रदर्शन का नाम सेव डेमोक्रेसी प्रोटेस्ट (लोकतंत्र बचाओ प्रदर्शन) दिया गया। प्रदर्शन में लेफ्ट पार्टियां, डीएमके, एनसीपी (शरद पवार गुट), सपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, टीएमसी, जेएमएम, आरजेडी समेत अन्य दल थे। संसद में सुरक्षा चूक पर राहुल गांधी ने कहा कि जो लोग खुद के देशभक्त होने का दावा करते हैं, उनकी हवा निकल गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी-शाह ने संविधान, डेमोक्रेसी को खत्म करने का प्लान बनाया है।

**राहुल बोले- जो लोग संसद में घुसे, वो अंदर कैसे आए:** राहुल ने कहा, 'कुछ दिन पहले संसद भवन में दो-तीन युवा कूदकर अंदर आ गए। उन्हें कूदते हुए हम सबने देखा। वे अंदर आए, उन्होंने थोड़ा धुआं फैलाया, भाजपा के सभी सांसद भाग गए... जो अपने आप को देश भक्त कहते हैं उनकी हवा निकल गई थी।' उन्होंने कहा, 'मैंने किसी से कहा कि देश में कहीं भी एक छोटा सा सर्वे करो कि देश के युवा मोबाइल (इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर) पर कितना समय बिताते हैं। जवाब मिला- साढ़े सात घंटे। नरेंद्र मोदी की सरकार में देश का युवा साढ़े सात घंटे सेलफोन पर रहता है, क्योंकि उसके पास रोजगार नहीं है। ये हिंदुस्तान की सच्ची हालत है। इसी के चलते वो युवा संसद में कूदकर आए।' '



## 'विपक्ष को स्पीकर के कहने पर विश्वास क्यों नहीं'

**सांसदों** के निलंबन पर एक बार फिर सरकार की तरफ से पक्ष रखा गया। दो केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन राम मेघवाल और प्रल्हाद जोशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मेघवाल ने कहा- स्पीकर संसद का कस्टोडियन (केयरटेकर) होते हैं। लोकसभा स्पीकर ने बार-बार कहा कि वो सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हैं। उन्हें स्पीकर की बात भरोसा क्यों नहीं है वे (विपक्षी सांसद) जानबूझकर चुनाव में हार की बदला ले रहे हैं। संसद में घुसपैठ बड़ा मुद्दा है।

## मोदी विपक्ष रहित सदन चाहते हैं: सुरजेवाला

**रणदीप** सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मोदी विपक्ष रहित सदन चाहते हैं, लेकिन हम लड़ते रहेंगे। संसद में जो लोग घुसे थे, उन्होंने रंगीन धुआं उड़ाया था, अगर यह कुछ और होता तो देश की स्थिति कुछ और होती। प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे दिग्विजय सिंह ने कहा- हम सदन में सिर्फ गृह मंत्री के बयान की मांग कर रहे थे। इस पर कई सांसदों को सस्पेंड कर दिया। कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि संसद निर्णय लेने वाली सबसे बड़ी संस्था है। 700 से ज्यादा सांसद सीधे या अप्रत्यक्ष तरीके से चुनकर आते हैं। सरकार को सांसदों को सस्पेंड करने और इसके बाद सदन चलाने का अधिकार नहीं है।



केन्द्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आयोजित संत सम्मेलन में शामिल हुए। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर गृहमंत्री का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

## 'विपक्षी नेताओं ने खुद निलंबन का अनुरोध किया'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सांसद** के शीतकालीन सत्र में बाधा डालने के लिए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष को फटकार लगाई है। उन्होंने विपक्ष को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार सांसदों को निलंबित करने के लिए इच्छुक नहीं थी, लेकिन विपक्षी पार्टी के कुछ सदस्य अपने ही सहयोगियों के निलंबन का अनुरोध लेकर आए थे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रह्लाद जोशी ने कहा कि अगर विपक्षी को तीन नए आपराधिक कानूनों में कुछ गलत लगता है तो वह इसके खिलाफ अदालत में जा सकती है।

## फास्ट न्यूज

### पंजाब: स्कूलों में 24 दिसंबर से शुरू होंगी सर्दियों की छुट्टियां

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से सर्दियों की छुट्टियों का एलान कर दिया गया है। विभाग की तरफ से शुक्रवार को जारी किए गए आदेशों के अनुसार पंजाब के सभी सरकारी, प्राइवेट, एडेड और मान्यता प्राप्त स्कूलों में सर्दियों के मौसम को देखते हुए 24 दिसंबर 2023 से लेकर 31 दिसंबर 2023 तक छुट्टियां की जा रही हैं। शिक्षा विभाग की तरफ से इन आदेशों को पूर्ण रूप से लागू करवाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है ताकि किसी भी प्राइवेट स्कूल द्वारा इन आदेशों का उल्लंघन न किया जाए।

### जयपुर में एक महीने के बच्चे को कोरोना

**जयपुर:** राजस्थान के कोरोना संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश की राजधानी जयपुर में एक महीने का बच्चा कोरोना संक्रमित हो गया। वहीं, जोधपुर में भी एक युवती की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। वह पांच दिन पहले ऑस्ट्रेलिया से लौटकर आई थी। इसके बाद से उसकी तबीयत खराब थी। कोरोना के लक्षण दिखने पर उसने जांच कराई, जिसके बाद शुक्रवार को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। कोरोना संक्रमित 19 साल की युवती महामंदिर क्षेत्र में रहती है। उसे होम आइसोलेशन में रखा गया है। साथ उसके संपर्क में आए लोगों और परिवार वालों का सैंपल भी जांच के लिए भेजा गया है।

**लगातार बढ़ रहे मरीज:** इससे पहले गुरुवार को जयपुर में दो कोरोना सक्रंमित मिले थे। वहीं, बुधवार को जैसलमेर में भी दो कोरोना पॉजिटिव सामने आए थे। वहीं, आज शुक्रवार को भी दो संक्रमित मरीज मिले हैं। इससे प्रदेश में कोरोना का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

### तमिलनाडु में भारी बारिश, 696 गर्भवती महिलाओं का रेस्क्यू

**नई दिल्ली:** तमिलनाडु में लगातार बारिश के कारण भारतीय नैसेना ने बचाव अभियान चलाया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में भारतीय नौसेना के सात हेलिकॉप्टर उड़ाए गए, जिसके जरिए 3.2 टन राहत सामग्री लोगों तक पहुंचाया गया।

## 'पंजाब कांग्रेस में बर्दाश्त नहीं की जाएगी अनुशासनहीनता'

**टीम एक्शन इंडिया/कपूरथला**
**पंजाब** कांग्रेस में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह बाजवा तथा पूर्व प्रदेश कांग्रेस प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू के बीच घमासान पर पंजाब प्रदेश कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। वड़िंग ने कहा कि कांग्रेस में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी हो उस पर कार्रवाई होगी। वड़िंग शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस द्वारा आप सरकार के खिलाफ चल रहे धरने प्रदर्शन के क्रम में कपूरथला पहुंचे थे।

# दिल्ली में प्रदूषण बढ़ते ही फिर लगे ग्रैप-3 के प्रतिबंध

स्थिति को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेप तीन के आठ सूत्री प्रतिबंध लागू कर दिया

**दमघोंटू**

8 वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य सरकारों को स्कूलों का संचालन आनलाइन करने का निर्देश दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा है। दो दिन थोड़ी राहत के बाद प्रदूषण स्तर बढ़ने से हवा की गुणवत्ता एक बार फिर 300 के पार पहुंच गया है। शुक्रवार की सुबह तो दिल्ली में एक्यूआई 450 दर्ज किया गया। स्थिति को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेप तीन के आठ सूत्री प्रतिबंध लागू कर दिया है। दोबारा प्रदूषण के स्तर बढ़ने पर दिल्ली-एनसीआर में निर्माण-कार्य और ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल से चलने वाले चार पहिया वाहनों पर पाबंदी लग गई है। साथ ही स्टोन क्रसर के संचालन पर रोक लगाई गई है। सबसे बड़ी बात है कि हवा गुणवत्ता और खराब होने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली और एनसीआर से संबंधित राज्य सरकारों को स्कूलों का संचालन आनलाइन करने का निर्देश दिया है।



# सुप्रीम कोर्ट में इस साल दर्ज केस से ज्यादा का निपटारा

यह 6 साल में सबसे ज्यादा, 52 हजार फैसले आए, पिछले साल से 31% ज्यादा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने 2023 में कुल 52 हजार 191 मामलों को निपटाया है। पिछले साल शीर्ष कोर्ट ने 39 हजार 800 मामले निपटाए थे। इस साल कोर्ट ने पिछले साल की तुलना में 12 हजार (31.13%) ज्यादा मामलों को निपटाया। यह पिछले 6 साल में सबसे ज्यादा है। हालांकि, 6 साल पहले कितने केस निपटाए गए थे, सुप्रीम कोर्ट ने ये आंकड़ा नहीं दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने ये जानकारी शुक्रवार (22 दिसंबर) को प्रेस रिलीज जारी करके दी है। इसमें 1 जनवरी 2023 से 15 दिसंबर तक का डेटा सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट में इस साल 49,191 मामले सुनवाई के लिए आए थे। कोर्ट ने इस साल बैकलॉग के 3 हजार मामलों को भी निपटाया है। कोर्ट ने इसका श्रेय नई टेक्नोलॉजी को अपनाने और ज्यूडिशियल सिस्टम में हुए रिफॉर्म को दिया है।

**कैसे बढ़ी सुप्रीम कोर्ट की केस निपटाने की रफ्तार?**
सुप्रीम कोर्ट ने प्रेस रिलीज में दावा किया कि सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ज्यूडिशियल सिस्टम को स्ट्रीम लाइन किया है। पहले केस के दाखिल होने के बाद उसकी सुनवाई में 10 दिन लगते थे। अब सुनवाई 5 या 7 दिन के अंदर हो जाती हैं। अब जमानत और अग्रिम जमानत के मामले एक दिन में या फिर तत्काल सुनवाई पर लगा दिए जाते हैं। इससे केस निपटाने की रफ्तार बढ़ी है।



**निपटाया**

8 सुप्रीम कोर्ट ने ये जानकारी शुक्रवार (22 दिसंबर) को प्रेस रिलीज जारी करके दी है

**सुप्रीम कोर्ट में 80 हजार से ज्यादा केस पेंडिंग:** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार (15 दिसंबर) को संसद में बताया था कि देश की अदालतों में 5 करोड़ से ज्यादा केस पेंडिंग हैं।

# 'संसद में बहस के दौरान जाति का उल्लेख गलत'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल किए जाने के मामले में सियासत गरमा गई है। सभापति के अपमान के विरोध में भाजपा लगातार विपक्षियों पर निशाना साध रही है। हालांकि, इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने इस बात पर अफसोस जताया कि संसद में महत्वपूर्ण विषय पर हो रही बहस में जाति को बीच में लाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि संसद में गंभीर बहस के दौरान जाति का उल्लेख किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने लोगों से 21वीं सदी में छोटी सोच से आगे बढ़ने का आग्रह किया।




**यह है मामला:** गौरतलब है, 19 दिसंबर को विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस के निलंबित सांसद कल्याण बनर्जी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करते दिखे थे। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी बनर्जी का वीडियो बनाते दिखाई दिए थे। इस पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने तृणमूल सांसद की आलोचना की थी। नाराज धनखड़ ने कहा था कि यह शर्मनाक, हास्यास्पद, अस्वीकार्य है कि एक सांसद मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना की वीडियोग्राफी कर रहा है।

## पहाड़ों में बारिश-बर्फबारी के आसार

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मौसम** के बदले मिजाज के चलते प्रदेश भर में सर्दियों में बारिश के आंकड़ों में कमी दर्ज की जा रही है। यही वजह है कि दिन और रात के तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। लेकिन प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। बारिश व बर्फबारी का असर राज्य भर में दिन के तापमान में भी देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जिले के कुछ हिस्सों के साथ तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश व बर्फबारी के आसार हैं।

# बजरंग पूनिया ने पद्मश्री पुरस्कार लौटाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बजरंग ने पद्म पुरस्कार लौटाने का एलान करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। इस खत की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बजरंग ने लिखा "मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूं। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरा स्टेटमेंट है।" बजरंग पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए खत में लिखा "माननीय प्रधानमंत्री जी, उम्मीद है कि आप स्वस्थ होंगे। आप देश की सेवा में व्यस्त होंगे। आपकी इस भारी व्यस्तता के बीच आपका ध्यान हमारी कुश्ती पर दिलवाना चाहता हूं। आपको पता होगा कि इसी साल जनवरी महीने में देश की महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ पर काबिज बृजभूषण सिंह पर सेक्सुएल हरासमैंट के गंभीर आरोप लगाए थे, जब उन महिला पहलवानों ने अपना आंदोलन शुरू किया तो मैं भी उसमें शामिल हो गया था। आंदोलित पहलवान जनवरी में अपने घर लौट गए, जब उन्हें सरकार ने ठोस कार्रवाई की बात कही। लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी जब बृजभूषण पर एफआईआर तक नहीं की तब हम पहलवानों ने अप्रैल महीने में दोबारा सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया ताकि दिल्ली पुलिस कम से कम बृजभूषण सिंह पर एफआईआर दर्ज करे, लेकिन फिर भी बात नहीं बनी तो हमें कोर्ट में जाकर एफआईआर दर्ज करवानी पड़ी। जनवरी में शिकायतकर्ता महिला पहलवानों की गिनती 19 थी जो अप्रैल तक आते आते 7 रह गई थी।




**निशाने पर**

प्रदेश की आर्थिक स्थिति कुछ ठीक होते ही पुलिस की डाइट मनी को बढ़ाया जाएगा: सीएम

# 'दो सालों में 4032 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च करने में नाकाम रही पूर्व भाजपा सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला/चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के वित्तीय वर्षों में 4032 करोड़ रुपए से अधिक की बजट आर्वंटित राशि खर्च करने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि इस राशि में विभिन्न विभागों को अनुदान के तहत मिली रकम भी शामिल है। सुक्खू ने कहा कि अनुसूचित जाति का हितैषी होने का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार 2020-21 में अनुसूचित जाति विकास योजना के तहत आर्वंटित 408.35 करोड़ रुपए तथा 2021-22 में 611.26 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं कर सकी। इसी तरह अनुसूचित जाति विकास योजना के तहत 2021-21 में आर्वंटित की गई 361.65 तथा 2021-22 में 373.40 करोड़ रुपए की रकम खर्च नहीं की गई। मुख्यमंत्री शुक्रवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान निर्दलीय होशयार सिंह द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार को केंद्र ने धन नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इससे अधिक राशि केंद्र से मौजूदा सरकार लेकर आ रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार के मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे भाजपा सदस्यों को यह मालूम नहीं कि उनकी सरका के वक्त श्रम एवं रोजगार विभाग में 117.78 करोड़ रुपए तथा 2021-22 में 21.99 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में 2020-21 में 45.03 करोड़ तथा 2021-22 में 165.51 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं हुई। वन विभाग में 2020-21 और 2021-22 क्रमशः 68.60 करोड़ तथा 58.72 करोड़ रुपए की रकम खर्चा नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में इसी अवधि के दौरान 465.16 तथा 360.19 करोड़ रुपए की रकम सरकार खर्च नहीं कर सकी। पुलिस विभाग में उक्त दोनों वित्तीय वर्षों में क्रमशः 245.05 करोड़ तथा 91.62 करोड़ रुपए की रकम खर्च नहीं हुई।



**साधा निशाना**

8 पुलिस विभाग में दोनों वित्तीय वर्षों में क्रमश: 245.05 करोड़ तथा 91.62 करोड़ रुपए की रकम खर्च नहीं हुई

# 'धीरज की कंपनी ने छिपाई बेहिसाब आमदनी'

आयकर विभाग का बड़ा बयान, डिजिटल डेटा भी किया गया जब्त

**टीम एक्शन इंडिया/रांची।**
**झारखंड** से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के परिवार से जुड़े झारखंड, ओडिशा और बंगाल के ठिकानों पर पिछले दिनों की गई छापेमारी और नोटों की भारी बरामदगी के संबंध में आयकर विभाग ने आधिकारिक रूप से जानकारी दी। विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि देसी शराब के निर्माण और व्यवसाय से जुड़े इस व्यावसायिक समूह के ठिकानों पर छापेमारी के क्रम में आयकर विभाग को बड़ी संख्या में आपत्तिजनक साक्ष्य मिले हैं।

**कई दस्तावेज और डिजिटल डेटा भी जब्त:** छापेमारी के क्रम में कई दस्तावेज और डिजिटल डेटा भी जब्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों का प्रारंभिक विश्लेषण करने से देसी शराब की बेहिसाब बिक्री के रिकार्ड का पता चला है, जिसकी आय छिपाई गई है। इसके साथ ही कंपनी संचालकों को होने वाली अघोषित नकदी आय और बेहिसाब नकदी की आवाजाही का भी विवरण मिला है। समूह की व्यावसायिक गतिविधियों को देखने वाले मुख्य कर्मचारियों ने यह स्वीकार भी किया है और तलाशी अभियान के दौरान मिली और जब्त की गई नकदी इसे प्रमाणित भी करती है। इस समूह अपनी कई व्यावसायिक संस्थाओं के माध्यम से आय होती है। इसकी पुष्टि परिवार के एक सदस्य ने की जो व्यवसाय में सक्रिय रूप से शामिल है। तलाशी अभियान के दौरान सामने आए तथ्यों से संकेत मिलता है कि शराब के कारोबार से होने वाली भारी आय को समूह ने आयकर विभाग से छिपाया है। तलाशी अभियान के दौरान 351 करोड़ रुपये से अधिक अघोषित नकदी भी जब्त की गई है।



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अजय कुमार**, पुत्र श्री धुरंधर राम, पताः ए-580, जेजे कॉलोनी, निरंकारी टॉवर के समीप, शाहबाद डेयरी दिल्ली, ने **FIR No. 2913/2019, U/s 138 NI Act** थाना दक्षिणी रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजय कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 2913/2019, U/s 138 NI Act** थाना दक्षिणी रोहिणी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाली श्रीवास्तव,
महानगर दण्डाधिकारी,
उत्तर पश्चिम, कमरा नं. 107, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/14601/RD/2023

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82242914 | ओपन और लैप सर्जरी के लिए हार्मोनिक के साथ निश्चित हाथ के टुकड़ों के बराबर हार्मोनिक ऐस 36 सेमी (7 मिमी वेसल सीलिंग) | 80 | 16.01.2024 |
| 02 | 82243868 | डिस्पोजेबल आर्टिकुलेटिंग एंडोस्कोपिक लीनियर कटर कार्ट्रिज डिस्पोजेबल आर्टिकुलेटिंग एंडोकटर निश्चित कटिंग लंबाई निश्चित शाफ्ट लंबाई शाफ्ट लंबाई के साथ। बीआईएस/ यूएसएफडीए स्वीकृत | 300 | 16.01.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल स्वीकृत नहीं की जाएगी।

दिनांक : 21.12.2023 3993/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 76/2023-2024 दिनांक 15/12/2023
ii) निविदा संख्या 15235238 16/01/2024 को देय है।

01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में पात्रता मानदंड बदल दिया गया।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 4010/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2023-2024 दिनांक 06/12/2023
ii) निविदा संख्या 15235234 22/01/2024 को देय है।

01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में पात्रता मानदंड बदल दिया गया।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 4009/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः वि/मु श0 प0/प्रयागराज/ई टेंडर सूचना/2023/28
दिनांकः 20.12.2023

### ई-निविदा सूचना (गति शक्ति यूनिट)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर / गति शक्ति यूनिट / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा **दिनांक-16.01.2024 समय 15:00 बजे** तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :-

| निविदा संख्याः GSU-EL-WC-35-2023 | कार्य की लागत (रु. में): ₹ 3656729.45 |
|---|---|
| कार्य का नामः टूंडला, गोविंदपुरी, अनवरगंज, मिर्ज़ापुर और विंध्याचल स्टेशनों पर 100 केएलडी एसटीपी की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और संबंधित कार्यों के लिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य। | |
| बिड सिक्योरिटी (रु. में): ₹ 73100.00 | कार्य समाप्त करने की समयावधिः 06 माह |

**निविदा खुलने की तिथिः** 16.01.2024, समय - 15:00 बजे। **नोटः-** (1) उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2080/23(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा (ई-रिवर्स नीलामी) आमंत्रित करते हैं-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | तिलक ब्रिज और आनंद विहार रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में चैनेज 1300 से 7060 के बीच (पुल सं. 31 और 32-ए तथा मंडावली रेलवे स्टेशन को छोड़कर) भूमिगत कार्य, कटिंग, पार्श्विक संयोजन ब्लैंकेटिंग का प्रावधान, छोटे पुलों का निर्माण, सीआई/डी आई पानी की मेन पाइप लाइन की शिफ्टिंग, रिटेनिंग वॉल, नाली का निर्माण और अन्य संबद्ध कार्य। |
| 2. | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रुपये 14954.75 लाख |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 16 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली ब्यानाती राशि | रुपये 76,27,400/- |
| 5. | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 21.12.2023 से 30.01.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6. | बोली पूर्व सम्मेलन | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली में एवं ऑनलाइन के माध्यम से भी दिनांक 03.01.2024 को 11:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। |
| 7. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 30.01.2024 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 16.01.2024 से 30.01.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 8. | ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11:30 बजे दिनांक 30.01.2024 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

सं0-74-डब्ल्यू/1/2/397/डब्ल्यूए/तिलक ब्रिज-। दिनांक-21.12.2023 4001/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गाजियाबाद में चार हेक्टेयर जमीन पर बनी अवैध झुग्गियों पर चला बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियाबाद।** प्रताप विहार में हरित पट्टी की चार हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर बनाई गई दुकानों, झुग्गियों को शुक्रवार को नगर निगम के प्रवर्तन दल ने बुलडोजर से तोड़ दिया गया। यहां पर जल्द ही पौधों को रोपकर हरित पट्टी को विकसित करने का कार्य किया जाएगा।

**दोबारा अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई :** नगर निगम की टीम ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। कब्जामुक्त कराई गई हरित पट्टी की जमीन को विकसित करने के लिए उद्यान विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रताप विहार में हरित पट्टी की जमीन को नगर निगम ने दो साल पहले कब्जामुक्त कराया था, उस वक्त हरित पट्टी की न तो चारदीवारी की गई न ही उसके संरक्षण के लिए उचित कदम उठाए गए। इस वजह से दोबारा से उस पर अतिक्रमण कर लिया गया। दैनिक जागरण ने प्रताप विहार में हरित पट्टी की करोड़ों रुपये की जमीन पर कब्जा शीर्षक के साथ इस मामले को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद संपत्ति विभाग के अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने के लिए उद्यान विभाग से पत्र न मिलना भी एक वजह बताई तो हरित पट्टी से कब्जा हटाने के लिए उद्यान विभाग के पत्र का इंतजार शीर्षक से खबर प्रकाशित की। जिस पर अपर नगर आयुक्त अरुण यादव ने संज्ञान लिया और जांच कराई तो मौके पर अवैध निर्माण करने और अतिक्रमण करने की पुष्टि हुई तो अतिक्रमण हटाने की तारीख निश्चित कर विजयनगर के जोनल प्रभारी को अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र प्रेषित किया।



**30 से अधिक झुग्गियों पर चला बुलडोजरः** नगर निगम के प्रवर्तन दल के प्रभारी कर्नल दीपक शरण ने बताया कि शुक्रवार को विजयनगर जोनल प्रभारी विवेक त्रिपाठी और पुलिस की मौजूदगी में नगर निगम की टीम ने मौके पर जाकर बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण और 30 से अधिक झुग्गियों को तोड़ा गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताया लेकिन उनको समझाकर शांत कर दिया गया।

## किशोरी को किडनैप करके किया हैवानियत, दोषी को 14 साल कैद

**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियाबाद।** ट्रानिका सिटी थानाक्षेत्र के अपहरण कर किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने 14 साल कैद की सजा सुनाई। इस मामले में अदालत ने घटना के 11 माह 17 दिन बाद फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी पर 28 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक संजीव बखरवा ने बताया कि ट्रानिका सिटी थानाक्षेत्र में एक किशोरी स्वजन के साथ रहती है। पांच जनवरी 2023 को वह ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। तभी रास्ते में राजा ने उसका अपहरण किया और दोस्त के कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया।

## इधर गूंजेगी किलकारी; उधर खाते में पैसे होंगे जारी

**गाजियाबाद।** इधर गूंजी किलकारी और उधर खाते में धनराशि होगी जारी। जी हां, बात चल रही है जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले अनुदान की। अब इसके लिए महीनों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शिशु का जन्म प्रमाण पत्र भी अस्पाल से छुट्टी के समय देना होगा। इस संबंध में सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने जिला महिला चिकित्सालय, संयुक्त जिला चिकित्सालय संजय नगर और संयुक्त जिला चिकित्सालय लोनी समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप-स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र सं. (1) ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी-बीएसपी-टी-95-23-24, दिनांक 14-12-2023

कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/(मध्य)/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक मशीनी कारण कार्यों जैसे टी.आर.आर., टी.टी.आर., टी.एस.आर., एसईजे, स्विच एक्सपेंशन आदि का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु) 3,23,74,121.13/- अमानत राशि (रु). 3,14,980.30/- कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह। निविदा जमा की आरंभ तिथिः दिनांक 01-01-2024 के 11.00 बजे से। निविदा जमा की अंतिम तिथिः दिनांक 15-01-2024 के 11.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov. वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभि.)
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआरओ/10/943

South East Central Railway @secrail

## पूर्वोत्तर रेलवे
### खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :- ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2023-233, कार्य का नामः लखीमपुर फतेहपुर स्टेशन यार्ड में मशीन से ढोई हुई ट्रैक बैलास्ट के आरडीएसओ के स्पेसिफिकेशन आई.आर.एस.-जी.ई.-1, जून 2016 (अद्यतन शुद्धि पर्ची के साथ) के अनुसार प्राइवेट क्वैरी से स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति एवं रेलवे के वैगनों में लदाई का कार्य। **अनुमानित लागत (रु)** : 207649689.52, **अग्रिम धन (रु)** : 1188300.00, **समापन अवधि** - 12 माह। 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2023-233 तक के लिये ई-निविदा दिनांक 10.01.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा को खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग,
पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

जनसं/डब्ल्यू - 484

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## उत्तर रेलवे

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली 110001
Mail ID: salenr365@gmail.com

संख्याः 117-एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2023-24 दिनांकः 21.12.2023

### नीलामी सूचना सं०-जनवरी-2024

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई-नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्ही सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

जनवरी 2024 की ई-नीलामी

| क्र. सं० | नीलामी करने वाला डिपो | समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण | षष्ठ चरण | सप्त चरण | अष्ट चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 10.00 | 1 | 6 | 11 | 13 | 18 | 20 | 27 | 31 |
| 2 | शकूरबस्ती 011-27015387 | 10.00 | 3 | 6 | 10 | 13 | 18 | 20 | 27 | 31 |
| 3 | जगाधरी 01732-252388 | 10.00 | 2 | 6 | 9 | 13 | 16 | 20 | 27 | 31 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522-2234756 | 10.00 | 2 | 5 | 9 | 12 | 16 | 22 | 25 | 31 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632-244154 | 11.00 | 4 | 8 | 12 | 16 | 19 | 23 | 29 | 31 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171-2611203 | 11.00 | 3 | 5 | 10 | 15 | 18 | 22 | 25 | 31 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591-2413141 | 10.00 | 4 | 8 | 12 | 16 | 19 | 23 | 29 | 31 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011-23365311 | 11.00 | 1 | 5 | 11 | 15 | 18 | 22 | 25 | 31 |

नोटः नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे 1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 3. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई-नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें।

4011/2023 (अनिल कुमार राय) उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बिजेंद्र कुमार उर्फ भोला, पुत्र मुकेश निवासी मकान नंबर 272, गली नंबर 10, रतन विहार, किराड़ी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 242/16 भा.द.सं. की धारा 363 के तहत, थाना अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **बिजेंद्र कुमार उर्फ भोला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **बिजेंद्र कुमार उर्फ भोला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 242/16 भा.द.सं. की धारा 363 के तहत, थाना अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बिजेंद्र कुमार उर्फ भोला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.01.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री नवदीप गुप्ता
एलडी. महानगर दण्डाधिकारी
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

दि.पु./14724/रोहिणी जिला/2023

## उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2023-2024 दिनांक 06/12/2023
ii) निविदा संख्या 15235183 17/01/2024 को देय है।

01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में पात्रता मानदंड बदल दिया गया।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 4008/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## गुमशुदा की तलाश



रजब अली

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** रजब अली **पुत्रः** बदलू हसन **निवासीः** मकान नं. डी-21, गली नं. 9, ब्रह्मपुरी, दिल्ली जो दिनांक 08.10.2023 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डी.डी. सं. 46ए दिनांक 27.11.2023 थाना वेलकम, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:-

**उम्रः** 40 वर्ष, **कदः** 5'3", **रंगः** सांवला, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **कपड़ेः** काले रंग की शर्ट व गुलाबी रंग का लोवर तथा पैरों में चप्पल पहने हुये है।

यदि किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। ई-मेल आईडी-cic@cbi.gov.in वेबसाईट http://cbi.nic.in

फोनः 011-24368638,24368641
फैक्स नं.:011-24368639
DP/14500/NE/2023

थानाध्यक्ष
थाना वेलकम, दिल्ली
उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली
दूरभाष सं. 7217646200, 8810282522

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त गजेन्दर उर्फ गजिन्दर**, पुत्र **सरबजीत सिंह**, पताः सी-65, गौतम नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 1070/2021, U/s 323/354/506/509/34 IPC** थाना मुण्डका, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गजेन्दर उर्फ गजिन्दर** मिल नही रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गजेन्दर उर्फ गजिन्दर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1070/2021, U/s 323/354/506/509/34 IPC** थाना मुण्डका, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **गजेन्दर उर्फ गजिन्दर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनिशा बिश्नोई,
महानगर दण्डाधिकारी- 05, महिला कोर्ट,
जिला पश्चिम, कमरा नं. 353, तृतीय तल,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/14451/OD/2023


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# राजोरी-पुंछ में करीब 30 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय

## सूत्रों ने कहा कि पुंछ और राजोरी क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन द्वारा आतंकवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की साजिश रची गई है

**नापाक हरकत**

**8 पुंछ-राजोरी सेक्टर में 25 से 30 पाकिस्तानी आतंकवादी के सक्रिय होने का संदेह है**

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू कश्मीर**
**कश्मीर** घाटी में लगातार मिल रही विफलताओं के बाद से पाकिस्तान बौखलाहट में है। सीमा पार बैठे आतंकी जम्मू संभाग के पुंछ और राजोरी में आतंकवाद को फिर जीवित करने की साजिश रच रहे हैं। रक्षा सूत्रों की मानें तो पुंछ-राजोरी सेक्टर में 25 से 30 पाकिस्तानी आतंकवादी के सक्रिय होने का संदेह है। माना जा रहा है कि इस सेक्टर में फैले घने जंगल और प्राकृतिक गुफाओं को आतंका अपना ठिकाना बना रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि पुंछ और राजोरी क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन द्वारा आतंकवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की साजिश रची गई है, ताकि भारतीय सेना पर लद्दाख सेक्टर से सैनिकों को हटाने और इस क्षेत्र में बलों को फिर से तैनात करने के लिए दबाव बनाया जा सके।

सूत्रों ने कहा, 'लगभग 25-30 पाकिस्तानी आतंकवादी सुरक्षा बलों पर हमले करने के लिए पुंछ-राजोरी सेक्टर के घने जंगली इलाकों में छिपे हुए हैं। भारत ने 2020 में चीन के साथ बिगड़े हालातों के बीच राष्ट्रीय राइफल्स की यूनिटों को पुंछ सेक्टर से हटाकर लद्दाख में स्थानांतरित कर दिया था। पिछले वर्षों में जब से सेना लद्दाख ऑपरेशन के लिए रवाना हुई है। इस बीच पाकिस्तान ने भारतीय सैनिकों के खिलाफ हमले करने के लिए पाकिस्तान से अपने आतंकवादियों को राजोरी-पुछ क्षेत्र में भेजना शुरू कर दिया, ताकि भारत को क्षेत्र में अपने सैनिकों को फिर से तैनात करने के लिए मजबूर किया जा सके। भारतीय सेना ने हाल ही में आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए एक और ब्रिगेड को तैनात किया था और क्षेत्र में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान-चीन गठजोड़ है कि भारत को जम्मू-कश्मीर सेक्टर से बाहर न निकलने दिया जाए और लद्दाख सेक्टर में सैनिकों को और अधिक तैनात न किया जा सके। लद्दाख पीएलए और भारतीय सेनाओं के बीच पिछले तीन वर्षों से गतिरोध है। जम्मू संभाग के जिला पुंछ और राजोरी में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान चल रहा है।





### घायल जवान ने किया खुलासा- सड़क किनारे खड़े थे आतंकी

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
**जिले** के सावनी इलाके में सैन्य वाहनों पर हमला करने वाले आतंकी सड़क किनारे खड़े थे। सैन्य वाहन में सवार जवानों ने समझा कि बकरी चराने वाले इलाके के लोग होंगे। इसी गफलत में इतना बड़ा हमला हो गया। यह खुलासा हमले में बचे घायल एक जवान ने किया है। घायल जवान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि भाटादूड़िया में 20 अप्रैल को हमले के बाद से सेना की ओर से पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। लगातार इलाके में कॉबिंग जारी है। उन्होंने बताया कि दो वाहनों के साथ अन्य जवानों को तलाशी अभियान वाले इलाके में लाया जा रहा था। तभी सावनी इलाके में लोग सड़क किनारे खड़े दिखे। वाहन के नजदीक पहुंचते ही उन्होंने ग्रेनेड हमला किया। अचानक हुए हमले से जवानों को संभलने का मौका तक नहीं मिला तभी उन्होंने वाहनों को घेरकर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। हालांकि, वाहन में सवार जवानों की ओर से भी फायरिंग की गई। सूत्रों ने बताया कि हमले में दो पोर्टर भी घायल हुए हैं।

# 'वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे यही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मूल उद्देश्य'



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
राज्यपाल मंगुभाई पटेल शुक्रवार को सीहोर ज़िले के धामंदा गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य पात्रों और वंचितों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई। राज्यपाल पटेल ने कहा कि हर भारतीय को देश की महानता पर गर्व होना चाहिए। हर नागरिक संकल्प यात्रा की शपथ का प्रतिदिन मनन करें। उसके अनुसरण का पुरजोर प्रयास करें। राज्यपाल ने सभी से स्वच्छता को दैनिक जीवन का अंग बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने इंदौर जिले का उदाहरण देते हुए कहा कि सभी अपने घरों और गांवों को स्वच्छ बनाने का प्रयास करें। राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में लाभांवित हितग्राहियों के अनुभव सुनना सुखद अनुभव है।

# जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने फोड़ा सियासी बम!

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने 2024 के चुनाव से पहले बड़ा दांव चल दिया है। प्रशांत किशोर ने एक कहा कि उनकी विचारधारा कांग्रेस के काफी करीब है। प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि अब कांग्रेस को तय करना है कि वो उनके साथ काम करना चाहती है या नहीं। प्रशांत किशोर के इस बयान से सियासी भूचाल आना तय है। प्रशांत किशोर इस समय पूरे बिहार में जन सुराज यात्रा निकाल रहे हैं। आए दिन वो तमाम दलों को निशाने पर ले रहे हैं। लालू-तेजस्वी पर जमकर निशाना साध रहे हैं। हालांकि, अब कांग्रेस को लेकर उन्होंने जो कहा है कि इससे नई सियासी पिच जरूर तैयार होगी। इस बीच कांग्रेस की ओर से भी प्रशांत किशोर के बयान पर रिएक्शन आ गया है।

कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने कहा कि हम प्रशांत किशोर के इस बयान का स्वागत करते हैं कि वो कांग्रेस की विचारधारा के साथ हैं और राहुल गांधी और खरगे जी की विचारधारा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग भी कांग्रेस की विचारधारा के साथ काम करना चाहते हैं, उनके लिए दरवाजे खुले हैं। अब ये तो प्रशांत किशोर जी को सोचना है कि उन्हें क्या करना है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रशांत किशोर मानते हैं कि इस देश को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही आगे बढ़ा सकती है। कांग्रेस पार्टी एक खुला मंच है और राहुल गांधी जी ने स्पष्ट कह दिया है किसी भी विचारधारा के व्यक्ति अपनी विचारधारा को छोड़ कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को अपनाते हैं तो हम उनका स्वागत करते हैं।



**सियासी भूचाल**

**8 वो कांग्रेस की विचारधारा के काफी करीब हैं। पीके के बयान पर कांग्रेस और बीजेपी ने भी रिएक्शन दिया**

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी समेत परिवार के आठ लोगों को नोटिस

**मुजफ्फरनगर:** फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के परिवार की एक सौ करोड़ रुपये की संपत्ति के विवाद में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत ने अभिनेता की मां और प्रतिवादी सभी बहन-भाइयों को नोटिस जारी किए गए हैं। सिविल जज सीनियर डिवीजन में अगली सुनवाई सात मार्च को होगी। अभिनेता के भाई शमाशुद्दीन ने 17 नवंबर 2023 को संपत्ति बंटवारे के लिए अदालत में वाद दायर किया था। वादी के अधिवक्ता खुर्शीद फारूकी ने बताया कि शुक्रवार को प्रकरण की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन में हुई। प्रतिवादी अदालत में हाजिर नहीं हुए।



केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी एक कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# पंजाब में फिर एनकाउंटर



**टीम एक्शन इंडिया/तरनतारन**
**तरनतारन** में गुरुवार रात को पुलिस एनकाउंटर हुआ। सीआईए स्टाफ की टीम और गैंगस्टर व उसके साथी के बीच फायरिंग हुई। जिसमें गैंगस्टर को गोलियां लगी। इसके बाद उसे और उसके साथी को पुलिस ने पकड़ लिया। गैंगस्टर को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पकड़े गए गैंगस्टर की पहचान चरणजीत उर्फ राजू शूटर निवासी गांव संघा के रूप में हुई है। जबकि उसके साथी की पहचान परमिंदरदीप सिंह निवासी गांव इब्बन के रूप में हुई है। देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि राजू शूटर अपने साथी के साथ बाइक पर वारदात को अंजाम देने के लिए इलाके में घूम रहा है। पुलिस ने सूचना के बाद गुरुद्वारा बीड साहिब से गांव कसेल को जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी कर दी। इसी दौरान बाइक पर दो लोग आए। दोनों को रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने पुलिस पर चार गोलियां चला दीं। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। जिसमें एक बदमाश को दो गोलियां लगी। जानकारी के मुताबिक गैंगस्टर राजू शूटर पर 8 मामले दर्ज हैं। उसने दो माह पहले गांव ढोटीया में सरकारी बैंक लूटने में विफल रहने पर एएसआई बलविंदर सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया था। डीएसपी तरसेम मसीह ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गाड़ी पर भी 2 गोलियां लगी हैं।

**फायरिंग**

**8 डीएसपी तरसेम मसीह ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गाड़ी पर भी 2 गोलियां लगी हैं**

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर में पुस्तक मेला का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/चम्पावत**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदर्श चंपावत जिले की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से शुक्रवार को टनकपुर में तीन दिवसीय द्वितीय पुस्तक मेला-2023 प्रारम्भ हुआ। टनकपुर के राम रतन लाल भगवत शरण अटल उत्कृष्ट आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चलने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री धामी ने द्वितीय पुस्तक मेले का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय पुस्तक मेला के आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहिताश अग्रवाल और सचिव नवल किशोर तिवारी ने बताया कि पुस्तक मेले में 24 प्रकाशकों, लेखकों के स्टॉल लगाये गए हैं, जिसमें 2 स्टॉल मित्र देश नेपाल से भी लगे हैं। द्वितीय पुस्तक मेला का मुख्य आकर्षण अनोखी बाल कार्यशाला, प्रसिद्ध हस्तियों से सीधी बातचीत, विज्ञान के रहस्य, भूगोल एवं इतिहास आदि विषयों के 3डी मॉडल, प्रकृति दर्शन, जनजाति जीवन, सांस्कृतिक संध्या एवं अन्य रोचक कार्यक्रम रहेंगे।

कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करने के पश्चात मुख्यमंत्री धामी ने पुस्तक मेला आयोजन समिति को द्वितीय पुस्तक मेला के आयोजन के लिए बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला आयोजन समिति टनकपुर द्वारा प्रतिवर्ष पुस्तक मेले की यह अनूठी परंपरा प्रारंभ की गयी है यह निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में एक मील के पत्थर का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक मेला शिक्षा, संस्कृति, विज्ञान, अध्यात्म, संगीत, कला आदि के संगम की अनूठी पहल है। यह पुस्तक मेला निश्चित रूप से इस क्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि समस्त उत्तराखंड के लिए एक मार्ग बनाने का कार्य करेगी। धामी ने कहा कि इस प्रकार के पुस्तक मेलों से जहां एक ओर उत्तराखंड में ज्ञान की परंपरा विकसित होगी वहीं दूसरी ओर साहित्यकारों व लेखकों आदि को भी एक मंच प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पुस्तक मेले का विषय नशा छोड़ें, पुस्तक चुनें है। हमें अपनी भावी पीढ़ी व युवाओं को नशे को ना और पुस्तकों को हां के लिए प्रेरित करना है। जिसके लिए यह पुस्तक मेला एक सकारात्मक माध्यम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने बहुउद्देशीय क्षेत्रीय साधन सहकारी समिति टनकपुर के माध्यम से छह लाभार्थियों को 8.40 लाख के चेक वितरित किए। जिनमें गैड़ाखाली निवासी नरेंद्र सिंह भंडारी पुत्र दीवान सिंह, हिमांशु बागी पुत्र भुवन चंद, किशन राम पुत्र रंजीत राम, सुनील कुमार पुत्र मोहन राम के अलावा तलियाबांज निवासी चंद्रावती पत्नी हीरा बल्लभ और कलीगूंठ निवासी चिंतामणि तिवारी पुत्र ईश्वरी दत्त तिवारी को चेक वितरित किए।



**पुस्तक मेला**

**8 हमें अपनी भावी पीढ़ी व युवाओं को नशे को ना और पुस्तकों को हां के लिए प्रेरित करना है : सीएम**

# बंगाल के वित्तीय घोटाले की जांच के लिए कोलकाता पहुंचे सीबीआई अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अतिरिक्त निदेशक मनोज शशिधर कथित तौर पर राज्य में वित्तीय घोटालों के विभिन्न मामलों में केंद्रीय एजेंसी की जांच प्रगति समीक्षा करने के लिए कोलकाता पहुंचे हैं। वह नौकरी घोटाला, कोयला तस्करी और मवेशी तस्करी सहित अन्य मामलों की समीक्षा करेंगे। सूत्रों ने कहा कि वह गुरुवार रात कोलकाता पहुंचे और शुक्रवार सुबह सीबीआई के निजाम पैलेस कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने संबंधित वित्तीय घोटालों की जांच का नेतृत्व कर रहे एजेंसी के जांच अधिकारियों के साथ बैठकें की। सूत्रों ने कहा कि शशिधर का अचानक शहर में आगमन महत्वपूर्ण है क्योंकि केंद्रीय एजेंसियां वर्तमान में वित्तीय घोटाले के विभिन्न मामलों में जांच को खत्म करने और पूरी करने के लिए समय से जूझ रही हैं। इस संबंध में केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर दबाव तब और बढ़ गया है जब सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में सीबीआई को बंगाल में स्कूल के बदले नौकरी मामले में चल रही जांच को एक निश्चित अवधि के भीतर बंद करने का आदेश दिया। सूत्रों ने बताया कि यह दूसरी बार है, जब शशिधर इस साल कोलकाता आये हैं। इससे पहले जुलाई में संयुक्त निदेशक के पद से एजेंसी के अतिरिक्त निदेशक के रूप में पदोन्नत होने के तुरंत बाद उन्होंने शहर का दौरा किया था। सूत्रों ने बताया कि उस समय भी उन्होंने राज्य में विभिन्न वित्तीय घोटालों की जांच के संबंध में सीबीआई के जांच अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठकें की थी।

**जांच की आंच**

**8 उस समय भी उन्होंने राज्य में विभिन्न वित्तीय घोटालों की जांच के संबंध में सीबीआई के जांच अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठकें की थी**

# हिमाचल: कई भागों में मौसम खराब, बारिश-बर्फबारी के आसार



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/कुल्लू**
पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते हिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम बिगड़ गया है। कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में शुक्रवार सुबह से ही मौसम खराब बना हुआ है। इससे शीतलहर भी बढ़ गई है। वहीं, राजधानी शिमला में भी बादल छाए हुए हैं। कुल्लू व लाहौल के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सैलानियों को संवदेनशील क्षेत्रों की ओर न जाने की सलाह दी है। वहीं, सर्दी के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने 3,000 मीटर के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में ट्रैकिंग गतिविधियों पर रोक लगा दी है।

**मध्य व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार:** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ क्षेत्रों में 22 व 23 दिसंबर को बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों के दौरान चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला और सिरमौर जिले कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जबकि चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और किन्नौर के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है। इसके बाद राज्य में वर्षा की गतिविधि कम होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान औसत अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री व औसत न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। उधर, शिमला में न्यूनतम तापमान 11.0, सुंदरनगर 0.5, भुंतर 0.5, कल्पा 2.6, धर्मशाला 8.2, ऊना 2.7, नाहन 8.2, पालमपुर 5.0, सोलन 1.1, कांगड़ा 6.5, मंडी

**व्हाट्सएप आधारित**

## 'हम इस पहल के लिए व्हाट्सएप के साथ पहले ही साझेदारी कर चुके हैं: दिल्ली परिवहन मंत्री

# व्हाट्सएप बस टिकट सिस्टम दो महीने में हो सकती है शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार कुछ ही महीनों में अपनी व्हाट्सएप आधारित बस टिकटिंग प्रणाली शुरू करेगी। इस परियोजना का ट्रायल रन 15 दिनों में शुरू हो जाएगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, सिंगल-जर्नी टिकट सिस्टम भी पाइपलाइन में है, जिससे यूजर्स ऑटो, मेट्रो टिकट और बस टिकट बुक कर सकेंगे। गहलोत ने बताया, "हम इस पहल के लिए व्हाट्सएप के साथ पहले ही साझेदारी कर चुके हैं। इसमें कोई डिजिटल पैसा शामिल नहीं होगा। या तो आप एनसीएमसी कार्ड खरीदें या डिजिटल टिकट। इससे डिजिटल पैसा को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा।" हाल ही में सरकार ने एक बयान में कहा था कि दिल्ली में अनुमानित 40 लाख लोग बसों से यात्रा करते हैं और 2025 तक यह संख्या 60 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि डिजिटल टिकटिंग प्रणाली नकदी के लेन-देन में होने वाली चोरी पर अंकुश लगा सकेगी। अधिकारियों ने पहले बताया था कि व्हाट्सएप-आधारित बस टिकटिंग प्रणाली दिल्ली मेट्रो में इस्तेमाल होने वाली प्रणाली के जैसी ही काम करेगी। उन्होंने कहा, "हम 15 जनवरी के आसपास एक ट्रायल रन शुरू करने की योजना बना रहे हैं और उसके बाद इसे पूरी तरह से लॉन्च करने में हमें एक या दो महीने का समय लगेगा।" दिल्ली में 7,000 से ज्यादा सरकारी बसें चलती हैं, जिनमें 4,000 डीटीसी बसें और 3,000 क्लस्टर बसें शामिल हैं।

परिवहन मंत्री ने बताया कि सरकार सिंगल-जर्नी टिकट बुक करने के लिए एक अलग एप लॉन्च करने की भी योजना बना रही है।



**योजना पर काम**

**8 सरकार सिंगल-जर्नी टिकट बुक करने के लिए एक अलग एप लॉन्च करने की भी योजना बना रही है**

## श्रमजीवी एक्सप्रेस विस्फोट कांड में दो आतंकी दोषी करार

**जौनपुर :** 28 जुलाई 2005 को हुए श्रमजीवी विस्फोट कांड में बांग्लादेशी आतंकी हिलालुद्दीन व पश्चिम बंगाल के नफीकुल विश्वास को दोषी करार दिया गया है। शुक्रवार को अपर सत्र न्याधीश प्रथम राजेश राय की अदालत में दोनों को दोषी करार दिया गया। इस मामले में अब दो जनवरी को सजा सुनायी जाएगी। 28 जुलाई 2005 को सिंगरामऊ के हरपालगंज हरिहरपुर के पास श्रमजीवी एक्सप्रेस में आतंकियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में 14 लोग मरे थे व 18 लोग घायल हुए थे। मामले में ट्रेन में बम रखने वाले बांग्लादेशी आतंकी रोनी उर्फ आलमगीर एवं षड्यंत्र करने वाले आतंकी ओबैदुर्रहमान को वर्ष 2016 में अपर सत्र न्यायाधीश बुद्धीराम यादव ने मृत्युदंड की सजा सुनाया था।

# पिछले 10 सालों से ज्यादा से ज्यादा हो रहा गीता का प्रचारः शाह

## "प्रधानमंत्री मोदी ने वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की कामना की थी, जिसे सीएम मनोहर लाल ने 2016 में पूरा किया... भगवद की शिक्षाएं गीता भारत और दुनिया के सभी हिस्सों तक पहुंचनी चाहिए: अमित शाह

**गीता संदेश**

**8 धारा 370 समाप्त हो जानी चाहिए और भारत से कश्मीर को जुड़ जाना चाहिए: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह**

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**

**गीता** जयंती महोत्सव के अवसर पर 'संत सम्मेलन 2023' को संबोधित करते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी ने वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की कामना की थी, जिसे सीएम मनोहर लाल ने 2016 में पूरा किया... भगवद की शिक्षाएं गीता भारत और दुनिया के सभी हिस्सों तक पहुंचनी चाहिए। महोत्सव 2016 से बेहद सफल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंचे अमित शाह ने कहा कि धारा 370 समाप्त हो जानी चाहिए और भारत से कश्मीर को जुड़ जाना चाहिए। इस देश को पंथनिरपेक्ष बनाना है तो तीन तलाक जैसे कानून समाप्त होना चाहिए।

**पीएम मोदी ने कई बड़े फैसले लिए:** धारा 370 समाप्त हो चुकी है इसी के साथ साथ काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन महाकाल, केदारनाथ और बद्रीनाथ में लोग आराम से दर्शन कर पाएं यही हमारा उद्देश्य है। संसद के अंदर सेंगोल को स्थापित किया गया। ये सारे काम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में किया गया है।





## पवित्र ग्रंथ गीता एक सच्चा ग्रंथः अमित शाह

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** केन्द्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह वीरवार को गीता ज्ञान संस्थानम कुरुक्षेत्र में पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी सोनल शाह तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, योग गुरु बाबा रामदेव, अवधेशानंद गिरि महाराज, परमात्मानंद महाराज, बाबा राजेन्द्र दास महाराज, माधव प्रिय दास महाराज, निर्मलानंद महाराज, परम श्री ब्रह्मदेश्वरानंद दास महाराज सहित अन्य

**सराहना**

**8 गीता ज्ञान संस्थानम द्वारा जन-जन तक श्रीमद भगवद गीता का संदेश पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की**

संतों व जीयो गीता कार्यकारणी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री संदीप सिंह व विधायक सुभाष सुधा भी मौजूद रहे।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्रीश्री कृपा बिहारी मंदिर में माथा टेका और सभी देशवासियों के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक छोटी तथा बड़ी श्रीमदभगवत गीता भी भेंट की। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज तथा गीता ज्ञान संस्थानम द्वारा जन-जन तक श्रीमद भगवद गीता का संदेश पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रीमदभगवद गीता में जीवन की सभी समस्याओं का समाधान मिलता है यह एक सच्चा ग्रंथ है, जो कि हर उम्र के लिए एक नया संदेश व हर सभ्यता के लिए एक नया अर्थ लिए हुए हैं। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को गीता ज्ञान संस्थानम के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि मानसिक शान्ति के लिए श्रीमदभगवद गीता का संदेश एक बहुत बड़ा साधन हैं। श्रीमदभगवद गीता भगवान श्री कृष्ण के मुखारविन्द से निकली वाणी है जो समस्त मानव जाति के लिए एक संदेश है।

**बचपन से मां ने कराया गीता का पाठ**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उन्होंने जीवन में बहुत बड़े-बड़े उतार चढ़ाव देखे हैं, उनका कुछ स्वभाव ही ऐसा है, लेकिन वह कभी इन उतार चढ़ावों से निराश और दुखी नहीं हुए। उन्हें बचपन में ही उनकी मां गीता का ज्ञान सीखा दिया था, इस गीता के ज्ञान के उन्हें कभी निराश नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण भगवान ने युद्ध की भूमि में खड़े होकर मोह ग्रस्त अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था।

## भाजपा की सोच- देश की महान संस्कृति को आगे बढ़ानाः शाह

**गीता** में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कहा था कि यह युद्ध का समय है इस समय सामने कौन है यह नहीं देखा जा सकता, अब आपका धर्म है कि युद्ध करो। यह युद्ध स्वयं के के लिए नहीं है यह युद्ध समग्र पृथ्वी पर धर्म की स्थापना के लिए है। भारतीय जनता पार्टी की मान्यता है कि इस देश की महान संस्कृति को हमेशा आगे बढ़ना चाहिए, इन्हीं संस्कृतियों को आगे बढ़कर ही देश की नीतियों का निर्धारण होना चाहिए। देश की नीतियों और कानून में भी देश की भूमि की सौंधं होनी चाहिए।

**30 लाख से अधिक लोग पहुंचेः** मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता का ज्ञान मात्र वाचन करने और पुस्तक में रखने का ज्ञान नहीं हैं। इसमें जीवन का सार है और यह सार्वभौमिक है सारस्वत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से उन्होंने वर्ष 2016 में गीता जयंती को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का कार्य

**संस्कृति**

**8 भारतीय जनता पार्टी की मान्यता है कि इस देश की महान संस्कृति को हमेशा आगे बढ़ना चाहिए: गृहमंत्री अमित शाह**

शुरू किया। इन आठ वर्षों में गीता महोत्सव विश्व के कई देशों तक पहुंच गया है। अब अमेरिका और श्रीलंका भी गीता महोत्सव मनाने की बात कर रहे हैं। पिछले सात दिसंबर से चले महोत्सव में 30 लाख से अधिक लोग पहुंचे हैं।

वर्तमान हालात में संसार के अंधकारमय पूर्ण वातावरण को गीता के ज्ञान से रोशन किया जा सकता है। भाजपा सरकार ने सत्ता संभालते ही गुलामी की चिन्ह हटाने और मिटाने का काम किया है।

**पिछले 10 सालों से ज्यादा से ज्यादा हो रहा गीता का प्रचारः** उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद पिछले 10 सालों से देश को ऐसी सरकार मिली है जो गीता के ज्ञान का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर रही है और इसी ज्ञान के अनुसार कार्य कर रही है। अगर मनुष्य गीता के ज्ञान को जीवन में उतारता है तो इसी में विश्व की सभी समस्याओं का हल है।

## बिप्लब देब से मिले नायब सैनी, संगठनात्मक विषयों पर मंथन



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।**
**हरियाणा** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी शुक्रवार को भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब से उनके आवास पर मिलने पहुंचे। दोनों नेताओं ने लगभग एक घंटे तक संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। श्री देब और श्री सैनी के बीच प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय पर भी बातचीत हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश प्रभारी को विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय में विस्तार से जानकारी दी। श्री सैनी ने बताया कि किस तरह यात्रा गांव-गांव, शहर-शहर पहुंचकर मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक कर रही है और योजनाओं का लाभ दिला रही है। प्रदेश प्रभारी बिप्लव देव ने भी हरियाणा प्रदेश में यात्रा की सफलता पर प्रसन्नता जताई। प्रदेश प्रभारी बिप्लव कुमार देब से मिलने से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सुबह लगभग 10 बजे गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पहुंचकर हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय से मिले। श्री सैनी ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इसके बाद वे प्रदेश प्रभारी से

**संगठनात्मक चर्चा**

**8 प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय से भी शिष्टाचार भेंट की**

मुलाकात करने पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तीन राज्यों में प्रचंड जीत के बाद अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में बीजेपी जुट गई है। चुनाव 2024 में लोकसभा में दस की दस सीटों पर कमल खिलाने और विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत पर भाजपा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी बिप्लव कुमार देब से मुलाकात कर उनको पार्टी गतिविधियों की जानकारी दी है और प्रदेश में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यह रुटिन मुलाकात थी। जिसमें प्रदेश प्रभारी श्री देब से हरियाणा की राजनीतिक स्थितियों पर विस्तृत चर्चा हुई है। श्री सैनी ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव लोगों के घर द्वार तक जा रही है। मोदी-मनोहर सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित हो रहे हैं।

## गुरुग्राम में 42 साल की महिला मिली कोरोना संक्रमित

**गुरुग्राम।** जिला में अब तक दो महिलाओं में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। शुक्रवार को 42 साल की एक महिला की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। इससे पहले इंडोनेशिया व सिंगापुर की यात्रा करके लौटी 54 साल की महिला में भी कोरोना संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। दोनों महिलाओं को उनके घरों पर ही परिवार से अलग रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग लगातार उन पर नजर रखे हुए है। रहने वाली 42 वर्षीय एक महिला के सैंपल लेकर जांच की गई तो उसमें कोरोना की पुष्टि हुई। इससे पूर्व एक अन्य महिला जो मलेशिया व सिंगापुर की यात्रा करके आई है, वह भी कोरोना से संक्रमित मिली है।

## 'बीजेपी ने हमेशा बहन बेटियों के अपमान करने वालों को पदों से सुशोभित किया'

### न्याय की कोई उम्मीद नजर नहीं आने पर ओलंपियन साक्षी मलिक का संन्यास लेना दुर्भाग्यपूर्णः डॉ. संदीप पाठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने शुक्रवार को कई मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पहलवान और ओलंपिक में पदक विजेता साक्षी मलिक के संन्यास की लेकर भी केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने हमेशा ही बहन बेटियों और महिलाओं के अपमान करने वालों को पदों से सुशोभित किया है। देश का नाम रोशन करने वाली ओलंपिक में मेडल लाने वाली



पहलवान बेटियों को पहले न्याय के लिए जंतर मंतर पर बैठना पड़ा। इसके बाद अब कोई उम्मीद नजर नहीं आने पर ओलंपियन मेडलिस्ट साक्षी मलिक को कुश्ती से ही संन्यास की घोषणा करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीजेपी को बेनकाब करने की जरूरत है। जनता सबकुछ देख रही है। "आप" संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉक्टर संदीप पाठक ने कहा कि पूरी

**साधा निशाना**

**8 ओलंपिक में मेडल लाने वाली पहलवान बेटियों को पहले न्याय के लिए जंतर मंतर पर बैठना पड़ा: आप**

दुनिया में भारत को प्रजातंत्र के लिए जाना जाता है। कहा जाता है कि भारत का प्रजातंत्र सबसे पुराना, निष्पक्ष और मजबूत है। प्रजातंत्र का मूल आधार ही प्रश्न पूछना होता है। अगर एक चुन हुए सांसद को सदन में खड़े होकर सवाल पूछने की ही आजादी नहीं है तो फिर उसका सांसद होने का फायदा ही क्या है? आप सोच कर देखिए कि जब एक चुने हुए सांसद को ही नहीं बोलने दिया जा रहा है तो फिर देश के आम लोगों की हालत क्या होगी? आज देश का दुर्भाग्य है कि विपक्ष के लगभग 150 सांसदों को सवाल पूछने के कारण संसद से निलंबित कर दिया गया है। सांसदों का सिर्फ इतना कसूर है कि वह संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर मोदी सरकार से सवाल पूछ रहे थे। जो लोग सुरक्षा तोड़कर संसद के अंदर घुसे उनको भाजपा के एक सांसद अपनी गाड़ी में बिठाकर ले गए थे।

## 'किसी को भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने देगी मनोहर सरकार'

**योजना**

**8 अब मनोहर सरकार में लोगों को योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ मिल रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के ओएसडी जवाहर यादव ने कहा है कि मनोहर सरकार किसी को भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने देगी। जवाहर यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार में योजनाओं के लाभ के लिए जारी की गई राशि का मात्र 15 प्रतिशत ही जनता में पहुंचता था, लेकिन अब मनोहर सरकार में लोगों को योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ मिल रहा है।
श्री यादव शुक्रवार को गुरुग्राम के मदनपुरी में पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बतरा द्वारा आयोजित गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिए लगाए गए



शिविर का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस कैंप में पहले ही दिन अनेक जरूरतमंदों को पीला राशनकार्ड बनवा गया और अनेक लोगों की पीपीपी व प्रोपर्टी आईडी संबंधी समस्या का समाधान किया गया। जवाहर यादव ने अनेक योजनाओं के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया। यशपाल बतरा के निवेदन पर जवाहर यादव ने यहां समस्याओं के समाधान के लिए लगभग 10 लोगों की टीम बैठाई है, जो अगले दो दिन तक लोगों की समस्याओं का समाधान करेगी। जवाहर यादव, यशपाल बतरा और भाजपा सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी का स्थानीय लोगों ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर जवाहर यादव ने उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाया कि उनके मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल को प्रदेश के हर व्यक्ति की चिंता है और उनके दिशा निर्देश पर ही प्रदेश भर में योजनाओं का लाभ देने के लिए व्यापक रूप से ऐसे शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित ना रह जाए। जवाहर यादव ने लोगों को विश्वास दिलाया कि जब तक सभी पात्र लोगों की समस्या का हल नहीं हो जाता, तब तक इसी तरह हेल्प कैंप जारी रहेगा।
उन्होंने यहां बोलते हुए घोषणा की कि दो दिवसीय इस शिविर के बाद भी मदनपुरी और आसपास के निवासियों के लिए अगले कुछ दिनों तक यशपाल बतरा के न्यू कालोनी स्थित आफिस में एक टीम बैठेगी, जो लोगों की समस्याओं का निदान करेगी और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएगी। मुख्यमंत्री के ओएसडी ने मोदी -मनोहर सरकार को गरीब कल्याण की सरकार बताते हुए कहा कि 2014 से केंद्र और राज्य सरकार अंत्योदय के लिए काम कर रही है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल देश और प्रदेश के लोगों को समृद्ध करने के लिए कार्य कर रहे हैं। जवाहर ने कहा कि मोदी की गारंटी की गाड़ी भी हरेक व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देने के लिए चलाई गई है। इस अवसर पर यशपाल बतरा ने भी कहा कि किसी को भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही है तो वे इस कैंप में आएं।

## निगम का दावा...काफी संख्या में काम पर लौटे काफी हड़ताली कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा इधर-उधर पड़े कचरे को उठाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम ने पूरी क्षमता के साथ कमान संभाल ली है। आयुक्त पीसी मीणा द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में सभी जोन के संयुक्त आयुक्त, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक, सहायक सफाई निरीक्षक तथा कनिष्ठ अभियंता अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था व कचरा उठान सुनिश्चित करवा रहे हैं। बुधवार को निगम अधिकारियों ने मैनपावर व मशीनरी के साथ कई क्षेत्रों से कचरा उठवाया तथा सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया।
सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने जोन में स्वयं फील्ड में उतरे हुए हैं। जहां कहीं भी कचरे के संवेदनशील स्थान हैं, उन्हें साफ करवाया जा रहा है।

## वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का धाकड़ देश बनाने के लिए आगे आएं युवा शक्तिः धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भाजपा** के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि अमृत काल के अगले 24 साल में हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, इसके लिए दुनिया का धाकड़ (आर्थिक रूप से सशक्त) देश बनाने के लिए युवा शक्ति को संकल्प के साथ कार्य करना होगा। युवा पीढ़ी विकसित भारत का एंबेसडर बनकर अपनी कार्य दक्षता का परिचय दें। श्री धनखड़ शुक्रवार को बादली विधानसभा क्षेत्र के गांव लाडपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी वाली वैन देश के साढे छह लाख और हरियाणा प्रदेश के साढे छह हजार गांवों में जा रही है। लाडपुर पंहुचने पर राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ का क्षेत्र की सरदारी, पहलवानों, कोचों और ग्रामीणों ने जोरदार अभिनंदन किया। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व मे पिछले पौने दस वर्षों में कई बदलाव करते हुए देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य हुए हैं,आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है,वहीं धुएं से निजात दिलाने के लिए महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के माध्यम से लाभांवित करने की सराहनीय पहल की गई है। आज भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में जर्मनी और जापान को पछाड़कर भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा।
श्री धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि देश को विकसित बनाने के लिए हमें अगली पीढ़ी को इस कार्य में लगाना है,देश की आमदनी बढ़े,यह तभी बढ़ेगी,जब हम सबका पूरी तरह से खुशहाल होंगी। वर्ष 2047 मे भारत अमेरिका से ऊपर हो ,इसके लिए हमें मेहनत के साथ जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ेंगे है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में



लाभार्थियों से सीधा संवाद करते कहा कि मोदी-मनोहर सरकार हर लाभार्थी तक गांव -गांव पंहुच रही है। प्रदेश में पर्ची खर्ची पर रोक लगाते हुए सरकार ने भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है,इतना ही नहीं हाल ही में विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गीता पर हाथ रखते हुए भ्रष्टाचार को जड़मूल से खत्म करने का संकल्प लिया है।
उन्होंने कहा कि पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। अब मोदी के सेवाकाल में अधिकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए मोदी की गांरटी के रथ लेकर गांव-गांव आ रहे हैं। मोदी की सोच है कि हर पात्र व्यक्ति को लोक हितैषी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। इतना ही नहीं लोगों के जरूरी कार्यों के लिए गांव में ही एक ही जगह सभी विभागों के अधिकारी काउंटर लगाकर जनसमस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से प्राकृतिक खेती को बढावा देने हुए धरती की सेहत अच्छी बनाने के लिए देशी खाद के उपयोग पर बल दिया।
राष्ट्रीय सचिव ने कार्यक्रम में स्टॉलों का अवलोकन किया, पात्र महिलाओं को रसोई गैस कनैक्शन सौंपे, विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई और सराहनीय कार्य करने वाले नागरिकों व छात्रों को सम्मानित किया।
दूसरी ओर गांव फेलपा में भाजपा पलवल जिला प्रभारी डा दिनेश घिलौड़ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मार्किटिंग बोर्ड के पूर्व चैयरमैन लीलू पहलवान, पंचायत समिति चैयरमैन बादली निर्मला देवी,कार्यालय सचिव नरेंद्र जाखड़,दादरी तोय मंडल अध्यक्ष बसन्त सुरहा,बादली मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार,सरपंच लाडपुर अमित कुमार,चैयरमैन प्रतिनिधि रमेश कुमार, सीमा,दिनेश लाडपुर, मगंल गुलिया, लाला पहलवान,अमित गुभाना वाइस चेयरमैन ब्लाक बादली,इन्द्रराज प्रधान,धीरे गुलिया,जय ओम ठेकेदार, हनुमान, पहलवान,काला (प्रजीत) पूर्व सरपंच ऋषि गुलिया,चान्द पहलवान,मुकेश ठेकेदार,मुकेश कुमार,जयबीर कोच बुपनिया, देवी प्रधान फेलपा, निर्भय चंद बामनौला, जयकिशन पूर्व सरपंच कुकडोला,मांगे राम,बलजीत, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, जितेन्द्र किलोई जिला संयोजक एनआरआई सैल,अनिल बीडीसी जहांगीरपुर, दीप बामनौला,मुनेश पहलवान, टिक्की फेलपा, राजेंद्र रामफल, नफे सिंह, साहिल खेड़ीजट, अजय जहांगीरपुर के अलावा प्रशासन की ओर से एसडीएम रविन्द्र कुमार,बीडीपीओ युद्धवीर सिंह,नायब तहसीलदार सतबीर सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### रॉकेट लर्निंग द्वारा दिया गया ईसीसीई का प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
**महिला** एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से रॉकेट लर्निंग द्वारा ईसीसीई का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें आंगवाड़ी कार्यकताओं को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा संबंधी जानकारी के साथ-साथ तकनीकी प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र में 2 सर्किल के लगभग 54 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुई। वहीं उपस्थित सुपरवाइजर ने शिक्षा की अहमत्ता को लेकर बात रखी। सत्र में रॉकेट लर्निंग से रितेश, और विभाग से सुपरवाइजर संतोष उपस्थित रही। बच्चों का खेल-खेल में सर्वांगीण विकास कैसे किया जाए, उसके बारे जानकारी दी गई ।

### कोई भी मतदाता अपने दावे व आपत्तियां 3 जनवरी तक कर सकता है प्रस्तुत: अदिति

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
**रिटर्निंग अधिकारी** एवं उपमंडल अधिकारी (नागरिक) घरौंडा अदिति ने बताया कि हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। कोई भी मतदाता अपने दावे व आपत्तियां उपमंडल अधिकारी घरौण्डा व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी घरौण्डा के कार्यालय में 3 जनवरी तक प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सुनवाई के लिए (नियम 13,2) के अन्तर्गत नोटिस जारी किया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि 6 जनवरी है और उस व्यक्ति को वितरित किया जाएगा, जिसके खिलाफ आपत्ति दर्ज की गई है। नये एडिशंस का पंजाबी में कन्वर्शन 15 जनवरी तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निवारण रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 13 जनवरी तक किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जनवरी को किया जाएगा।

### श्री रामचरित मानस स्कूल की छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**डीएसपी** महिला सुरक्षा नायाब सिंह के निर्देशन में महिला निरीक्षक राजेश लता की अध्यक्षता में टीम ने बसंत विहार के श्री रामचरित मानस स्कूल में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया।
निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय में अपराध समाज में बुरी तरह फैल चुका है, जिसमें महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। पुलिस टीम ने छात्राओं को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है।
राजेश लता ने बताया कि पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति ऐप भी लांच किया हुआ है। महिलाओं और छात्राओं को यह ऐप अपने मोबाइल फोन में प्ले स्टोर से डाउनलोड करना चाहिए। ऐप डाउनलोड करने के बाद एक बटन दबाने से ही पीड़ित महिला को तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त होगी। यदि कोई असामाजिक तत्व किसी महिला या छात्रा को परेशान करेगा, तो दुर्गा शक्ति टीम मौके पर पंहुचकर ऐसे मनचले व शरारती तत्वों पर कार्यवाही करके सबक सिखाएगी। इस मौके पर उपनिरीक्षक बबीता, स्कूल स्टाफ और छात्राएं मौजूद रही।

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज नेटबॉल महिला टूनार्मेंट में कन्या महाविद्यालय खरखौदा ने जीती ट्राफी।

**खरखौदा/सोनीपत-सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के कन्या कॉलेज में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज नेटबॉल महिला टूनार्मेंट प्राचार्य डॉक्टर दर्शना दहिया के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसके दूसरे दिन का शुभारंभ कुलदीप दहिया उपसचिव कॉलेज प्रबंधन समिति और राजेंद्र गन्नौत्रा, कोषाध्यक्ष कॉलेज प्रबंधन समिति द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ आरपी गर्ग प्रोफेसर फिजिकल एजुकेशन विभाग महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक रहे। जिन्होंने विजेता टीमों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए जाट कॉलेज रोहतक और सैनी कॉलेज रोहतक के बीच मैच हुआ। जिसमें जाट कालेज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में कन्या महाविद्यालय खरखौदा ने टीकाराम पीजी कॉलेज सोनीपत को हराकर ट्राफी जीती। इसके बाद ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी नेटवर्क महिला का ट्रायल मैच भी करवाया गया। जिसमें कन्या कॉलेज खरखौदा, जाट कॉलेज रोहतक, टीकाराम पीजी कॉलेज सोनीपत, एमकेजेके रोहतक, सैनी कॉलेज रोहतक, पंडित एनआरएस कॉलेज रोहतक, जीसीयू रोहतक, गौड ब्राह्मण कॉलेज रोहतक, जीसी कॉलेज बहू झज्जर आदि की टीमों के ट्रायल और सिलेक्शन किए गए।

# पीएम मोदी के कार्यकाल में हुआ योजनाओं का सरलीकरण : कबीरपंथी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** **प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में योजनाओं का सरलीकरण हुआ है, इससे आम आदमी दफ्तरों के धक्के खाने से बचा है और समय की बचत भी हुई है। मोदी और मनोहर की जोड़ी निरंतर आमजन के हित में बड़ी-बड़ी योजनाओं का क्रियान्वन कर रही है। विकसित भारत जन संवाद यात्रा के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणें को उनके घर द्वार पर मिल रहा है। कार्यक्रमों में परिवार पहचान



पत्र, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड, उज्जवला योजना, स्वरोजगार, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना तथा अन्य प्रकार की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्टॉल पर पंहुचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। पूर्व विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से अब पात्र व्यक्तियों को ऑनलाइन सेवाओं का घर बैठे लाभ मिल रहा है। ये बातें नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीर पंथी ने शुक्रवार को निसिंग ब्लॉक के गांव गुनियाना में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।
उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का अब तक का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है।
लोग इसकी चर्चा चैपालों पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने 45 वर्ष के कार्यकाल में इतना परिवर्तन कभी नहीं दिखाई दिया, जो इस सरकार के कार्यकाल में दिखाई दे रहा है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विश्वपटल पर भारत का सम्मान बढ़ा है। अब 1.80 लाख वार्षिक आय वाले परिवार साल में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते हैं, जिनकी आय 1.80 से 3 लाख रुपए तक है, वे भी सालाना 1500 रुपए प्रीमियम अदा करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।
दयालु योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु होने पर योजना के तहत एक से पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता का प्रावधान है।

## माता-पिता की गला दबाकर हत्या करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**थाना सदर** की टीम ने अलग-अलग मामलों में अपने बुजुर्ग पिता और माता की गला दबाकर निर्मम हत्या करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में शिकायतकर्ता महिंद्रो देवी पत्नी समय सिंह वासी चिडाओ ने शिकायत देते हुए बताया कि मेरे पास दो लडके और एक लडकी है और उसका पति समय सिंह चौबारे पर रहता है। तथा वह खुद अपने बेटे नरेश के साथ रहती है। 20 दिसंबर को सुबह शिकायकर्ता के पति समय सिंह के ऊपर से सीढ़ी से गिरने की आवाज आई। जो कि आवाज लगाने पर नरेश द्वारा समय सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहा डॉक्टर द्वारा उनको मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अनुसार समय सिंह की मृत्यु गला दबाकर होने से पाई गई। जो कि नरेश ने अपने पिता के साथ पिछले लंबे समय से आपसी अनबन रहने के कारण उनका गला दबाकर हत्या कर सीढ़ी से धक्का देकर वारदात को अंजाम दिया था। शिकायत के आधार पर थाना सदर में हत्या के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी नरेश पाल पुत्र स्व.समय सिंह वासी चिडाव को अपने पिता समय सिंह की हत्या करने के जुर्म में गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
दूसरे मामले में अंग्रेजो पत्नी रंजीत वासी पटौदी गुडगांव जिसका पैतृक गांव उचाना है, ने पुलिस में शिकायत देते हुए बताया कि हम दो भाई और दो बहनें हैं।

## छीना झपटी करने वाला आरोपी काबू, मोबाइल फोन बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**सीआईए वन** की टीम ने आरोपी मोहित कुमार पुत्र संजीव कुमार वासी नियर बालाजी मंदिर शिव कॉलोनी करनाल को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। आरोपी मोहित से उसकी निशानदेही पर छीना हुआ एक मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि 2 नवंबर को आरोपी ने शिकायतकर्ता नरेंद्र वासी बसंत विहार करनाल से सेक्टर 3 बाईपास से उसके हाथ से मोबाइल छीनकर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना शहर में छीना झपटी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में पाया गया कि आरोपी पहले ही चोरी के मुकदमे में जेल में बंद है और वह नशापूर्ति और जल्दी पैसे कमाने के लिए ऐसी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपी मोहित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## 'श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान को जीवन में अपनाकर जीते हैं पीएम मोदी और मुख्यमंत्री'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। डॉ. मंगलसेन** सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला पहुंचे। इस दौरान गीता के ज्ञान पर भाजपा के प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह चौहान व प्रोफेसर प्रवीन भारद्वाज ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल वास्तव में गीता के साथ जीवन जी रहे हैं। उन्होंने गीता के ज्ञान को अपने जीवन में अपनाया है।



श्रीमद्भगवद्गीता हमें कर्म का संदेश देती है। महानविभूति महात्मा गांधी जी ने भी गीता के ज्ञान को जीवन में उतारकर जीवन सार्थक किया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता हमेशा बचपन से कर्म का संदेश देते थे, उन्होंने कहा था कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं है।
हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हमारे हाथ में केवल हमारा कर्म है। हमें अपना कर्म मेहनत के साथ करना चाहिए। उन्होंने एक संत की वाणी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बार एक संत ने कहा था कि सफलता पाने के लिए कभी गलत मत करना। हमेशा भगवान के दिखाए नेक रास्ते पर चलना। भगवान ने जहां पहुंचाना होगा अपने आप पहुंचा देगा। उन्होंने कहा कि आज के युग में अपना कार्य करते हुए ठीक व गलत की पहचान करके अपना कार्य करना सबसे बड़ी बात है। उन्होंने गीता जयंती पर सभी जिलावासियों और बेहतरीन कार्यक्रम आयोजित करने पर जिला प्रशासन को भी बधाई दी।

**युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए पवित्र ग्रंथ गीता का आत्मसात जरूरी : राणा**
भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और स्वामी ज्ञानानंद ने गीता को विश्व में पहचान दिलाई है। देश की युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए पवित्र ग्रंथ गीता और रामायण जैसे महान ग्रंथों से आत्मसात करवाना बहुत जरुरी है। इस आधुनिक दौर में जहां युवा पीढ़ी पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव पड़ रहा है, वहीं आज पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को आमजन तक पहुंचाने का कर्तव्य निभाने का प्रयास प्रत्येक मानव को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को पवित्र ग्रंथ गीता से जोडने के लिए गीता महोत्सव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना जरुरी है। युवा पीढ़ी संस्कारवान बनेगी, तभी देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री गीता के कर्म के सिद्धांत पर बढ़ रहे आगे : संजय बठला**
मुख्यममंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल भगवान श्री कृष्ण के कर्म के संदेश पर आगे बढ़ रहे हैं। बिना किसी फल की इच्छा के कर्म कर रहे हैं। गीता का ज्ञान हम सभी के लिए जरूरी हैए यदि हम अपने जीवन में गीता के ज्ञान को उतार लें तो हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। उन्होंने महान क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और शहीदे आजम भगत सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि इन सभी ने कर्म को प्राथमिकता दी।

## जापानी शिक्षा तकनीक पर हुई दो दिवसीय पैनल थियेटर कार्यशाला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिले** के विभिन्न स्कूलों के 36 अध्यापक-अध्यापिकाओं ने आज जापान में प्राइमरी व प्रीप्राइमरी कक्षाओं के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इस जापानी शिक्षा तकनीक के प्रदर्शन को देखा और मुक्तकंठ से इसकी सराहना की। सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा जापानी शिक्षा तकनीक पर आयोजित दो दिवसीय पैनल थियेटर कार्यशाला के लिए करनाल पहुँचे जापानी दल ने कार्यशाला के उद्घाटन स्तर में संगीत ध्वनि के साथ इस तकनीक का प्रदर्शन किया। गोल्डन मोमेंट्स के प्रबंध निदेशक व समाजसेवी



सुनील बिंदल ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर दीप शिखा जलाकर कार्यशाला का उद्घाटन किया। उनके साथ सभी जापानी अतिथियों, निफा अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु, शिक्षाविद जसवंत रेड्डू, निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा व महिला विंग की सचिव डॉ.भारती भारद्वाज ने भी दीप प्रज्वलन में भाग लिया।
मुख्य अतिथि सुनील बिंदल ने जापान से आये सभी टीचर व कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागी अध्यापकों को गुरु की संज्ञा दी व कबीर जी के दोहे के माध्यम से उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजक व निफा के संस्थापक प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम शिक्षा के पारंपरिक तरीके.से आगे बढकर इस प्रकार की तकनीक की जानकारी अपने अध्यापकों को दें। उन्होंने कहा कि पैनल थियेटर शिक्षा तकनीक स्मार्ट क्लास के कॉन्सेप्ट से कहीं बेहतर है, क्योंकि जहां स्मार्ट क्लास केवल एक तरफा संवाद है, वहीं इसमें विद्यार्थी व अध्यापक के बीच आपसी संवाद का समन्वय है और यह पद्धति रटने वाला तोता न बनाकर बच्चों को मजे लेते हुए पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करती है।
जापानी दल की संयोजक इतिसुकों फूजीमोतो नंदी ने बताया कि इस जापानी शिक्षा तकनीक की शुरूआत एक बौद्ध साधु द्वारा की गई थी। उन्होंने बताया कि इस समय जापान के साथ-साथ अन्य देशों में भी इस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। जापान के शीगाकिन यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर मसायो तानाका ने मुख्य ट्रेनर के रूप में आज सभी प्रतिभागियों को किसी भी विषय को कहानी के रूप में बदलने, उस कहानी को बोर्ड पर प्रदर्शित करने व उस बोर्ड पर आसानी से चिपकने वाले पी पेपर को काटकर कहानी के पात्र बनाने, उन्हें रंग करने व उनका प्रदर्शन करने की विधि से अवगत किया।

## सरकारी स्कूल की जरुरतमंद छात्राओं को बांटे ब्लेजर, ड्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल संस्कृति सेकेंडरी स्कूल रेलवे रोड की जरूरतमंद छात्राओं को ब्लेजर, ड्रेस, शूज आदि वितरित किए गए। संस्थापक एवं नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने स्कूल में पहुंचकर छात्राओं को उनकी जरुरत का सामान जिनमें ब्लेजर, ड्रेस व शूज आदि वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेशनल चेयरपर्सन कृष्णा गुप्ता एंव राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने की।
नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के सदस्यों के सहयोग से चैरिटी प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया है। इन दोनों संस्थाओं द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं मानवाधिकारों की जागरूकता के साथ-साथ चैरिटी के बहुत से प्रकल्प भी किए जाते हैं। उन्होंने छात्राओं को सच्चाई एवं ईमानदारी के रास्ते पर चलने का आह्वान किया और कहा कि छात्राएं अपना टारगेट जरूर लें, कि उन्हें क्या बनना है और उस टारगेट को ईमानदारी से शिक्षा लेकर अचीव करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय निदेशक सावी चौधरी, राष्ट्रीय निदेशक अजीत राही, अनिल मदान, प्रदेश मुख्य निदेशक हरियाणा फिरदौस अली, जिला निदेशक मुकेश कुमार, राजेश जैन एवं प्रवीण राणा आदि उपस्थित रहे।

## चरस और स्मैक उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार


**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**नारकोटिक सेल** की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर 12 दिसंबर को आरोपी हरजिंद्र सिंह पुत्र बलविंद्र सिंह वासी गुरुनानकपुरा करनाल को गुरुनानकपुरा से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी हरजिंद्र के कब्जे से 7 ग्राम 14 मिलीग्राम स्मैक व 1 किलो 844 ग्राम चरस बरामद की गई थी। इस संबंध में आरोपी हरजिंद्र के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।
पुलिस टीम द्वारा आरोपी हरजिंद्र से पूछताछ में पाया गया कि आरोपी नशा सेवन करने और बेचने का आदी है और आरोपी यह नशीला पदार्थ उत्तरप्रदेश के शामली जिला से लेकर आया था। जिसको इसे चलते फिरते नशा करने वालो को बेचना था। आरोपी को 13 दिसंबर को पेश न्यायालय करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

## प्रधानमंत्री के सपने को आमजन के सहयोग के बिना पूरा नहीं किया जा सकता: योगेंद्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। भाजपा** जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने शुक्रवार को असंध उपमंडल के गांव ठरवा माजरा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद को खत्म कर विकास की परिभाषा को बदला है, इससे दुनिया के दूसरे देशों में प्रधानमंत्री का रुतबा और देश की इज्जत, मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री हैं। हिंदुस्तान को 2047 में विकसित करने का जो सपना प्रधानमंत्री ने देखा है, उस सपने को आमजन के सहयोग के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लोगों को बताने के लिए चलाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में जिस तरह से पारदर्शिता आई है उससे नौकरियों में सबका हक हुआ है। यह बदलाव प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच के कारण ही संभव हो पाया है।
इस दौरान पूर्व विधायक बक्शीश सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाते हुए कहा कि आने वाले कल में विकसित भारत किस तरह से बने यही नरेंद्र मोदी का सपना है और इसको हम सबने मिलकर बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमजन के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान भारत योजना शुरू की थी, जिसका विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री ने चिरायु हरियाणा के नाम से योजना चलाकर प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी को आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा के तहत लाभ प्रदान किया है। इस योजना में परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए 5 लाख तक के इलाज का प्रावधान किया गया है।

## कृषि विस्तार पेशेवरों के लिए जरूरी हैं सॉफ्ट स्किल: डा. रंजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। चौधरी चरण** सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में कृषि विस्तार पेशेवरों के लिए सॉफ्ट स्किल विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डा. रंजन गुप्ता, छात्र कल्याण निदेशक, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विस्तार अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी किसानों तक सरकारी योजनाओं को पंहुचाना, किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के



लिए प्रेरित करना एवं किसानों की समस्याओं का समाधान करना होती है। इन कार्यों को प्रभावी तरिके से करने हेतु सॉफ्ट स्किल जैसे संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, सोशल मीडिया कौशल, समय प्रबंधन कौशल इत्यादि का होना आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वह किसानों को नई तकनीकों को अपनाने हेतू प्रेरित करें, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके।
संस्थान की प्रशिक्षण ईंचार्ज डा. जसविंद्र कौर ने बताया कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बी. आर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। वित्तीय सहयोग के लिए उन्होंने विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का भी धन्यवाद किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के बारे में अपना फीडबैक देते हुए संस्थान की सुविधाओं की प्रशंसा की।
प्रशिक्षण संयोजक डा. अजय कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड एवं बिहार के विस्तार अधिकारियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों को भ्रमण भी करवाया गया है और इसके साथ-साथ विभिन्न संस्थानों से व्याख्यानों के लिए विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान संस्थान के कर्मचारी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

## रेंज लेवल रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**टैगोर** बाल निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में रोड सेफ्टी क्विज की रेंज लेवल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करनाल, कैथल तथा पानीपत जिले की टीमों द्वारा चार लेवल पर 36 बच्चों ने भाग लिया। चारों लेवलों में तीनों जिलों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। लेवल विजयी टीम प्रतिभागियों में प्रथम लेवल में कक्षा तीन से पाँच में कैथल से परी, नैतिक, अनवी, द्वितीय लेवल में कक्षा छः से आठवी में करनाल से दिव्या, स्वास्तिक, लवकेश, तृतीय लेवल में कक्षा नौवी से बारहवीं में कैथल से आशीष, शिक्षा देवी, महक और चौथे लेवल में कॉलेज स्तर पर करनाल से मयंक, महक और करन वर्मा विजयी रही। अंत में प्रथम लेवल में कैथल जिले की टीम, द्वितीय लेवल में करनाल, तृतीय लेवल में कैथल तथा चौथे लैवल में करनाल जिले की टीम विजयी रही।
इस प्रतियोगिता में विजयी टीमें जल्द ही अगले चरण में राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में भाग लेंगी।
करनाल रेंज महानिरीक्षक सतेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा विजयी टीमों के प्रतिभागियों को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने इस रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बधाई दी तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। डीएसपी ट्रैफिक सोनू नरवाल, एसएचओ हाईवे सुरेश कुमार, कॉर्डिनेटर अल्का काम्बोज जो कि इस रेंज लेवल रोड क्विज प्रतियोगिता की इंचार्ज रही। टैगोर बाल निकेतन से गीता अरोड़ा तथा उनकी सहयोगी टीम, टैगोर बाल निकेतन के प्रधानाचार्य डॉ.राजन कुमार लाम्बा, विद्यालय के निदेशक रवींद्रा मोहन रहेजा का विशेष रूप से धन्यवाद किया गया।

## संपादकीय

# उत्तर प्रदेशः कैसे बना भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**योगी** ने कभी बीमारू माने जाने वाले उत्तर प्रदेश को विकास की दौड़ में अग्रणी स्थान पर ला खड़ा किया है। विश्लेषण मंच एसओआईसी के अनुसार सेंसेक्स तथा क्रेडिट लियोनिस सिक्योरिटीज एशिया आधारित रिपोर्ट्स के हिसाब से देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर आ गया है। यह परिणाम योगी सरकार द्वारा किए जा रहे अहर्निश, ईमानदार एवं अनथक प्रयासों का परिणाम है। देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7 प्रतिशत जीडीपी योगदान के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2 प्रतिशत जीडीपी के साथ दूसरे स्थान पर है। बीते कुछ समय से तमिलनाडु से कांटे की टक्कर में उत्तर प्रदेश को अब बढ़त मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा है।

आइये जानते हैं की योगी का उत्तरप्रदेश कैसे आज से सात साल पहले असंभव से लगने वाले इस लक्ष्य को हासिल कर आगे बढ़ते हुए भारत के जीडीपी योगदान में प्रथम स्थान हासिल करने हेतु निरंतर प्रगतिशील है। किसी भी प्रदेश के लिए ऐसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए मात्र घरेलू बाजार की निर्भरता को खत्म कर अपने निर्यात से पूरी दुनिया में व्यापारिक पैठ बनाने की आवश्यकता होती है। घरेलू बाजारों की मांग एवं क्रय शक्ति सीमित होती है जो एक सीमित राजस्व ही पैदा करने में सक्षम होती है। एक्सपोर्ट के माध्यम से एक विशालकाय बाजार के साथ अच्छे लाभ एवं राजस्व प्राप्ति का रास्ता भी खुलता है।

योगी सरकार को निर्यात का महत्व पता है इसलिए सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ऐसी नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे निर्यात प्रोत्साहन को प्रदेश में बढ़ावा मिले योगी सरकार के गंभीर प्रयासों के कारण ही कोविड जैसी महामारी की विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी उत्तर प्रदेश का निर्यात पिछले छह वर्षों में लगभग दोगुना हो गया है। उत्तर प्रदेश के राज्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के डेटा के अनुसार 2016-17 में प्रदेश का निर्यात 84,000 करोड़ रुपये का था जो 2022-23 में बढ़कर दोगुने से अधिक यानी 1,74,000 करोड़ रुपये का हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा दो लाख करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह सूचनाएं सिद्ध करती हैं कि कभी बीमारू राज्य का टैग लेकर घूमने वाला उत्तर प्रदेश योगी सरकार की क्रांतिकारी नीतियों के कारण भारत का नया एक्सपोर्ट हब बनने जा रहा है।

उत्तर प्रदेश का 60 प्रतिशत निर्यात दुनिया के 10 देशों वियतनाम, नीदरलैंड, फ्रांस, चीन, मिश्र, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम तथा जर्मनी को होता है। 2022-23 में सबसे अधिक निर्यात 32,800 करोड़ अमेरिका को, 14,300 करोड़ संयुक्त अरब अमीरात को तथा लगभग दस-दस हजार करोड़ जर्मनी एवं यूनाइटेड किंगडम को हुआ। उत्तर प्रदेश से वर्तमान में सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, दूरसंचार उपकरण, कॉटन, कृत्रिम फाइबर आदि के साथ गेहूं, चावल, कालीन एवं हस्तशिल्प भी महत्वपूर्ण निर्यात सामग्री है। परंतु चौंकाने वाली बात यह है कि इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं उत्तर प्रदेश के संपूर्ण निर्यात का 18.9 प्रतिशत है। इसके बाद कपड़ा उद्योग 9.5 प्रतिशत का योगदान करता है।

# किसानों कि बुलंद आवाज थे चौधरी चरण सिंह

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> “चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूणार्नंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे”

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। इसीलिये देश के लोगो का आज भी मानना है कि चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे।

चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है।

चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर,1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था।



1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।

चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे।

आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुये हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। केन्द्र व राज्य सरकारें भी किसानो के भले की योजनायें बना पाने में नाकाम रही है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानो को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानो की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानो को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानो की आवाज बुलन्द कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति में एक बड़े नेता थे। मगर इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिये देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा था। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था।

चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूणार्नंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

किसानो में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने।

अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानो कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानो को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था।

चौधरी चरण सिंह जैसे किसानो के बड़े नेता द्वारा किसानो के हित में किये गये कायों को देखते हुये वर्षो पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते अभी तक उनको उचित सम्मान नहीं मिल पाया है। नरेन्द्र मोदी सरकार को चौधरी चरण सिंह जैसे सच्चे बड़े व सच्चें किसान नेता को भारत रत्न प्रदान कर सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित करनी चाहिये। इससे देश के करोड़ों किसानों के साथ ही सरकार का भी सम्मान बढ़ेगा।

## कविता

**संजीव-नी’**

आजमा कर देख बेदर्द जमाने को।

रिश्ते अपने रिश्तों से दूर होने लगे है,
क्यों लोग इस कदर मजबूर होने लगे हैं ’

दुश्मनो से दोस्त कर रहें है गुजारिश,
भोले चेहरे कितने मगरूर होने लगे है।

जमाने की कैसी हो गई फितरत,
भाई चारे कितने बेनूर होने लगे है।

आजमा कर देख,बेदर्द जमाने को,
चेहरे पर कई चेहरे,जरूर होने लगे है।

नाते,रिश्ते सब अजब मायाजाल,
सिक्के ही चेहरों के नूर होने लगे है।

तमन्नाये न रख सुनहरे पंखों की अब,
सारे सपने अब चूर चूर होने लगें है।

फकीरी,शायरी हमारी हमसफर,
खुदा के करम,पुरनूर होने लगें हैं।

संजीव
---------

# श्रीनिवास रामानुजन: एक रहस्यमय प्रतिभा

**विजय गर्ग**

यह 22 दिसंबर हमारे अपने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन-एफआरएस की 134वीं जयंती है और इसे राष्ट्रीय गणित दिवस (जीएएनआईटी) के रूप में मनाया जाता है। वह व्यक्ति जिसने भारत को विश्व गणित मानचित्र पर लाया, गणित में बिना किसी औपचारिक शिक्षा के आधुनिक दुनिया के महानतम विचारकों में से एक माना जाता है। सपना देखा और यह एक सामान्य व्यक्ति के लिए पर्याप्त प्रयास के बिना हमेशा संभव नहीं होता है। लेकिन स्व-सिखाए गए गणितज्ञ रामानुजन के लिए कहानी अलग है, जिन्होंने इस धरती पर अपने 32 वर्षों के जीवन काल में पूरी दुनिया को अपने सपनों का उपहार दिया है, जो किसी भी हद तक प्रयास करने से कभी नहीं कतराते। रामानुजन भारत से उभरे सबसे महान गणितीय प्रतिभाओं में से एक थे। श्रीनिवास अयंगर रामानुजन, जिन्हें आमतौर पर रामानुजन के नाम से जाना जाता है, का जन्म 22 दिसंबर 1887 को मद्रास प्रेसीडेंसी के इरोड में एक श्री वैष्णव ब्राह्मण परिवार में हुआ था। रामानुजन ने प्रारंभ में ही गणित के प्रति गहरा रुझान दिखाया। ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी असाधारण शक्तियों को लगभग तुरंत ही पहचान लिया गया था। वह शांत और ध्यानमग्न थे और उनकी याददाश्त असाधारण थी। उन्होंने मानसिक रूप से कई दशमलव स्थानों, स्त्र, ई और अन्य गणितीय स्थिरांकों की गणना करके अपने दोस्तों और शिक्षकों को आश्चर्यचकित कर दिया। रामानुजन "शून्य और काल्पनिक मात्राएँ", "तारों की दूरियाँ" और शून्य के मान को शून्य से विभाजित करने आदि के बारे में उलझाने वाले प्रश्न पूछते थे। 13 साल की उम्र तक, उन्होंने एस. एल. लोनी द्वारा लिखित उन्नत त्रिकोणमिति पर पुस्तक में पूरी तरह से महारत हासिल कर ली। उन्होंने 15 साल की उम्र में घन समीकरणों को हल करने का अपना तरीका ढूंढ लिया था। प्राथमिक विद्यालय में, उन्होंने अपने गणना कौशल के लिए कई पुरस्कार जीते। 1904 में स्नातक होने पर, उन्होंने सरकारी उच्च अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त की। कॉलेज, कुंभकोणम। 1903 में जब वे 16 वर्ष के थे, रामानुजन ने जी.एस. कैर की एक पुस्तक की एक प्रति उधार ली, जिसका शीर्षक था 'शुद्ध और अनुप्रयुक्त गणित में प्राथमिक परिणामों का एक सारांश, यह वह पुस्तक थी जिसने उनकी प्रतिभा को जागृत किया। उन्होंने उसमें दिए गए सूत्रों को स्थापित करने के लिए खुद को तैयार किया। गणित के प्रति अपने जुनून के कारण रामानुजन ने अन्य सभी विषयों की उपेक्षा कर दी। परिणामस्वरूप, वह मद्रास विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में असफल हो गये। हालाँकि, उन्होंने अपने गणितीय शोध को तीव्रता के साथ जारी रखा और, अपने शुरूआती बिसवां दशा में, इस क्षेत्र के प्रमुख गणितज्ञों के बीच जाने जाने लगे।

## विचार

# रात्रि - आकाश का सौंदर्य

**विजय**

महात्मा गांधी और विनोबा भावे के अहिंसक विचारों के समर्थक आस्ट्रेलियाई मूल के एक दार्शनिक हुए हैं, इवान इलिच । उनका विचार था कि वाहनों ने मनुष्य के पैरों की ताकत छीन ली है। मशीनी तकनीक ने मनुष्य के हाथों के हुनर छीन लिए हैं और मनुष्य के विरुद्ध एक प्रति मनुष्य 'रोबोट' के रूप में विकसित कर व्यक्ति को सीमेंट, कंक्रीट और यंत्रों के जंगल में अकेला छोड़ देने के उपक्रम हो रहे हैं। परिवार और समाज है, तब भी वे यंत्रों की पराधीनता के चंगुल में हैं, अपनी स्वतंत्रता खोकर रोबोट में बुद्धि डाल कर उसे हम मनुष्य का शासक बनाने में लगे हुए हैं। अभी तक रोबोट को नए-नए रूपों में विकसित करने का काम वैज्ञानिक रूपी मनुष्य करता था, लेकिन प्रौद्योगिकी के आकाश में कृत्रिम बुद्धि ने ऐसे पंख दे दिए हैं कि रोबोट अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से स्वयं अद्यतन होने लगे हैं। रोबोट के स्वयमेव परिवर्तन और नए रोबोट पैदा करने की इस ताकत के परिणाम फलदायी होंगे या घातक, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन विचारणीय बिंदु अवश्य है। भविष्य का रोबोट यांत्रिक मानव भर नहीं रह जाएगा, उसे यंत्र और कृत्रिम बुद्धि के बूते एक जीवित मानव में बदलने की कोशिश हो रही है। इस दिशा में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने जीवित रोबोट का एक माडल आविष्कृत भी कर दिया है। वैज्ञानिकों के एक समूह ने मेढक भ्रूण की जीवित कोशिकाओं को अन्य नूतन जीवन रूपों में अवतरित करने में सफलता प्राप्त कर ली है। इसमें न्यूनतम वजन की युक्ति (डिवाइस) के जरिए इंद्रिय बोध कराया जा सकता है। इसमें चौबीस संवेदी यंत्र संलग्न हैं। यह मांसपेशियों की गतिविधियों और दिमागी अनुभव करके काम को अंजाम देता है। इसे 'एस्पर बायोनिक्स प्रोस्थेटिक हैंड' नाम दिया गया है। इसे क्रियाशील बनाए रखने में एआइ और क्लाउड प्रौद्योगिकी से किया जाता है। इस तकनीक के जरिए इंटरनेट पर उपलब्ध डेटा और प्रोग्राम ग्रहण कर लिए जाते हैं। रोबोट आरंभिक अवस्था में हार्डवेयर और साफ्टवेयर के समन्वय से निर्मित उपकरण था। शुरू में इसकी उपयोगिता मनुष्य की पहुंच पर कठिन और खतरनाक कामों से जुड़ी थी। इसके प्रभावी उत्पादकता के मद्देनजर इसमें बदलाव होते रहे और इस तकनीक को नाम दिया गया रोबोटिक्स कालांतर में डिजिटल, एआइ और इंटरनेट तकनीक के समन्वय की युक्तियों से जीवित रोबोट की एक प्रजाति चलन में आई, जिसे 'बायोनिक्स' और 'एक्सनोबोट्स' नाम दिए गए।

दुनिया के वैज्ञानिक बीसवीं सदी की शुरूआत से ही दो तरह के कृत्रिम मानव विकसित करने के प्रयासों में लगे हैं। एक 'एंड्राइड' यानी कृत्रिम मानव और दूसरा 'सायबोर्ग' यानी मशीनी मानव वैज्ञानिकों को ऐसे मानव बनाने की कल्पना गल्प साहित्य से मिली साहित्य और विज्ञान दो ऐसे विषय हैं, जो वर्तमान को भूतकाल और भविष्य को वर्तमान बना देने की सामर्थ्य रखते हैं उद्योगों में मानवीय श्रम करने वाले ये मशीनी मानव अब कृत्रिम मेधा से स्वयमेव संचालित होते हुए सहस्त्र बुद्धि मशीनी मानव बनते जा रहे हैं। इस कृत्रिम बुद्धि का कमाल है कि अब इन्हें किसी विशेषज्ञ मनुष्य को निर्देशित करने की जरूरत नहीं रह जाएगी, बल्कि इसकी तंत्रिकाओं में कृत्रिम रूप से विकसित किए गए बुद्धि-तंत्र से ये स्वयमेव क्रियाशील रहेंगे। चैट-जीपीटी और चैट बोट्स साफ्टवेयर इनके वे औजार होंगे, जो इन्हें शब्द गढ़ने की उन्नत सामर्थ्य से बहुभाषी बनाएंगे और समस्याओं के समाधान की दिशा में स्वतः सक्रिय हो जाएंगे। दुनिया के वैज्ञानिक 'एंड्राइड' और 'साइबोर्ग' रूपों में कृत्रिम मानव बनाने के प्रयास में लगे हैं। एंड्राइड का अर्थ ऐसे मानवों से है, जो सिर्फ कार्बनिक यौगिकों से प्रयोगशाला में बने हों और पूरी तरह बनावटी हों। इनकी संरचना इंसानों से मिलती-जुलती होती है, इसलिए इन रोबोट को 'ह्यूमन रोबोट' भी कहा जाता है। वैसे एंड्राइड शब्द को हम एंड्राइड मोबाइल के रूप में खूब जानते हैं। बैटरीयुक्त चलते-फिरते गुड्डे-गुड़ियाएं इसी श्रेणी में आते हैं। वर्तमान दुनिया में अनेक प्रकार के कृत्रिम मानवीय आकार के रोबोट आविष्तृत किए जाकर चर्चा में आ चुके हैं।' समुदाय के बीच विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं का निर्वहन कर रहे हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पाक के आतंक मचाने के लिए कहां से आ रहे हैं पैसे?

**अशोक भाटिया**

**जम्मू में** रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर पुंछ जिले के ढेरा की गली इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। वहां मुठभेड़ शुरू हो गई थी। ये जवान घटनास्थल की ओर बढ़ रहे थे, तभी आतंकवादियों ने दो वाहनों( एक ट्रक और एक जिप्सी) पर गोलीबारी की, जिसमें 5 सैनिक शहीद हो गए और 2 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि अभियान जारी है और विस्तृत जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

घटनास्थल की व्यथित करने वाली तस्वीरों और वीडियो में सड़क पर पड़ा खून, सैनिकों के टूटे हुए हेलमेट और सेना के दो वाहनों के टूटे हुए शीशे दिखाई दे रहे हैं। अधिकारियों ने भीषण टकराव के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच आमने-सामने की लड़ाई होने की संभावना से इनकार नहीं किया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी संभावना है कि जिन सैनिकों पर हमला किया गया, आतंकवादी उनके हथियार लेकर चले गए हैं। बाज नहीं आ रहे आतंकी

अभियान जारी रहने के दौरान अधिकारी अधिक जानकारी इकट्ठा करने और क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा उत्पन्न खतरे को समाप्त करने की पुरजोर कोशिश में जुटे हैं। इस हमले से कुछ ही सप्ताह पहले पास के राजौरी जिले में बाजीमाल वन क्षेत्र के धर्मसाल बेल्ट में गोलीबारी के दौरान दो कैप्टन सहित पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। राजौरी जिले में सुरक्षा बलों के साथ नवंबर में इस मुठभेड़ में अफगानिस्तान में प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गये थे।

घने जंगलों वाला इलाका

राजौरी और पुंछ जिलों की सीमा पर स्थित ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच का इलाका घने जंगलों वाला है और यह चमरेर जंगल और फिर भाटा धुरियन जंगल की ओर जाता है, जहां इस साल 20 अप्रैल को सेना के एक वाहन पर घात लगाकर किए गए हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए थे। इसके बाद मई में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान चमरेर जंगल में सेना के पांच और जवान शहीद हो गए थे।

# नैतिक मूल्यों की चिंता

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मूल्य मिटे चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह।**
**जिनको जो कुछ चाहिए, उन्हें मिले अथाह।।**

आधुनिक युग के निकम्मे रहीम नुक्कड़ पर आते-जाते लोगों पर अपना ज्ञान लीपते हुए कहते हैं झ जो बंदा सत्य, अहिंसा, धर्म, न्याय जैसे बाबा आदम जमाने के मूल्यों से अंधा बनकर आँखें मूँद लेता है, उसका मन चिंतामुक्त, प्रसन्न और संपन्न रहता है। उसकी सारी असीमित इच्छाएँ पूरी होती हैं। इन दकियानूसी मूल्यों के चक्कर में बंदे की हालत घर से निकलते समय हीरो और पहुँचते समय जीरो सी होती है। नैतिक मूल्यों की चिंता करना जीते जी चिता सा आभास देता है। भला ऐसा जीवन भी कोई जीवन कहलाता है। जीवन को ह्यएवनह्ल बनाने के लिए नैतिक मूल्यों को पैरों तले और अनैतिक मूल्यों को सिर पर रखना चाहिए। इससे बंदा नंगा होने और पंगा लेने से बचा रहता है। इसके विपरीत मूल्यों की चिंता करने वाला आधुनिक समाज की नजरों में पागल कहलाता है। आज नैतिक मूल्य सड़क किनारे फुटपाथ पर सोते हुए मिलते हैं, जबकि अनैतिक मूल्यों की ऑडी और फेरारी अपनी फुल स्पीड में उन्हें कुचलने के लिए उतावली रहती हैं। कोठी बनाने, बाल-बच्चे घुमाने और नाम कमाने के लिए नैतिक मूल्य नहीं, पैसा चाहिए होता है। आधुनिक बंदा इस गूढ़ रहस्य को जान चुका है। वह इतना निपुण हो चुका है कि आपदा में अवसर को भुनाने की फिराक में रहता है। वह साँसें सिलेंडर में, प्यास मिनरल बॉटल में और भूख अनाज-गोदामों के मार्फत विक्रय करने लगता है। फालतू के नैतिक मूल्यों से टेंशन, अनैतिक मूल्यों से अटेंशन मिलता है। देश-समाज की चिंता, अच्छे-बुरे की चिंता, निर्माण-सृष्टि की चिंता यह सब बेफिजूल चिता समान है। भला कदम-कदम पर लूटने के लिए इतने सारे अवसर पड़े हों तो मूल्यों की चिंता में बीपी, शूगर क्यों मोल लें। ऊपर से बाल झड़ने की समस्या अलग से। आधुनिक समय में चंगा रहने का एक ही फामुर्ला है झ खुद जियो औरों को मरने दो। आज के समय में मूल्यहीन होकर ही मूल्यवान बना जा सकता है। बेकार के मूल्यों में समय खोटी मत करो। बगल वाला मरता है, तो मरने दो।

## न्यूज फ्लैश

### ढाबे पर युवक की हत्या में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। जैत** क्षेत्र में गुरुवार की रात हुई युवक की हत्या की घटना में मृतक के भाई ने थाना जैंत में तहरीर दी है। घटना की सूचना मिलते ही रात में ही एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। युवक को गोली लगी होने की सूचना से ग्रामीण आक्रोशित हो गये थे। इस बात की आशंका को देखते हुए कि ग्रामीण हाइवे जाम करने का प्रयास कर सकते हैं, मौके पर पुलिस बल बुला लिया गया था। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कर दिया। घटना के बाद ढाबे के मिलकर संचालित कर रहे दोनों संचालक मौके से फरार हो गये थे। पुलिस ने ढाबे पर काम करने वाले दो कर्मचारियों और ढाबा संचालन के लिए जमीन देने वाले जमीन के मालिक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने मौके से सीसीटीवी फुटेज देखे और सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर को भी अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई सतीश का कहना है कि ढाबा संचालक आपराधिक किस्म के लोग हैं 19 वर्षीय हरिओम पुत्र स्वः मूलचंद निवासी अजई जैंत पांच साल से ढाबा पर काम कर रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि हरिओम को गांव के बाहर खाली मैदान पर दो गाड़ियों में आए लोग अचेत हालत में फेंक कर चले गए। वहां से गुजर रहे युवक को देख लिया और इसकी सूचना ग्रामीणों के दे दी।

### सीडीओ ने कौशल विकास मिशन के प्रमाणपत्र बांटे



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। उत्तर** प्रदेश कौशल विकास मिशन योजनांतर्गत प्रशिक्षण प्रदाता खजानी वेलफेयर सोसायटी के द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र पर चलाए जाने वाले रोजगार पूरक व्यावसायिक पाठयक्रम का प्रमाण पत्र वितरण सीडीओ मनीष मीना द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए खजानी परिसर में दी जाने वाली सभी सुविधाओं की प्रशंसा की और कहा कि आपको यहां पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत चलाए जाने वाली व्यावसायिक प्रशिक्षण का जो लाभ हुए है उसका सदा उपयोग कर आत्मनिर्भर बने और अपने भविष्य को उज्जवल बनाए। सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये और शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिन्हें प्राप्त कर वैष्णवी, चित्रा शर्मा, ममता, डिंपल, प्रतीक्षा आदि ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सभी को धन्यवाद दिया। समारोह जिला कौशल प्रबंधक श्रीराम तिवारी, जिला कौशल प्रबंधक ललित कुमार एवं विकास राठी आदि मौजूद रहे। डायरेक्टर शिप्रा राठी द्वारा सभी अतिथियों को पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### बैंक कर्मचारी का खेतों में पड़ा मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
**बैंक कर्मचारी** की तेजधार हथियार से हत्या कर दी गई। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि मृतक की प्रेमिका के पति ने फोन पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने प्रेमिका के पति पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान असंध की बालाजी कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय अशोक बिंदल के रूप में हुई है। वह चिड़ाव मोड पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में डीसी रेट पर नौकरी करता था। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए असंध के मॉच्युरी हाउस में भेज दिया और शव को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। अशोक बिंदल के छोटे भाई महावीर ने बताया कि कल रात को उसकी भाभी का कॉल उसके पास आया था। उसने बताया था कि अशोक अभी तक घर नहीं लौटा है, जबकि वह साढ़े आठ बजे तक घर आ जाया करता था। इसके बाद उनकी चिंता बढ़ गई। उसने आसपास के एरिया में अपने भाई की तलाश की। वे उसकी तलाश में सारी रात भटकते रहे, लेकिन कोई भी सुराग नहीं लगा। उसने अस्पताल में भी चेक किया कि कहीं एक्सीडेंट में उसका भाई घायल न हुआ हो। महावीर ने बताया कि गुरुवार की शाम को उसका भाई किसी को छोड़ने के लिए नेवल गया था। उसकी शुक्रवार सुबह लोकेशन ट्रेस करवाई गई तो वह जलमाणा की आई, जो सुबह करीब 6.57 बजे की थी। वह अपने दोस्तों के साथ जलमाणा की तरफ पहुंचा तो वहां पर पहले से ही पुलिस खड़ी हुई थी। उन्होंने खेतों में पड़े शव की शिनाख्त की, जो अशोक का ही था।
मृतक के भाई ने बताया कि उसके बड़े भाई का जींद की एक महिला के साथ अफेयर चल रहा था। कहीं से उस महिला का नंबर भी लेकर बात की गई तो प्रेमिका ने उसे बताया कि सुबह 6.44 पर उसकी बात हुई थी और चीखने की आवाजें भी आ रही थी, लेकिन उसके बाद उसकी कोई बात नहीं हो पाई। मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि प्रेमिका के पति बलराज ने ही उसके भाई के साथ कुछ किया है, जिससे उसकी मौत हुई है। असंध थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि उन्हें सुबह किसान ने सूचना दी थी कि किसी व्यक्ति का शव उनके गेंहू के खेत में पड़ा है।

# 370 बोरी धान के गबन का आरोपी पकड़ा

## 2.5 लाख रुपये, 100 बोरी धान लदा एक कैन्टा ट्रक किया बरामद



**लोकेश चौधरी/मथुरा**
**व्यापारी** के करीब 2.5 लाख रुपये के धान का गबन कर उसे दूसरी मंडी में किसान बन कर बेच देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना जमुनापार संजीव कुमार दुबे ने बताया कि 2.5 लाख रुपये नगद, एक केन्ट्र ट्रक, 100 बोरी धान, दो फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की हैं। चार नवम्बर को श्री बंशी बाबा ट्रान्सपोर्ट एण्ड कमीशन एजेंट गोकुल बैराज मथुरा से यूपी 81 ईटी 5556 31 अक्टूबर को राया मण्डी से धान लोड करके जातिन राइस मिल घरोडा (पानीपत) के लिए रवाना हुआ था, ट्रक को दो नवम्बर तक घरोडा मिल तक पहुंचाना था लेकिन वह नहीं पहुंचा जिसके संबंध में थाना जमुनापार पर अभियोग पंजीकृत कराया था। अवैध असलहा भी बरामद हुआ है। आर्म्स एक्ट में भी मामला दर्ज किया गया है। अभियुक्त द्वारा फर्जी मोबाइल नम्बर से ट्रान्सपोर्टर को फोन करके बताया था कि गाडी से कहीं माल जाना हो तो मेरी गाडी उपलब्ध है। ट्रान्सपोर्टर द्वारा मंडी से व्यापारी का माल लोड करने के लिए भेजने पर सोनू उर्फ रणजीत पुत्र दिगम्बर निवासी पचावरी थाना सादाबाद हाथरस, हाल निवासी बैकुण्ठ धाम सोख रोड थाना हाइवे मथुरा द्वारा गाडी की फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर माल लोड कर लिया तथा लोड माल को बताये पते पर नहीं पहुंचा कर किसान बन कर दूसरी मंडी में बेच दिया। तथा मोबाइल नम्बर बन्द करके गाड़ी सहित गायब हो गया। ट्रक में राया मंडी से 370 बोरी धान ट्रक में लोड हुआ था। शुक्रवार को एक केन्टर ट्रक में 100 बोरी धान, ढाई लाचा रुपए व दो फर्जी नम्बर प्लेट व एक अवैध तमंचा के साथ बलदेव लक्ष्मी नगर रोड पर पशु पैठ के पास खाली पड़ी पेट्रोल पंप थाना जमुनापार मथुरा से गिरफ्तार किया गया।

## महूवन टोल पर की गई वाहन चालकों की आंखों की जांच




**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**सर्दियों** के सीजन में सड़क दुर्घटना बढ़ जाती हैं। घने कोहरे की वजह से लोग सड़क पर चल रहे वाहनों को देख नहीं पाते हैं और दुर्घटना घट जाती है। महूवन टोल प्लाजा पर कार्य कर रहे लोग व क्यूब हाइवे के कर्मचारी लोगों की मदद करने में आगे रहते हैं। महूवन टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत नेत्र जांच शिविर लगाया गया जिसमें वाहन चालकों की लोगों का आंख परिक्षण किया गया। परीक्षण में वाहन चालकों ने अपनी आंखों की जांच कराई और दवा ली। क्यूब हाईवे से प्लाजा मैनेजर निशित शर्मा ने कहा कि इस मौसम में अनावश्यक सफर न करें। आवश्यक कार्य होने पर ही घर से निकलें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहन चालक बैक लाइट व इंडिकेटर का प्रयोग करें। छोटे बच्चों को वाहन न चलाने दें। जांच शिविर के कार्यक्रम में क्यूब हाइवे से वैभव शर्मा, प्लाजा मैनेजर निशित शर्मा, टीआई शौर्य कुमार, एसकेएम से संजय यादव. जांचकर्ता डॉ. आरवी सिंह. डॉ. एनएस गौड. अनुराग गुप्ता, शिवकुमार शर्मा, केके उपाध्याय, टोल चौकी इंचार्ज व टोल कर्मी मौजूद रहे।

## लघु सचिवालय पानीपत का शहीद स्मारक महकेगा फूलों से



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कमाल हुसैन**
गुरु गोविन्द सिंह के जन्मोत्सव व गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर पानीपत के शहीद स्मारक में ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपने देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इको क्लब के विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण अभियान चलाया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि जिला पानीपत नगराधीश आदरणीय राजेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में शहीद स्मारक पानीपत का सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। 30 डहेलिया,35 इंग्लिश व देसी गुलाब, गेंदा, सहित विभिन्न प्रकार के 100 से अधिक पौधे योजना अनुसार रोपित किए गए।

## 'आप की हरियाणा में सरकार आने पर सुविधा दिल्ली की तरह मिलेगी'




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**हरियाणा में** परिवर्तन लाने के लिए आम आदमी पार्टी की परिवर्तन यात्रा वीरवार को गन्नौर में पहुंची। यात्रा का आम आदमी पार्टी के नेता व ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेन्द्र छिक्कारा के नेतृत्व में आप के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद डा. सुशील गुप्ता का काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जोश व उत्साह के साथ स्वागत किया। यात्रा गन्नौर रेलवे स्टेशन से शुरू हुई और रेलवे रोड से होती हुई जी टी रोड पर आप नेता महेन्द्र छिक्कारा के कार्यालय पर जाकर समाप्त हुई। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आप की हरियाणा में सरकार आने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली की सुविधा दिल्ली की तरह मिलेगी। हरियाणा में स्कूलों की हालत खराब है। डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि दिल्ली, पंजाब की तरह हरियाणा भी बदलेगा। भाजपा सरकार धर्म, जाति के नाम पर लड़ाते है। किसान नाराज है। 750 से अधिक किसानों ने बार्डर पर शहादत दी। आज तक शोक प्रस्ताव पास नही किया। किसानों को बोला था कि हम एमएसपी की गारंटी का कानून लाएंगे। संसद में जिक्र तक नही किया। चुनाव में काला धन विदेशों से लाने के लिए कहा था। नही लाए। हम व्यवस्था चाहते है कि दिल्ली सरकार सब कुछ फ्री देने के बाद भी दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार 8 हजार 200 करोड़ रुपए कमाती है। हरियाणा सरकार कुछ फ्री नही देती और 50 हजार करोड रुपएं सलाना बजट का घाटा है। अपने मित्रों को तो दुनिया का सबसे नम्बर वन आदमी बना दिया है। जनता को सोचना पड़ेगा और दिल्ली, पंजाब के बाद हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार होगी। इस मौके पर राई हलका प्रभारी अनिल भारद्वाज, सुनील दहिया, राकेश दहिया, कृष्ण शर्मा, ध्रुव भारद्वाज, आशीष प्रशार, राजेश सरोहा, महेन्द्र छिक्कारा, सरोजबाला आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बिजली चैकिंग टीम पर हमले के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कार्यालय बंद रख धरना दिया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**एच.एस.ई.बी.श्रमिक संघ** हरियाणा के बैनर तले बिजली विभाग के गढ़ी -ा-ारा रोड स्थित कार्यालय में सचिव जितेन्द्र के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों ने बिजली चैकिंग करने गई टीम पर जानलेवा हमला करने व जान से मारने की धमकी के मामले में कार्यालय बंद रख रोष जताया। इसके बाद एसडीएम को कार्रवाई के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि अगर दो दिन के अन्दर पुलिस हमलावरों को गिरफ्तार नही करती तो मिनी सचिवालय के गेट पर धरना शुरू कर देंगे। सचिव जितेन्द्र ने कहा कि उनकी ज्ञापन में मांग है कि भावर गांव में बिजली विभाग के जेई नीरज व एएलएम सतीश बिजली चोरी की जांच के लिए गए हुए थे। इस दौरान कर्मचारियों के मोबाईल भी तोड़ दिए।

## सीएम फ्लाइंग-सीआईडी ने पाल नगर क्षेत्र में एक दुकान पर की रेड

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार शर्मा। स्थानीय** पाल नगर क्षेत्र में सीएम फ्लाइंग, सीआइडी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक दुकान से 40 गैस सिलेंडर बरामद किए। ये गैस सिलेंडर दुकानदार की ओर से अवैध तरीके से सप्लाई किए जा रहे थे। पुलिस ने बरामद सिलेंडरों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। रामनगर थाना के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि उन्हें सीएम फ्लाइंग की तरफ से सूचना मिली थी कि काछवा रोड पर स्थित पाल नगर में एक दुकानदार अवैध रूप से सिलेंडरों की सप्लाई और भरने का कार्य कर रहा था। सूचना पर उक्त दुकान पर दबिश दी तो वहां पर इंडियन कंपनियों के खाली 3 और भरे हुए 37 गैस सिलेंडर बरामद हुए।

## एआइ की मदद से हम 2047 तक विकसित राष्ट्र होंगे: डॉ.रवींद्र सोनी



**टीम एक्शन इंडिया/कुलदीप सिंह समालखा**
**समालखा**
**ऑल** इंडिया काउंसिल ाॅर टेक्नीकल एजुकेशन (एआइसीटीई) में एडवाइजर डॉ.रवींद्र कुमार सोनी ने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलीजेंस की रिसर्च में 2015 में भारत का 81वां स्थान था। लेकिन भारतीयों ने अपने हुनर से लंबी छलांग लगाते हुए 40वां स्थान हासिल कर लिया है। विकसित भारत के लक्ष्य को हम 2047 से पहले ही हासिल कर सकते हैं। डॉ.रवींद्र सोनी यहां पाइट कॉलेज में एआइसीटीई की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति की मदद से इंजीनियरिंग के साथ-साथ अलग विषय भी ले सकते हैं। इससे आप दबाव में नहीं रहेंगे। शिक्षा नीति से भारत का विकास तेजी से होगी। एनआइटी कुरुक्षेत्र से ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि एक साल के अंदर भारत में एआइ पर एक लाख पब्लिकेशन हुए हैं। भारत में भी ऐसे एआइ टूल बन सकते हैं जो नई राह दिखाएंगे। आने वाली पीढ़ी हमें प्रकाश दिखाने का काम करेगी। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से विशेष अतिथि राकेश कुमार ने कहा कि अगर आपकी लर्निंग अच्छी है तो मशीन की लर्निंग अच्छी होगी। आप ज्यादा पढ़ें, रिसर्च करें तो बेहतर परिणाम सामने आएंगे। कनाडा के एलबर्टा से प्रोफेसर रंगाराज ने ऑनलाइन शामिल होकर हेल्थ केयर पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में बेहद तरक्की होगी। मशीन लर्निंग की मदद से बीमारियों को एडवांस में पता कर लिया जाएगा। कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एवं मैथमेटिकल एप्लीकेशंस पर हुई इस कॉन्फ्रेंस में शोध प्रस्तुत किए। बेस्ट पेपर को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, वीटेक आर्टिफिशल इंटेलीजेंस विभाग के अध्यक्ष डॉ.देवेंद्र प्रसाद, आरएंडडी विभाग की अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी एवं सीएसई विभाग के अध्यक्ष डॉ.एससी गुप्ता भी मौजूद रहे।

## बाबा श्याम के दर्शनों के लिए राजलू गढ़ी से पैदल भक्तों का जत्था रवाना

**बाबा के दर पर**

**बाबा श्याम के भक्तों का महिला एवं पुरुषों का जत्था चुलकाना में बाबा श्याम के दर्शनों के लिए रवाना हुआ**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गांव राजलू** गढ़ी गांव के शिव मंदिर से मोक्षदा एकादशी के उपलक्ष्य में बाबा श्याम के भक्तों का महिला एवं पुरूषों का जत्था चुलकाना में बाबा श्याम के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। पैदल जत्थे का नेतृत्व नरेन्द्र राठी, जयभगवान राठी, कृष्ण, मनीषा, पूजा, बलराम, अजीत, त्रिलोकचंद शर्मा, निर्मला देवी, अमित, धर्मबीर, काला, अजीत के नेतृत्व में बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए रवाना हुआ। रवानगी से पूर्व मंदिर के महंत मौनी बाबा के सानिध्य में भक्तों ने आशीर्वाद लिया। रवाना होने से पूर्व महिलाओं का बाबा श्याम के प्रति उत्साह देखते ही बनता था। महिलाओं ने डीजे पर बाबा श्याम के भजनों पर जमकर नाचे। भक्त जयभगवान रने कहा कि बाबा के प्रति इतनी आस्था है कि एकादशी पर बाबा जत्थे के रूप में बुलाते है और सभी महिलाएं उत्साह से हर एकादशी पर जाती है। बाबा की भक्त पूजा राठी ने कहा कि एकादशी के दिन बाबा श्याम के दर्शनों के लिए चुलकाना धाम जा रहे है। बाबा श्याम जो भी मन्नत मांगते है। बाबा उसे जरूर पूरा करते है। मनीषा राठी ने कहा कि भक्तों की मंडली बाबा श्याम के दर्शनों के लिए जा रहे है। बाबा ने भक्तों का भला किया और आगे भी करेंगे।

# बदलाव यात्रा 23 दिसंबर शनिवार को पानीपत में प्रवेश करेगी: आप



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आम** आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ और प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक ने कहा कि वरिष्ठ नेता निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा के नेतृत्व में कालका से चली पार्टी की बदलाव यात्रा 23 दिसंबर शनिवार को गांव गांजबड के रास्ते पानीपत में प्रवेश करेगी और शनिवार को ही पानीपत ग्रामीण हलके में कुटानी रोड स्थित वर्मा चौक से लेकर ड्रेन नं. एक तक पैदल पदयात्रा निकाली जाएगी। उसके उपरांत शनिवार शाम को गांव नांगलखेडी में बीआर अंबेडकर स्कूल में रागनी कंपीटशन का आयोजन किया जाएगा। राकेश चुघ व सुखबीर मलिक शुक्रवार को तहसील कैंप स्थित आप जिला कार्यालय में बदलाव यात्राओं की जानकारी देने के लिये पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर रविवार को सनौली रोड पर आप कार्यालय से लेकर जीटी रोड पर संजय चौक तक पैदल पदयात्रा पानीपत शहरी क्षेत्र में निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि पानीपत में 23 व 24 दिसंबर को निकाली जाने वाली पदयात्राओं को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# कला उत्सव में शहीद शेरसिंह उच्च विद्यालय का श्रेष्ठ प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**19 से** 20 दिसंबर 2023 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक वि?ालय नुना माजरा में खंड स्तरीय एकाल रोल प्ले मॉडल मेकिंग पोस्टर मेकिंग सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें बहादुरगढ़ खंड के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिताएं छात्रों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि को बढ़ावा देने एवं व्यक्तित्व विकास के लिए आयोजित की गई। शहीद शेर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बालोर के छात्र व छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ सभी प्रतियोगिताओं में विषय अनुसार स्वास्थ्य यातायात एवं संचार कृषि पर्यावरण अनुसार जीवन शैली आदि में बढ़-चढ़कर भाग लिया परिणाम स्वरूप अनिकेत कक्षा 6 ने मोबाइल के नकारात्मक इस्तेमाल पर सकाल रोल प्ले करके सबको अचंभित कर दिया तथा प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। हर्षिता कक्षा 6 ने मोटा अनाज विषय पर एकल अभिनय करके सब की वाह वाही लूटी तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कशिश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 9 से 12 वर्ग में कक्षा 9 की छात्रा आरती ने सोशल मीडिया विषय पर सत्य घटना पर आधारित अभिनय करके सबको जागरूक किया तथा द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया पोस्टर मेकिंग में कक्षा 6 से 8 ग्रुप में सलोनी प्रथम एवं शीतल को द्वितीय पुरस्कार मिला और कक्षा 9 से 12 वर्ग में सागर ने कृषि विषय पर प्रथम पुरस्कार मुस्कान ने भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। मॉडल मेकिंग में 6 से 8 वर्ग में अमन को तृतीय पुरस्कार में 9 से 12 वर्ग में महक ने द्वितीय पुरस्कार और मानसी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ में 20 दिसंबर को कला उत्सव आयोजित किया गया था जिसमें राजकीय उच्च विद्यालय बालोर की कक्षा 9वीं की छात्रा पायल ने कला में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताओं में राजकीय उच्च विद्यालय बालोर की श्रेष्ठ प्रदर्शन को देखते हुए मुख्य अध्यापिका अनीता कौशिक ने मुकुल चौधरी विज्ञान अध्यापिका सुषमा पीजीटी केमेस्ट्री अनीता बुलिया गृह विज्ञान अध्यापिका एवं प्रतिभा कला अध्यापिका को उनके विशेष योगदान के लिए बधाई दी।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 23 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# अयोध्या: 30 को होगा प्राण प्रतिष्ठा आयोजन का ग्रैंड रिहर्सल

## 22 जनवरी के महाआयोजन जैसा ही 30 दिसंबर को दिखेगा नजारा, मुख्यमंत्री योगी का निर्देश, फूलों से सजाई जाए अयोध्या

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

अयोध्या में अपने दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा अब से ठीक एक माह की देरी पर है। ऐसे में प्रदेश की योगी सरकार आगामी 22 जनवरी 2024 को होने वाले ग्रैंड इवेंट का ग्रैंड रिहर्सल कराने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सजावट का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, जैसा आगामी 22 जनवरी के दौरान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। इसलिए 30 दिसंबर की तैयारियों को 22 जनवरी 2024 के लिए ग्रैंड रिहर्सल के तौर पर माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रैंड रिहर्सल की तैयारियां करने का निर्देश दिया है।





बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन सहित हजारों करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को ही अयोध्या का दौरा किया था। उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान अयोध्या को ठीक वैसे ही सजाया जाए, जैसे 22 जनवरी 2024 के लिए तैयारी है।

**सुंदर फूलों से सड़कों को सजाया जाए :** सीएम योगी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अयोध्या में चार प्रमुख मार्ग (राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ व धर्म पथ) को आकर्षक ढंग से पुष्पों से सजाया जाए। इस दौरान फुटपाथ पर सुंदर फूलों वाले गमलों से साज सज्जा की जाए। साथ ही राम पथ के फुटपाथ व मुख्य कैरेज वे के बीच में आकर्षक रेलिंग लगाई जाएं। चारों प्रमुख मार्गों पर लाइट एवं फसाड के कार्य एक हफ्ते में ही पूरे कर लिए जाएं। इसमें पीडब्लूडी, राजकीय निर्माण निगम, विकास प्राधिकरण और अयोध्या नगर निगम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होना चाहिए। अयोध्या विश्व स्तरीय पर्यटन सिटी के रूप में नजर आनी चाहिए।

**चमकनी चाहिए सड़कें, सजावटों से आनी चाहिए शाइनिंग:** मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री मोदी के आगामी

**दिव्य, भव्य**

**8 30 दिसंबर को पीएम मोदी का अयोध्या दौरा, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन का होगा उद्घाटन**

अयोध्या दौरे को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ग्रैंड रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जाए। हाईवे से नयाघाट की तरफ आ रहे धर्म पथ की भी सजावट आकर्षक होनी चाहिए और एयरपोर्ट से नयाघाट के मार्ग को उसी प्रकार आकर्षक फूलों से सजाया जाय जिस प्रकार सुल्तानपुर रोड से एयरपोर्ट फोरलेन मार्ग को सजाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-गोरखपुर में अयोध्या बाईपास की रेलिंग को आकर्षक रंगों से पेंट किया जाय तथा उसकी मीडियन में आकर्षक फूल व गमले आदि रखे जाएं। एनएचआई बाईपास मार्ग के डिवाइडर पर जो सजावट की जा रही है उनमें बेहतर शाइनिंग दिखाई आनी चाहिए। अयोध्या में कही भी सड़कों पर धूल तथा गन्दगी नहीं दिखनी चाहिए। अयोध्या में प्रधानमंत्री का स्वागत पुष्पवर्षा करके किया जाए। अयोध्या एयरपोर्ट से लेकर शहर के अन्य विभिन्न स्थानों पर गेट बनाये जाएं तथा उन्हें बेहतर ढंग से सजाने की व्यवस्था की जाए।

**भारत के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा इवेंट होगा रामोत्सव:** बता दें कि रामोत्सव-2024 की तैयारी में जुटी योगी सरकार इस एक माह में ना सिर्फ अयोध्या को बल्कि पूरे प्रदेश को राममय बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

**फास्ट न्यूज**

### आरएलडी जिलाध्यक्ष के घर में चल रहा था देह व्यापार, छह काबू

**कासगंज:** ऐसा कोई अनैतिक कार्य नहीं, जो इस जिले में न होता हो। जुआ-सट्टा, ड्रग्स के बाद अब देह व्यापार का भी पर्दाफाश हुआ है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यह देह व्यापार रालोद जिलाध्यक्ष के घर में चल रहा था। पुलिस ने वहां से रालोद जिलाध्यक्ष सहित चार महिलाओं और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। मौके से 44 हजार रुपए, पांच मोबाइल, कंडोम के तीन पैकेट के साथ ही सिगरेट की डिब्बी और बीयर की खाली कैन बरामद की हैं। पुलिस की सर्विलांस सेल ने रैकेट का सुराग लगाया था। पुलिस को पिछले काफी समय से जिले के देह व्यापार होने की सूचनाएं मिल रही थीं। सर्विलांस टीम इसकी सुरागरसी में जुटी थी। टीम के प्रभारी प्रवेश राना को गुरुवार की शाम सूचना मिली कि नगर से सटे गांव अहरौल में रालोद जिलाध्यक्ष आशमा वारिसी के घर में देह व्यापार किया जा रहा है। सर्विलांस प्रभारी ने इस जानकारी से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया तो उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दे दिए। चूंकि मामला देह व्यापार से संबंधित था, इसलिए एसओजी प्रभारी विनय शर्मा को इसमें लगाया गया। उन्होंने महिला थाना प्रभारी सरिता तोमर को साथ लिया। इस तरह सर्विलांस, एसओजी और महिला थाने की संयुक्त टीम ने सीओ सिटी अजीत चौहान के नेतृत्व में रात में अहरौली पहुंचकर रालोद जिलाध्यक्ष के घर की घेराबंदी कर ली। मजिस्ट्रेट के रूप में नायब तहसीलदार अरविंद गौतम को भी साथ लिया गया। जब दरबाजा खटखटाया तो एक युवक ने उसे खोला, बाहर पुलिस देखते ही उसने शोर मचाया भागो-भागो पुलिस ह

### अशासकीय विद्यालयों में शिक्षक भर्ती पर लगी रोक हटी

**देहरादून:** प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों एवं अन्य कर्मचारियों की भर्ती पर लगी रोक हटा दी गई है। सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट के स्टे के बाद शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। शिक्षा विभाग ने अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती में अनियमितता की शिकायत पर शिक्षक भर्ती पर रोक लगा दी थी। 19 सितंबर 2023 को शासन ने आदेश जारी किया था कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, सहायक अध्यापक एवं शिक्षणेतर पदों पर कनिष्ठ सहायक व वरिष्ठ सहायक नियुक्ति पर रोक लगाई जाती है। शासन के इस आदेश के खिलाफ एक विद्यालय ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

# राहुल गांधी अपरिपक्व और अलोकतांत्रिक: अनुराग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बीते** गुरुवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति तैयार करने पर चर्चा की। साथ ही कई नेताओं, कांग्रेस सांसदों ने राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा 2.0 की शुरूआत करने का आग्रह किया, जिसमें नेताओं ने अनुरोध किया कि वह पूर्व से पश्चिम तक एक भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन करें। वहीं भाजपा उन्हें सभापति जगदीप धनखड़ मिमिक्री मामले में घेरते नजर आ रही है।

**राहुल गांधी अपरिपक्व और अलोकतांत्रिक- अनुराग:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने तीखी टिप्पणी की है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने राहुल गांधी को अपरिपक्व, अलोकतांत्रिक, अगंभीर व्यक्ति करार दिया है। उन्होंने कहा कि चाहे वे संसद के अंदर हो या बाहर हर जगह वे अपरिपक्वता दिखाते हैं। साथ ही उनके कार्य और भाषण अलोकतांत्रिक होते हैं। उनकी कई बार आलोचना हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संसद में ही नहीं आते थे, सिर्फ मोबाइल पर ही रहते थे। अनुराग बोले, सभापति का मजाक बना रहे थे राहुल गांधी टीएमसी सांसद द्वारा सभापति की मिमिक्री का वीडियो रिकॉर्ड किए जाने पर राहुल गांधी को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने जो किया उसके लिए देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। अगर एक सांसद ने गलत काम किया है तो आपको उन्हें रोकना चाहिए था, लेकिन वह भी उन लोगों के साथ शामिल हो गए जिन्होंने गलत काम किया था।

**कटाक्ष**

**8 राहुल गांधी चाहे वे संसद के अंदर हो या बाहर हर जगह वे अपरिपक्वता दिखाते हैं: मंत्री अनुराग**

# प्रेमानंद महाराज के अब रात के समय नहीं होंगे दर्शन, आश्रम का फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**संत** प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज छटीकरा मार्ग स्थित अपने आवास से सोमवार रात ढाई बजे पदयात्रा न कर कार से वराह घाट स्थित अपने आश्रम श्रीहित राधा केलि कुंज पहुंचे। इस कारण कड़ाके की ठंड में तीन-चार घंटों से सड़क के दोनों ओर खड़े भक्तों-संतों को दर्शन नहीं हो सके और वे मायूस हो गए। हालांकि दिनभर उनके आश्रम में भक्तों का आना-जाना लगा रहा। संत प्रेमानंद महाराज



के स्वास्थ्य और उनके दर्शन के लिए रात से ही उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ को देखते हुए पदयात्रा पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है। श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम के सूत्रों के अनुसार संत प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज अपने परिकर के साथ सोमवार रात ढाई बजे पैदल न चलकर कार से आश्रम पहुंचे और अपनी ईष्ट राधारानी की सेवा पूजा और आराधना की। उनका नियत समय पर सत्संग भी हुआ।

आश्रम का शाम को गेट खुलने के समय में एक घंटे का बदलाव किया गया। आश्रम का गेट पौने तीन बजे खोला, जबकि पहले एक घंटे देरी से खोला जाता था।

### मानव तस्करी मामले में 11वें आरोपी को किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मानव तस्करी मामले में 11वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने पिछले महीने देशव्यापी छापेमारी के बाद इस मामले का भंडाफोड़ किया था।

एनआईए ने पिछले महीने सऊदी जाकिर के घर पर तलाशी ली थी। जिसके बाद से वह फरार था। उसको उसके कोच्चि (केरल) ठिकाने पर ट्रैक किया गया और हिरासत में ले लिया गया। जांच में पता चला है कि आरोपी अवैध रूप से भारत-बांग्लादेश सीमा पर बेनापोल के रास्ते भारत में घुसा था। इसके बाद वह कर्नाटक के बंगलूरू शहर के बेलंदूर इलाके में चला गया था। इस इलाके में उन्होंने एक अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण इकाई स्थापित की थी और अन्य विदेशी नागरिकों की भर्ती की थी। इन विदशी नागरिकों ने अवैध रूप से देश में प्रवेश किया था।

### राज्य में उत्पादित बिजली के लिए 12 रुपये की मांग

**देहरादून:** परियोजना से पैदा होने वाली बिजली की शुरूआती कीमत भी करीब 8.50 रुपये प्रति यूनिट आई थी। आगामी वित्तीय वर्ष से यूजेवीएनएल ने इस परियोजना की बिजली के दाम बढ़ाने की मांग की है। इसके पीछे परियोजना पर हो रहे खर्च को कारण बताया गया है। प्रदेश में बिजली की महंगाई कैसे रुकेगी, जब राज्य में पैदा हो रही बिजली के दाम ही 12 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच जाएंगे।

# सूखा सहायता राशि मांगने प्राइवेट लग्जरी जेट से दिल्ली गए सिद्धारमैया



**टीम एक्शन इंडिया/बंगलूरू**

कांग्रेस ने ऑनलाइन चंदा जुटाने के लिए अभियान शुरू किया है। वहीं इस बीच कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिनमें वह एक प्राइवेट लग्जरी जेट में बैठे नजर आ रहे हैं। सीएम के साथ कर्नाटक के मंत्री जमीर अहमद खान भी हैं।

इसे लेकर भाजपा ने सीएम और कांग्रेस को निशाने पर ले लिया है। भाजपा ने तंज कसते हुए कहा है कि एक तरफ कांग्रेस चंदा मांग रही है, वहीं दूसरी तरफ सीएम सिद्धारमैया प्राइवेट जेट में घूमते दिख रहे हैं।

**भाजपा नेता ने सीएम सिद्धारमैया पर साधा निशाना:** भाजपा अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो कर्नाटक सरकार के मंत्री जमीर अहमद खान ने पोस्ट किया है। इस पोस्ट में अमित मालवीय ने लिखा कि 'एक तरफ कांग्रेस ऐसे दिखा रही है कि वह चंदा मांग रही है और उनके पास विपक्षी गठबंधन के नेताओं को समोसे खिलाने का भी पैसा नहीं हैं।

# यूपी: 'नेताजी' का कद और बड़ा करने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**लोकसभा** चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी नेताजी का कद और बड़ा करने की तैयारी में है। इसी कड़ी में पार्टी ने संस्थापक मुलायम सिंह यादव की आदमकद प्रतिमा तैयार कराने की योजना तैयार की है। नोएडा पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पद्मभूषण मूर्तिकार रामसुतार से मुलाकात कर



प्रतिमा बनाने की अपील की। अखिलेश ने रामसुतार को सैफई आने के लिए आमंत्रित किया है। सोमवार को ग्रेटर नोएडा के एक कार्यक्रम के बाद अखिलेश यादव गोपनीय तरीके से नोएडा पहुंचे। नोएडा में उनका कोई कार्यक्रम तय नहीं था। वह मशहूर मूर्तिकार रामसुतार से मिलने पहुंचे।

मौके पर नेताजी की प्रतिमा बनाने के लेकर दोनों में बातचीत हुई। उन्होंने रामसुतार का स्टूडियो भी देखा। हालांकि प्रतिमा कितनी बड़ी इसका फैसला रामसुतार के सैफई जाने के बाद ही होगा।

# ललितपुर बल्क ड्रग फार्मा पार्क योजना को गति देगी योगी सरकार

**औद्योगिक उन्नति**

**8 5 गांवों की कुल 1472 एकड़ भूमि पर बल्क ड्रग पार्क का होगा निर्माण, विकास प्रक्रिया को किया जाएगा पूर्ण**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में औद्योगिक उन्नति को नए आयाम देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए जिन सेक्टर्स में सबसे ज्यादा फोकस किया जा रहा है उसमें उद्योग प्रमुख है। इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में बुंदेलखंड के ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास पर



फोकस कर रही है। उल्लेखनीय है कि ललितपुर के कुल 5 गांवों में 1472 एकड़ में फैले बल्क ड्रग फार्मा पार्क में दो फेज में विकास का खाका खींचा गया है। ऐसे में, उत्तर प्रदेश में औद्योगिक परिवेश को बदलने, देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की धाक जमाने के साथ ही जेनरिक दवाओं के उत्पादन हब के तौर पर ललितपुर के विकास का रास्ता साफ हो गया है। सीएम योगी की मंशा अनुसार, परियोजना के अंतर्गत फेज-1 में 300 एकड़ भूमि के डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराकर विकास कार्यों की शुरूआत की जाएगी। सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में बनी विस्तृत कार्ययोजना को धरातल पर उतारने के लिए अब उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने की प्रारंभ कर दी है।

**क्षेत्र के बुनियादी विकास के लिए कई मानकों पर होगा काम**

ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास के लिए फेज-1 में यूपीसीडा डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने के लिए कंसल्टेंसी फर्म को कार्य आवंटित करेगा। इस कड़ी में, यूपीसीडा द्वारा नेशनल कॉम्पिटीटिव बिडिंग (एनसीबी) के जरिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) व रिक्वेस्ट फॉर क्वॉलिफिकेशन (आरएफक्यू) प्रक्रिया के जरिए आवेदन मांगे हैं। जिन फर्म्स द्वारा कार्य आवंटन के लिए आवेदन किया जाएगा उन्हें तीन स्तरीय निर्धारण प्रक्रिया से गुजरना होगा।



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 342 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आनंद विहार में डीडीए की जमीन पर चल रहा माफिया का साम्राज्य



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश की** राष्ट्रीय राजधानी के आनंद विहार में कैलाश दीपक अस्पताल के पीछे डीडीए की कई बीघा जमीन पर माफिया का पूरा साम्राज्य चल रहा है। यहां घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर से गैस चोरी, भवन निर्माण सामग्री का व्यापार होने के साथ ही बस का गैराज बना हुआ है। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जहां से हर कोने पर निगाह रखी जाती है।

**झुग्गियों को भी मिल रहा बिजली कनेक्शन:** डीडीए के अधिकारियों ने इस मामले में चुप्पी साध ली है। कैलाश अस्पताल के बराबर से डीडीए की जमीन पर रास्ता जा रहा है। यहां कई झुग्गियां भी बसी हुई हैं। झुग्गियों में रहने वाले लोगों को बिजली का कनेक्शन भी मिला हुआ है। इन झुग्गी वालों के जरिये माफिया बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधि भी यहां कुछ नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय विधायक ओपी शर्मा डीडीए में यहां पर कब्जे का मुद्दा उठा चुके हैं, डीडीए के अधिकारी उनकी एक नहीं सुनते। आरोप है कि डीडीए व पुलिस यहां के माफिया से मोटी रकम वसूल रहे हैं। इसलिए कार्रवाई नहीं करते। इस संबंध में डीडीए के पीआरओ बिजय पटेल को कॉल और व व्हाट्सएप मैसेज व डीडीए उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा को व्हाट्सएप मैसेज किए, दोनों अधिकारियों ने कोई जवाब नहीं दिया।

**एलपीजी सिलेंडर से चोरी होती है गैस:** खुलेआम यहां पर घरेलू एलपीजी सिलेंडर से गैस चोरी की जा रही है। कोई अंदाजा लगा सकता है कि उपभोक्ताओं के घरों में सिलेंडर पहुंचने से पहले उन सिलेंडर से डिलीवरी ब्वाय गैस चोरी कर रहे हैं। गैस एजेंसी के डिलीवरी ब्वाय एजेंसी से गैस सिलेंडर लेकर उन्हें डीडीए की जमीन पर लेकर पहुंचते हैं। डीडीए की जमीन पर माफिया ने गैस रिफिलिंग का पूरा सिस्टम लगाया हुआ है। वजन करने के लिए तराजू भी लगाए हुए हैं।

# शराब घोटाला: आप सांसद संजय की जमानत याचिका खारिज

= दिल्ली की अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में उन्हें जमानत देते ने इनकार कर दिया

**झटका**
8 आप सांसद को रिश्वत देने के बारे में आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश और अन्य गवाहों के बयानों में विरोधाभास हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शराब** घोटाले में जेल में बंद आप सांसद संजय सिंह को नए साल से पहले बड़ा झटका लगा है। शुक्रवार को दिल्ली की अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में उन्हें जमानत देते ने इनकार कर दिया है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट की तरफ से जमानत याचिका खारिज की गई है।

**संजय सिंह के वकील का तर्क:** इससे पहले गुरुवार को अदालत ने अपनी कार्यवाही स्थगित कर दी थी और कहा था कि वह संजय सिंह की जमानत याचिका पर 22 दिसंबर को फैसला सुनाएगी। जमानत अर्जी पर बहस के दौरान संजय सिंह के वकील ने कहा था कि आप सांसद को रिश्वत देने के बारे में आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा और अन्य गवाहों के बयानों में विरोधाभास हैं।

**सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकतें- ईडी:** वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आप सांसद के आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि जांच अभी भी चल रही है। अगर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया तो वह जांच में बाधा डाल सकते हैं, सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

ईडी ने आरोप लगाया कि 2021-2022 की उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में संजय सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कुछ शराब निमार्ताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को लाभ हुआ।

**04 अक्टूबर को संजय सिंह की हुई थी गिरफ्तारी:** बता दें कि इससे पहले गुरुवार यानी 21 दिसंबर को दिल्ली की अदालत ने संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 10 जनवरी तक बढ़ा दी है।

## नया साल ही नहीं सिसोदिया की जेल में ही मनेगी संक्रांति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। अभी सिसोदिया को तिहाड़ जेल में ही रहना होगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को 19 जनवरी 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। अब सुनवाई अगली तारीख तक बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने आरोपियों के वकील को सीबीआई मुख्यालय में दस्तावेजों का निरीक्षण करने के लिए 15 जनवरी तक का समय दिया है। कोर्ट ने सीबीआई को निरीक्षण की सुविधा के लिए पर्याप्त अधिकारी तैनात करने और अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

**सुप्रीम कोर्ट से लग चुका है सिसोदिया को झटका:** मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लग चुका है। घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने समीक्षा याचिकाएं खारिज की थीं।
पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हमने समीक्षा याचिकाओं और उनके समर्थन में दिए गए आधारों का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है। हमारी राय में, 30 अक्तूबर, 2023 के फैसले की समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है।



निलंबित विपक्षी सांसदों के साथ जंतर-मंतर पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

## मौत को दावत देते फुटओवर ब्रिज: रेलिंग नहीं होने से किशोर की मौत, 2018 से नहीं हुआ सुरक्षा ऑडिट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर** पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में फुटओवर ब्रिज (एफओबी) की रेलिंग नहीं होने से एक किशोर की गिर कर मौत हो गई। इस मामले में अभी जांच पुलिस चल रही है कि किशोर को गिराया गया था या वह खुद गिरा था। लेकिन फुटओवर ब्रिज के जिस हिस्से से वह गिरा था वहां पर रेलिंग नहीं थी। राजधानी में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की तरफ से 80 से अधिक फुटओवर ब्रिज बनाए हैं। लेकिन इनमें से अधिकतर की हालत ऐसी है कि इनका इस्तेमाल करना मौत को दावत देने जैसा है। जानकारों का कहना है कि दिल्ली में बने फुटओवर ब्रिजों का वर्ष 2018 के बाद से सुरक्षा आडिट नहीं कराया गया है। हालांकि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि जर्जर और खतरनाक फुटओवर ब्रिजों का सर्वे समय-समय पर कराया जाता है। इसके आधार पर उसे ठीक कराने की कार्रवाई की जाती है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। जानकारों का कहना है कि अधिकतर फुटओवर सुरक्षित नहीं हैं। एफओबी की ऊंचाई का नियम 5.5 मीटर है। लेकिन, कई जगह उसकी ऊंचाई भी कम है। कई फुटओवर ब्रिजों में फ्लोरिंग की भी समस्या है। उनमें जंग लग चुका है। लोहे के फ्रेम में भी कई जगह जंग लगा है, जिससे वह खतरनाक हो चुके हैं।

हसनपुर डिपो फुटओवर ब्रिज
हसनपुर डिपो के पास कई वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी ने फुटओवर ब्रिज बनाया था। लेकिन देखरेख में आभाव में यह फुटओवर ब्रिल जानलेवा हो गया है। यहां पर सीढ़ियों के पास रेलिंग नहीं है। जिससे गिरने का खतरा बना हुआ है। लोग इसका इस्तेमाल करने से डर रहे हैं। इससे वे चलते यातायात के बीच सड़क पार करने को मजबूर हैं।

## मास्टरमाइंड ललित झा की पुलिस रिमांड 5 जनवरी तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**13 दिसंबर** के दिन संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में मास्टरमाइंड कहे जा रहे ललित झा की पुलिस रिमांड 5 जनवरी तक बढ़ा दी गई। ललित झा को पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां उसकी रिमांड 5 जनवरी तक बढ़ा दी गई। इससे पहले घटना में लिप्त अन्य चार आरोपी सागर शर्मा, नीलम, मनोरंजन और अमोल की भी पुलिस रिमांड 5 जनवरी तक बढ़ाई गई थी।

## गणतंत्र दिवस: कर्तव्य पथ पर परेड की रिहर्सल शुरू


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हर** साल की तरह इस बार भी 26 जनवरी 2024 को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर भारत अपना गणतंत्र दिवस मनाएगा। इस बार 75वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू हो चुकी है। शुक्रवार की सुबह परेड रिहर्सल निकाली गई। अब 26 जनवरी तक हर दिन रिहर्सल होगी। इसके बाद फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। इससे पहले क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के तहत गणतंत्र दिवस समारोह के लिए राष्ट्रपति बाइडन को आमंत्रित किया था। हालांकि, उन्होंने कुछ कारणों के चलते जनवरी में यहां आने में असमर्थता जताई। इसके बाद फ्रांस के राष्ट्रपति को आमंत्रित किया गया।

## राज्यसभा में सांसद संजय की कौन लेगा जगह? आप करेगी फैसला

**नई दिल्ली:** अगले साल यानी 19 जनवरी को चार राज्यसभा सीट ( दिल्ली की तीन और सिक्किम की एक) पर चुनाव होने जा रहे हैं।
इन सीटों के सांसद का कार्यकाल अगले साल 27 जनवरी को खत्म हो रहा है। इसके चलते चुनाव आयोग ने कहा कि 19 जनवरी को इन सीटों पर चुनाव होंगे।

**27 जनवरी को खत्म होगा कार्यकाल:** दिल्ली में राज्यसभा सांसद संजय सिंह, सुशील कुमार गुप्ता और नारायण दास गुप्ता का छह साल का कार्यकाल अगले 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है। दिल्ली के तीनों सांसद आम आदमी पार्टी के हैं। वहीं, सिक्किम हिशे लाचुंगपा का कार्यकाल अगले साल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है।


आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
Cataract Surgery
Spectacles Removal
Glaucoma Management
Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
Diabetic Retinopathy Management
Squint & Lazy Eye Management
Management Of Eye Injury
Eye Problems Of Children
OCT
Complete Eye Checkup
Management Of Painful Eye Red
Management Of Watery Eye
Contact Lens
Retina Surgical & Medical Management
Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
मोतियाबिंद ऑपरेशन
चश्मा उतरवाना
काला मोतिया का इलाज
ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
तिरछापन एवम् लेजी आई
आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
ओसीटी
संपूर्ण नेत्र जांच



Dr. Singh examining a patient.

आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे
DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD, SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES





SWEATER BANK by ROTI BANK
हर घर की अलमारी में रखे हुये कुछ अनुपयोगी गर्म कपड़े किसी जरूरतमंद को सर्दी से बचा सकते है। बस धोकर प्रेस करके उन्हे आप आदर्श नगर सुभाष पार्क इसी स्थान पर रविवार दिनांक 24 दिसम्बर 2023 प्रातः 8.30 से 10 बजे तक एवं रविवार दिनांक 31 दिसम्बर 2023 हमे दे देवे। मार्निंग क्लब RWA आदर्श नगर क्षेत्र एवं रोटी बैंक टीम उन्हे ठीक स्थान पर पहुंचाने का काम करेगी।
शॉल, मफलर, टोपी, दस्ताने, कोट, जैकेट, स्वेटर, वूलन जुराब, ट्रेक सूट, छोटे कम्बल इत्यादि एवं सर्दी के कपड़े।
• केवल गर्म कपड़े ही देवे।
• फटा कपड़ा न देवे एवं पहनने योग्य कपड़ा ही देवे।
सहयोगी : मार्निंग क्लब आदर्श नगर RWA आदर्श नगर क्षेत्र
ROTI BANK
राजकुमार भाटिया
RADHEY GRAPHICS # 9899323604, 9210043661

# जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का हुआ आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला शहर** के स्थानीय विधायक असीम गोयल नन्यौला ने रामबाग मैदान अम्बाला शहर में जिला स्तरीय गीता महोत्सव के उपलक्ष में लगाई गई भव्य प्रदर्शनी का रिबन काटकर उदघाटन किया। इससे पहले विधायक ने हवन यज्ञ में शामिल होकर पूजा-अर्चना में भी भाग लिया। इस मौके पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम लक्षित सरीन, नगराधीश विश्वजीत सिंह, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, जिला उपाध्यक्ष मनदीप राणा, सुंदर ढींगरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में 32 स्टालों पर विभिन्न विभागों की योजनाओं के साथ-साथ वीटा मिल्क प्लांट, संस्थाओं द्वारा लगाए गये स्टाल भी महोत्सव का



आकर्षण केन्द्र रहे। मंचीय कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा श्रीमदभगवद गीता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। गीता जयंती महोत्सव के प्रथम दिन भारी संख्या मे लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और जानकारी प्राप्त की जिनमें स्कूली बच्चों के साथ-साथ अन्य लोग भी शामिल रहे।
मुख्य अतिथि असीम गोयल ने इस मौके पर जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के शुभारम्भ की बधाई देते हुए कहा कि लगभग 5000 साल के बाद गीता की इस पावन धरती पर दोबारा से हर जिले के अंदर, हर ब्लॉक के अंदर, हर गली के अंदर, गीतामय वातावरण हो रहा है और न केवल हरियाणा, न केवल भारत, पूरे विश्व में आज गीता को जो मान्यता मिल रही है व भगवद गीता के जो श्लोक है उससे जीवन को जीने की जो प्रेरणा मिल रही है, पूरे विश्व के अंदर, मैं समझता हूं कि यह हरियाणा के लिए बड़े ही गर्व की बात है। उन्होने कहा कि गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने पूरे विश्व में 23 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे एक साथ गीता पाठ का जो आहवान किया है, न केवल इस आहवान में भारत व विश्व के कई देश इस आहवान में जुडकर करोडों की संख्या में एक मिनट एक साथ गीता पाठ को करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवत गीता को जिसने भी मन से आत्मसात किया है, उसका जीवन सफल हुआ है। उन्होने कहा कि कलयुग में तनाव की परिस्थितियों में जीवन जीने में भगवत गीता का संदेश एवं श्लोक माध्यम बन रहा है। इसे जीवन में आत्मसात कर-के हम तनाव एवं बुरे कार्यों से दूर रहकर अपने जीवन को सफल कर सकते हैं। श्री गोयल ने कहा कि श्रीमदभगवदगीता में भगवान श्री कृष्ण जी ने गीता जो संदेश दिया है एवं सार है स्वार्थी नहीं सारथी बनो, जीवन में जो भी कार्य करो वह अच्छा करो और दूसरों के लिए एवं मानवता के लिए कार्य करते हुए अपने जीवन को सफल बनाओ। उन्होने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जो रथ था वह धर्म का, सत्य का एंव कत्र्तव्य का रथ था। श्रीमदभवदगीता में धर्म व कत्र्तव्य पर बहुत कुछ लिखा हुआ है, इसका हमें जीवन में धारण करना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण ने कुरूक्षेत्र में अर्जुन को जो उपदेश दिया था वह केवल अर्जुन के लिए नहीं है बल्कि पूरी मानवता के लिए वह संदेश है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर पहले दिन यहां पर जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारम्भ हुआ है।

# वार्ड 11 के चार मरला क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या का होगा स्थाई समाधान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत नगर निगम** मेयर निखिल मदान शुक्रवार को वार्ड 11 के चार मरला क्षेत्र में पहुँचें जहाँ उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का शुभारंभ किया।स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं से मेयर निखिल मदान और निगम पार्षद इन्दु वलेचा का स्वागत किया
और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि चार मरला में हनुमान मंदिर के सामने वाली गली के लोग काफी दिनों से नियमित समय पर पेयजल आपूर्ति ना होने के कारण परेशान थे। इस गली में निगम द्वारा जाजल रेनीवेल से की जाने वाली पेयजल आपूर्ति के लिए कोई पाइपलाइन नहीं बिछाई गई थी, जिसके चलते लोगों को नियमित रूप से पानी नहीं मिल रहा था। स्थानीय पार्षद इंदु वालेचा और अन्य लोगों के माध्यम से कुछ दिन पहले यह समस्या उनके संज्ञान में आई थी।
उपरोक्त विषय पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर निगम द्वारा 19 लाख ? की लागत से लगभग 500 मीटर लंबाई की नई पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य आज शुरू कर दिया गया है,इस नई पाइपलाइन को जाजल रेनीवेल वाली मुख्य लाइन से जोड़ा जाएगा और आगामी सप्ताह में क्षेत्रवासियों को नियमित तौर पर जाजल रेनीवेल से आने वाले पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक जवाहर चांदना और जी आर भोला ने नारियल तोड़कर विधिवत रूप से कार्य का शुभारंभ किया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि निगम द्वारा क्षेत्र की सभी कालोनियों में सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे बेहतर पेयजल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था और गलियां पक्की करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में यह कार्य पूरा हो चुका है।इस दौरान निगम पार्षद इंदु वलेचा, संजीव वलेचा, जवाहर चांदना,राजिंद्र चांदना ,गौरव भोला,गंगा राम भोला,सुरेश भारद्वाज, अशोक अरोड़ा,वेद प्रकाश मदान ,सुरेंद्र खन्ना, अशोक, लक्ष्मण, संजय मुंजाल ,गोपाल,संजय, कृष्ण, चंद्रकला, राजरानी, कीर्ति, सरोज, रितु आदि लोग मौजूद रहे

## न्यूज फ्लैश

### हवन यज्ञ के साथ गीता महोत्सव का आगाज



**पानीपत/कमाल हुसैन अंतर्राष्ट्रीय गीता** महोत्सव 2023 के अंतर्गत पानीपत का जिला स्तरीय दो दिवसीय गीता महोत्सव का शुक्रवार को प्रातः हवन यज्ञ के साथ विधिवत शुभारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम में पानीपत ग्रामीण के विधायक महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा एवं विभिन्न अधिकारियों के साथ यज्ञ में आहुति डाली। हरपाल ढांडा ने सभी को अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गीता हमें कर्म करना सिखाती है। इंसान अच्छा काम करेगा तो उसे फल भी अच्छा ही मिलेगा। आज इंसान को गीता में बताए गए मार्ग पर चलने की और उनसे शिक्षा लेने की जरूरत है। जो गीता के संदेश पर अपना जीवनयापन करता है वो हमेशा सफल होता है। आज सम्पूर्ण हरियाणा में ही नही बल्कि पूरे भारत व पूरे विश्व में किसी न किसी रूप से गीता महोत्सव मनाया रहे है।
उन्होंने कहा कि वो दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु होगा। उन्होंने इस मौके पर जिला प्रशासन द्वारा अच्छा आयोजन किए जाने पर उनकी प्रशंसा भी की। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी, पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह, एमडी शुगर मिल जगदीप, डीईओ कुलदीप दहिया सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### दौड़ प्रतियोगिता में सागर प्रजापति ने पाया तृतीय स्थान

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**युवा** कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग सहारनपुर के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता विकास खण्ड गंगोह, गुड छप्पर रोड स्थित राजीव मैमोरियल इंस्टीटयूट में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नानौता एवं खण्ड विकास अधिकारी नानौता मनोज कुमार सागर की देख रेख में किया गया। युवा कल्याण खेल कूद प्रतियोगिता में 1500 मीटर दौड़ में अक्षित पंडित प्रथम, भवानी द्वितीय व सागर कुमार प्रजापति (उम्मेदगढ़)ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह में आये अतिथियों ने खेल कूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडि?ों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### विद्यार्थियों ने मैथमेटिक्स क्विज में किया अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन

**सोनीपत**
**ज्ञान** गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में शुक्रवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती 'नेशनल मैथमेटिक्स डे' के रूप में उत्साह पूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर मैथमेटिक्स क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के चारों सदनों गंगा, यमुना,कृष्णा और कावेरी के बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया । मैथमेटिक्स क्विज में कृष्णा सदन की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने मैथमेटिक्स क्विज के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि रामानुजन ने गणित की दुनिया को एक नया आयाम दिया । आज भी वे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कम उम्र में ही गणित विषय में ऐतिहासिक कार्य करने शुरू कर दिए थे। सीईओ संजय जैन ने कहा कि रामानुजन ने छोटी सी उम्र में गणित के क्षेत्र में कुछ ऐसा कर दिखाया कि पूरी दुनिया ने भारत का लोहा माना है। भारत की गणित के क्षेत्र में बहुत बड़ी और गौरवशाली परंपरा है जिसे प्रोत्साहित करने की जरूरत है। आज भी भारत में रामानुजन जैसी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हमें जरूरत है ऐसी प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें सुअवसर प्रदान करने की। प्राचार्या रिचा चावला ने बताया कि अध्यापक सतीश व अध्यापिका कुमारी राखी की देखरेख में मैथमेटिक्स क्विज का आयोजन किया गया । गंगा सदन से पीयूष, ध्रुव, लक्ष्मी, रितिका व अनुष्का, यमुना सदन से खुशी, मानवी, मानित, यक्ष व जिया, कृष्णा सदन से विधि, करण, लिया, चिराग व तन्मय और कावेरी सदन से प्रियांक, चेष्टा ,साइरस ,नितिन व मुस्कान ने मैथमेटिक्स क्विज बढ़ चढ़ कर भाग लिया, जिसमें कृष्णा सदन विजयी रहा ।

# सेंट जोसफ स्कूल में मची क्रिसमस डे की धूम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** शहर स्थित सेंट जोसफ स्कूल में को क्रिसमस डे बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ डायरेक्टर मैम श्रीमती किरन बैनर्जी द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा जोसफ व मेरी की पोशाक में उत्साहित होकर एक नाट्य प्रस्तुत किया गया। जिसे देखकर सभी दंग रह गए। विद्यार्थियों द्वारा यीशु मसीह के जन्म से संबंधित लघु नाटिका,क्रिसमस प्ले, क्रिसमस कैरल्स सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत





किए गए जो बहुत ही आकर्षक व दिल को छू लेने वाले थे। डायरेक्टर मैम किरण बनर्जी डिप्टी डायरेक्टर मैम आशिमा किरण बनर्जी और प्रधानाचार्य भावना छिब्बर ने विद्यार्थियों के अथक प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा कहा कि विद्यार्थियों को हर त्यौहार इतने ही उत्साह और लग्न से मनाना चाहिए डायरेक्टर मैम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को हर धर्म के प्रति श्रद्धा भाव रखना चाहिए क्योंकि हम एक ईश्वर की संतान हैं ' ऐसी सोच के बलबूते पर हम भविष्य में एक प्रेम भावना से परिपूर्ण समाज की स्थापना कर सकते हैं' वाकई सेंट जोसेफ में मनाया जाने वाला हर त्योहार प्रशंसनीय व सांप्रदायिक सौहार्द भावना का परिचायक है।

# 146 विपक्षी सांसदों को सस्पेंड किए जाने के बाद पानीपत में भी रोष



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**कांग्रेस** पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आज रोष प्रकट किया गया पानीपत लाल बत्ती चौक स्थित कांग्रेस के कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जो सांसदों को ही निलंबित किया जाने लगा तो वह लोकतंत्र की एक तरह से हत्या करने का काम भारतीय जनता पार्टी कर रही है- बुल्ले शाह विपक्ष को बोलने ही नहीं देंगे तो किस तरह से कार्य होंगे- भीम सेन मेहता उनके बोलने के अधिकार को भी यह सरकार छीन रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में बीजेपी सरकार किसी भी वर्ग की आवाज जो अपनी आवाज उठाता है उसकी आवाज को दबाने का कार्य करती है।

# 1 किलो 282 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन सीआईए टू** पुलिस टीम ने चौटाला रोड सेक्टर 29 कट पर एक नशा तस्कर को 1 किलो 282 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान भोला निवासी सोनपुर सारण बिहार के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम वीरवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सिवाह बस स्टेंड के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक गांव छाजपुर की तरफ से चौटाल रोड होते हुए पैदल सेक्टर 29 में जाएगा। युवक के पास मादक पदार्थ होने की संभावना है।



पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए चौटाला रोड से सेक्टर 29 की तरफ जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी कर सदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात सामने से एक युवक हाथ में नीले रंग की प्लास्टिक पन्नी पकड़े पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान भोला कुमार पुत्र राजकुमार निवासी दुधेला कृषि फार्म सोनपुर सारण बिहार के रूप में बताई।
पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट एईटीओ सौरभ जयसवाल की मौजूदगी में युवक की प्लास्टिक पन्नी की तलाशी ली तो गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 1 किलो 282 ग्राम पाया गया। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी भोला ने पुलिस को बताया वह शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए उक्त गांजा बिहार से कम कीमत पर खरीदकर लाया था। पुलिस ने आरोपी भोला के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशा तस्करी में संलिप्त आरोपियों के ठीकानों को पता लगा पकड़ने का प्रयास करेंगी।

# किसान कौम के बेटे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद: डॉ नवीन नैन भालसी

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**अंतरराष्ट्रीय** जाट संसद के प्रदेश संयोजक डॉ नवीन नैन भालसी ने प्रदेश कार्यालय पानीपत पर किसान कौम के साथियों व अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारियों के साथ उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड के सम्मान को ठेस पहुँचाने के विरोध में समर्थन दिया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि भारत गणराज्य के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी देश के गौरव हैं और किसान और जाट बिरादरी के मुखिया हैं, लोकतंत्र की अवधारणा में असहमति का प्रावधान है, अपमान का नहीं। व्यक्ति की परवरिश



उसके नैतिक चरित्र और लोक व्यवहार को दर्शाती हैं। भारतीय समाज व भारतीय संस्कृति बुजुर्गों के सम्मान के लिए जानी जाती है, अपमान के लिए नहीं। विरोध के तरीकें के चयन से व्यक्ति या संस्था के चरित्र, योजना और उसके भविष्य की सम्भावनाओं का पता चलता है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के सासंद कल्याण बनर्जी ने जिस तरह किसान के बेटे देश के उप-राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी का अपमान किया है, इतिहास में वह क्षण एक काले धब्बे के तौर पर जाना जाएगा।हम इस घटना से व्यथित और नि:शब्द हैं और इसकी कठोर निंदा करते हैं। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा की पूरी टीम व अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद कौम के सम्मान में ऐसे ही संघर्ष करते रहेंगे, कौम से बड़ कर दुनिया में कुछ भी नहीं। इस दौरान हरि सिंह रूहल-झटटीपुर,,महाबीर सिंह दुहन,,सुभाष अहलावत डीगल-झज्झर,,दीपक लोहान-अलेवा,प्रवीन दलाल चीढी-चांदी,सुभाष सिंह,केदार सिंह जागलान नौल्था,घर्मबीर पहल-उलाणा, विजय सिंह कटवाल,घर्मपाल सिंह,माँगे राम राठी-मनाना आदि उपस्थित रहे।

# गीता पाठ से गूंजा जेल परिसर

## डॉ. अर्चना गुप्ता ने जेल के बंदियों को दिलाई सकारात्मक सोच लें साथ आगे बढ़ने की शपथ



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन अंतर्राष्ट्रीय गीता** महोत्सव 2023 के अंतर्गत पानीपत के जिला स्तरीय समारोह के कार्यक्रमों की श्रंखला में जिला जेल में गीता पाठ के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल में बंद बंदियों ने ना केवल भक्तिभाव से गीता पाठ किया बल्कि उन्हें कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंची भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सकारात्मक सोच के साथ लोगों का जीवन में आगे बढ? की शपथ दिलाई।
गीता पाठ कार्यक्रम में उपस्थित जेल बंदियों को सम्बोधित करते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ ही आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जेल में आया कोई बंदी किसी छोटी गलती के कारण बंद होगा, कुछ लोग किसी बड़ी गलती के कारण यहां बंद होंगे, हमें सदविचारों के साथ ही जीवन की दिशा बनानी चाहिए। जितने हमारे विचार अच्छे होंगे उतना ही हमारा जीवन भी अच्छा होगा। उन्होंने बंदियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम आज से प्रण लें कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे और जितना हो सकेगा हम समाज के लिए अच्छा करेंगे।
**जेल बंदियों के साथ जमीन पर बैठकर किया गीता पाठः** इससे पूर्व जीओ गीता की टीम के सदस्यों ने अनिल मदान के नेतृत्व में गीता पाठ करवाया। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्यातिथि भाजपा जिलाअध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने जमीन पर बैठकर गीता पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक देवी दयाल, पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह, डीएसपी गीता रानी, डीएसपी दीपक हुड्डा, जिला स्काउट्स के अध्यक्ष गुलाब पांचाल, जीओ गीता संस्था से जुड़े रविन्द्र सैनी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# दसवें गुरु गोविंद सिंह की जयंती और विश्व के महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की जयंती आर्य बाल भारती परिसर में मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आर्य बाल** भारती परिसर में सिंख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह की जयंती और विश्व के महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में दो दविसीय वैदिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि विधालय के प्रबन्धक जसवीर ग्वालडा रहे। विशिष्ठ अतिथि कोषाध्यक्ष महताब मलिक रहे। और कार्यक्रम की अध्यक्षता



विधालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की । कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मन्त्र से और समापन शांति पाठ के साथ हुआ । इस अवसर पर ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानन्द ऋषि चाणक्य गुरु गोविंद सिंह श्रीनिवास अयंगर, रामानुजन, आचार्य बलदेव नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले डॉ सी चन्द्र शेखर, डॉ सी वी रमन और कल्पना चावला को भी सभी वक्ताओं ने बार बार याद किया । इस अवसर पर विधालय के छात्र छात्राओं ने ग्यारह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया । इस मोके पर विधालय की छात्राओं ने जहां अंग्रेजी और हिन्दी में बेहतर मंच संचालन किया ,वहीं मोबाइल व्हाट्स ऐप का बाल्यकाल में महत्व पर आधारित नाटक, समूह गान प्रस्तुत कर एक बार फिर सभी दर्शकों को गद- गद किया । यह जानकारी देते हुए विधालय के प्रधान रणदीप आर्य ने बताया कि कल शनिवार को विधालय परिसर में स्वामी श्रद्धानन्द का बलिदान दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जायेगा । समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंधक जसवीर ग्वाल्डा ने कहा कि वैदिक धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है । वेदों के संदेश को विश्व मानव तक पहुँचाने का जो कार्य ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानन्द ने किया है वह कार्य अभूतपूर्व है।

# कचरोली की जनता ने महेन्द्र कादियान के सामने अपना दर्द बताया

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता महेंद्र कादियान अपने जनजागरण अभियान के तहत ग्रामीण पानीपत के गाँव रज्जापूर और कचरोली मे जनता के बीच पहुचें जंहा पर काफी संख्या मे महिलाये व पूरुष मोजूद थे। सबने बीजेपी, सरकार के दस साल के कार्यकाल मे जो समस्या उत्तपन हुई उसके बारे मे ज्ञात कराया और कहा की काँग्रेस सरकार मे बिजली के बिल सेकड़ों मे आते थे और अब हजारों मे आते है और ना भरने पर तुरंत कनेक्सन हैडकवाटेर से काट दिए जाते है। स्मार्ट मीटर लगाए गए है जो ज्यादा तेज चलते है और बिल भी ज्यादा आता है। महेन्द्र कादियान ने बताया की हमारी सरकार आते ही 300 यूनिट बिजली फ्री दि जाएगी और प्रति यूनिट दर कम की जाएगी ,दोनों गाँव की जनता ने महेन्द्र कादियान का दोनों हाथ उठाकर साथ देने का वायदा किया इस समारोह मे , रामदास रावल ,गीना बाल्मीकि ,रमेश राजपूत ,रंजीत ,सुनीता ,कृष्णा ,शीला और कचरोली के पूर्व सरपंच राजेन्द्र ,रमेश रंगा, चन्द्रभान संजय ,सरोज ,कविता सोभा देवी ,पलेराम राणा ,नीतू आदि उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भगवद गीता सिखाती है मनुष्य को बेहतर जीवन जीना : कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** **हरियाणा के** उच्चतर शिक्षा, परिवहन और खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भगवद गीता मनुष्य को बेहतर जीवन जीना सिखाती है। उन्होंने ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता मनुष्य को जीवन में संस्कार देने वाला विश्व में सबसे बड़ा अध्यात्मिक ज्ञान का ग्रन्थ है। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का यज्ञ में आहुति डालते हुए रंगारंग आगाज कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।



कैबिनेट पण्डित मूलचंद शर्मा ने कहा कि विश्व में सबसे बड़ा अध्यात्मिक ज्ञान का ग्रन्थ श्रीमद्भागवत गीता है। यह हर मनुष्य कठिन से कठिन परिस्थितियों में गीता ग्रन्थ जीवन जीने की राह दिखाती है। अगर हम गीता के संदेशों को अपने दैनिक जीवन में ढाल लें, तो यह हमें बेहतरी की ओर लेकर जाती है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शुक्रवार को सेक्टर-12 कन्वेंशन सेंटर में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ यज्ञ हवन के साथ किया गया। इसके बाद उन्होंने सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा आयोजित गीता प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों तथा सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का उद्घाटन कर उनका बारीकी से अवलोकन भी किया। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश भर में अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव जिला स्तर पर मनाए जा रहे है। उन्होंने अपने संबोधन में उन्होंने जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के लिए जिला प्रशासन व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के सफल आयोजन के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत गीता ग्रंथ विश्व का सबसे बड़ा आधुनिक मनुष्य जीवन शैली पर आधारित ग्रंथ है। इस ग्रंथ के विचारों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सरकार सराहनीय कदम उठा रही है। विश्व में श्रीमद्भागवत गीता का पहला संदेश भगवान गुरु श्री कृष्ण ने अपने शिष्य अर्जुन को गीता ग्रंथ के 18 अध्याय और 700 श्लोकों में मनुष्य के आधुनिकतम जीवन का पूरा वर्णन किया गया है।

यह मानव जीवन को स्वच्छ

# सेक्टर-65 प्रयास स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम के बार में किया जागरूक

**फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** **डीसीपी बल्लबगढ़** राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना बल्लभगढ़ प्रभारी गीता और थाना आदर्श नगर प्रभारी संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ प्रयास स्कूल सेक्टर 65 में छात्र छात्राओं व अध्यापकगण को नशे के दुष्परिणाम, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और डायल 112 के संबंध में जानकारी देकर जागरुक किया है।



**नशे के दुष्परिणाम-**

फरीदाबाद को नशा मुक्त बनाने के लिए लगातार फरीदाबाद पुलिस के द्वारा नशा के दुष्परिणाम के संबंध में युवा/छात्र/छात्रा व आमजन को जागरुक किया जा रहा है। युवाओं को नशे से दूर रखने तथा उन्हें शरीरिक रुप से चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर लगातार जगरुकता की जा रही है। युवा देश का भविष्य है जिनकी उर्जा को सही दिशा में लगाया जाए। जिसको खेलो के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान से जोड़ा जा रहा है। जिससे युवा अपने साथ साथ दुसरो को भी नशे के दुष्परिणा के संबंध में जागरुक कर सक्ते है। अगर कोई आपके क्षेत्र में नशा तस्करी ,नशा बेचने संबंध में कार्य करता है। तो आरोपी के संबंध में टोल फ्री नंबर 9050891508 पर पुलिस को सूचना दे। सूचना देने वाले की पहंचान गुप्त रखी जाएगी।

महिला सुरक्षा के संबंध में सुझाव-- निरीक्षक गीता ने महिला विरुद्ध अपराध एक्ट व डायल 112 ऐप के बारे में जागरूक करते हुए स्कूल में पढ़ रहे छात्रओं को बैड टच के बारे बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं।

## संक्षिप्त खबरें

### वी लेकर आया रु 3199 पर सबसे किफायती 365 दिन का रीचार्ज प्लान

**गुरुग्राम।** भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए पहली बार लेकर आए हैं रु 3199 पर सालाना प्रीपेड रीचार्ज पैक, जिसके साथ उपभोक्ता एमजॉन प्राइम वीडियो सब्सक्रिप्शन का लाभ उठा सकते हैं। यह अनूठी पेशकश वी के प्रीपेड उपभोक्ताओं को कनेक्टिविटी और एंटरटेनमेन्ट का बेजोड़ संयोजन उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन की गई है। वी इस श्रेणी में सबसे कम रु 3199 के टैरिफ पर सालाना प्लान में यह ऑफर लाने वाला एकमात्र टेलीकॉम प्लेयर है। टाज की डिजिटल जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए लाया गया वी का रु 3199 का रीचार्ज पैक अनलिमिटेड कॉल्स, 2 जीबी डेटा रोजाना और एक साल के लिए एमजॉन प्राइम वीडियो मोबाइल एडीशन का सब्सक्रिप्शन देता है। यह एक्सक्लुजिव ओटीटी सुनिश्चित करता है कि उपभेक्ता जब चाहें अपनी पसंद के एंटरटेनमेन्ट- नई फिल्मों, टीवी शोज और एमजॉन ओरिजिनल्स का आनंद उठा सकें। इस रीचार्ज पैक के अन्य फीचर्स में शामिल हैं अनलिमिटेड नेशनल कॉल्स, 100 एसएमएस का डेली कोटा, वीकेंड डेटा रोलओवर, रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक बिंज फ्री। तो अब वी के उपभोक्ता बिना किसी रूकावट के बातचीत और मैसेजिंग के फायदे पा सकते हैं। इस लॉन्च ने मौजूदा ओटीटी पोटफोलियो को और अधिक सशक्त बना दिया है: वी के यूजर वी ऐप/ वेबसाईट या अपनी नजदीकी स्टोर पर रु 3199 के पैक से रीचार्ज कर सकते हैं।

### ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी फाइल किया

**नोएडा।** ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। 30 जून, 2023 तक की स्थिति के अनुसार ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड देश की सबसे बड़ी ऐसी कंपनी है, जो सबसे बड़े फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस सॉल्यूशन कंपनी के तौर पर प्रतिष्ठित है ( सीबीआरई रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रों की कुल संख्या के आधार पर)। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 1600 मिलियन तक का नया इश्यू और 10,023,172 इक्विटी शेयरों तक के इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी इस ऑफर से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग नए केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत व्यय, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज, एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। एक सह-कार्यशील स्थान से विकसित होकर ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड एक इंटीग्रेटेड वर्कस्पेस सॉल्यूशंस प्लेटफॉर्म में बदल गया है, जिसकी मुख्य पेशकश में फ्लेक्स वर्कस्पेस, कस्टमाइज्ड ऑफिस स्पेस और मोबिलिटी सॉल्यूशंस शामिल हैं। सह-कार्य समाधानों के अलावा ऑफिस ने फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस की आवश्यकताओं के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव और प्रबंधन में क्षमताएं विकसित की हैं, जिसका उदाहरण ऑफिस ट्रांसफॉर्म और ऑफिस केयर है। कंपनी इवेंट होस्टिंग और मीटिंग व्यवस्था के साथ-साथ भोजन और पेय पदार्थ, आईटी सहायता और भंडारण और अनुकूलन जैसी बुनियादी ढांचा सेवाएं सहित संबद्ध सेवाएं भी प्रदान करती है। ऑफिस फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस सॉल्यूशंस की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जो व्यक्तिगत फ्लेक्सिबल डेस्क आवश्यकताओं से लेकर स्टार्ट-अप, एसएमई और बड़े निगमों के लिए अनुकूलित कार्यालय स्थानों तक, विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है।

### एसीटी फाइबरनेट ने गाजियाबाद में हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं पेश की

**गाजियाबाद।** भारत में फाइबर ब्रॉडबैण्ड सेवा देने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक, एसीटी फाइबरनेट लगातार अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में अपनी सेवाओं का विस्तार करने की घोषणा की है। यूजर्स हाई-स्पीड इंटरनेट ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी के साथ ब्रॉडबैण्ड और मनोरंजन से जुड़ीं अपनी जरूरतें पूरी कर सकेंगे। यूजर्स को सबसे बेहतरीन फाइबर ऑप्टिक टेक्नोलॉजी और भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई गई स्पीड्स मिलेगी। इस विस्तार के तहत, एसीटी फाइबरनेट ने क्षेत्र में ग्राहकों की मांग और आवश्यकताओं के अनुसार छह नये ब्रॉडबैण्ड प्लान्स को लॉन्च किया है।

# श्रमिको एवम स्टाफ को अपने कार्य के प्रति सजग बनाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** **डीएलएफ** इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा श्रमिको एवम् स्टाफ को अपने कार्य के प्रति सजग बनाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन द्वारा जारी स्ट्राइव प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कॉरपोरेट ट्रेनर श्री केशव कुमार ने उपस्थित आगंतुकों को अपने कार्य के प्रति पूर्ण ईमानदार और समयबद्धता,बेहतर गुणवता युक्त उत्पाद बनाने और संस्थान के प्रति कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने हेतु जागरूक किया।

श्री केशव ने बताया की संस्थान में कार्य करने वाला प्रत्येक अपने द्वारा किए जा रहे उत्पाद निर्माण से संस्थान को नई ऊंचाई एवम् पहचान दिलवा सकता है वही अपने जीवन उन्नति प्राप्त कर सकता है। आपने कहा की जिस प्रकार श्रमिक संस्थान हेतु अच्छा एसेट होता है ऐसे ही संस्थान भी उस व्यक्ति के व्यक्ति का महत्वपूर्ण अंग सिद्ध हो सकता है। श्री कुमार ने उपस्थित अप्रेंटिस से अपने कार्यों की समीक्षा हेतु ईमेल,व्हाट्सअप के प्रयोग द्वार दैनिक,साप्ताहिक, पाक्षिक एवम् मासिक डाटा रखने के संबंध में प्रेरित करते कहा की इस प्रक्रिया द्वारा कोई भी अपना लक्ष्य तथा वंचित परिणाम प्राप्त कर सकता है। श्री कुमार ने डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान श्री



जे पी मल्होत्रा तथा कौशल विकास विभाग के अधिकारी श्री संजीव शर्मा का सफल परीक्षण केंद्र के संचालन हेतु आभार व्यक्त करते कहा की श्री मल्होत्रा के नेतृत्व एवम् श्री शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित यह केंद्र रोजगार सृजन हेतु एक मील का पत्थर सिद्ध होगा जिसका लाभ सभी वर्गो को प्राप्त होगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान श्री जे पी मल्होत्रा ने कहा की स्ट्राइव प्रोजेक्ट के अंतर्गत संस्था द्वारा श्रमिको में अपने कार्य के प्रति सजगता एवम् जागरूकता लाने हेतु यह कार्यकम आयोजित किया गया। श्री मल्होत्रा ने कहा यदि कोई भी व्यक्ति जीवन में उन्नति करना चाहता है तो उसे समय का उचित प्रयोग करना होगा। आपने बताया की वर्तमान में डिजिटल उपकरणों की सहायता द्वारा अपने कार्यों की समीक्षा और उनका विश्लेषण किया जा सकता है ऐसे में कोई भी व्यक्ति टू डू लिस्ट बना अपने कार्य को निरंतर सूचीबद्ध श्रंखला में पूर्ण कर सकता है। श्री मल्होत्रा ने बताया की आज के भाग दौड़ और तनाव ग्रस्त जन जीवन में अपने कार्यों को याद रखने के श्रम को त्याग उसे लिखने की आदत में तब्दील करना आवश्यक है ताकि समाज,संस्थान,परिवार के बीच संतुलन बनाने में मदद मिल सके। आपने बताया की एसोसिएशन अपने सदस्यों की इकाइयों में दक्ष श्रमिक शक्ति उपलब्ध करवाने हेतु प्रयासरत है जिसके अंतर्गत नए अप्रेंटिस को कार्य के प्रति गंभीर,ईमानदार,गुणवत उत्पाद के प्रति सजग और संस्थान की उन्नति के प्रति जागरूक बनाने के सफल प्रयास किए जा रहे है। श्री मल्होत्रा ने बताया की एसोसिएशन द्वारा 5 प्रशिक्षु सचिन,मुस्कान,अमित राखी और तुलसी का चयन किया गया है जिन्हे एसोसिएशन द्वारा संचालित केंद्र में ट्रेनिंग उपरांत इकाइयों में कार्य हेतु भेजा जाएगा तथा उनकी ट्रेनिंग के सकारात्मक परिणाम मिलने पर उन्हे पूर्ण रूप से रोजगार उपलब्ध हो होगा।

# जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** **अंतर्राष्ट्रीय जिला** स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे भी कलाकारों ने समा बांधा। इनमें सरस्वती वंदना एनआईटी-5 की छात्राओं द्वारा की गई। जिस पर लोगों ने खूब तालियां बजाकर उनका हार्दिक स्वागत किया। एनआईटी -3 की छात्राओं ने कुरुक्षेत्र में गीता देखो भाई के गीतों पर का समा बांध कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रोफेसर राजकुमार तेवतिया की पार्टी ने व्रजभूमि पर आधारित लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम



की प्रस्तुति दी तो कन्वेंशन हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पब्लिक रिलेशन विभाग के लीडर भजन पार्टी धर्मवीर सिंह ने कृष्ण अर्जुन संवाद की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। भिवानी के महेंद्र सिंह की टीम ने फोग डांस, विश्व स्तुति और छोरा मैं हरियाणे का की प्रस्तुति दी तो दर्शकों की सीटों से हाल गूंज उठा।

## ओम शांति स्कूल में भारतीय महान गणितज्ञ की जयंती मनाई

**गन्नौर। राष्ट्रीय गणित** दिवस के उपलक्ष्य में ओम शांति शिक्षा सदन में श्री निवास रामानुजन भारतीय महान गणितज्ञ की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यार्थियों ने रामानुजन की जीवनी और उनके द्वारा हल की गई गणितीय संकल्पनाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। अनेको चित्रों और चार्यो के माध्यम से उनके द्वारा किए गए कार्यों को बच्चो के सामने रखा। सभी छात्र राष्ट्रीय गणित दिवस पर रामानुजन से सम्बन्धित जानकारी पाकर बहुत प्रसन्न और आश्चर्यचकित थे कि महान गणितज्ञ इतनी कम आयु में हमें अथाह जानकारी का खजाना देकर गए। प्रधानाचार्य और प्रबंधक ने छात्रों के प्रयास की सराहना की।

# विपक्ष की आवाज दबा रही सरकार : चौधरी उदयभान



**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** **विपक्ष के** 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में कांग्रेस जिला मुख्यालय सेक्टर-12 फरीदाबाद पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान चौधरी उदयभान ने कहा कि इस सरकार ने देश में अघोषित इमरजेंसी लगा रखी है और यह सरकार विपक्ष की आवाज को कूचलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि विपक्ष के 146 सांसद सस्पेंड कर दिए जाते हैं। सरकार ने संसद की सुरक्षा को लेकर जवाब देने की बजाए उल्टा विपक्ष के सांसदों को ही सस्पेंड कर दिया। 22 साल पहले भी बीजेपी की सरकार के दौरान संसद पर हमला हुआ था। साथ ही सरकार से सवाल पुछते हुए उन्होंने कहा कि क्या संसद सदस्य संसद में भी अपनी बात नहीं पुछ सकता है, क्यों सरकार अपनी जवाबदेही से भाग रही है चौधरी उदयभान ने कहा कि विपक्षी सांसदो ने संसद पर हमले के संबंध में जवाब माँगने पर बदले में सांसदों को निलंबन का सामना करना पड़ा है। लेकिन जिस भाजपा के सांसद ने एंट्री पास दिया, उसके खिलाफ कोई एक्शन क्यों नहीं हुआ भाजपा लोकतंत्र पर कुठाराघात करने का प्रयास कर रही है। विपक्ष सड़क पर बोलेगा तो उनको गिरफ्तार कर लेते हैं और सदन मे बोलते हैं तो उन्हें निलंबित कर देते हैं। भाजपा सरकार के दौरान न संसद सुरक्षित रहा न ही लोकतंत्र। इस दौरान कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक ललित नागर, पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया, लाखन सिंघला, बलजीत कौशिक, विजय प्रताप, सुमित गौड, रिंकू चंदीला, नीरज गुप्ता, गुलशन बग्गा, गफ्फार कुरेशी, जगन डागर, गिरीश भारद्वाज, योगेश गौड़, यशपाल नागर, जे. पी. नागर, अनिल, वेदपाल दायमा विशेषतौर पर मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने एक दिन में ओवर स्पीड के 49 चालान किए

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** **डीसीपी ट्रैफिक** अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देश पर एसीपी ट्रैफिक एनआईटी विनोद कुमार के मार्गदर्शन में एसएचओ ट्रैफिक के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस टीम ने एक दिन मे ओवर स्पीड व लेन चेंज वाहन चालकों के चालान काटे गए। अभियान के दौरान उन वाहन चालको के चालान किए गए, जिन्होंने रोंग साइड, नो-पार्किंग,अंडर एज ड्राइविंग, रॉन्ग लेन, ओवर स्पीड, इत्यादि ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना की है। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि यातायात पुलिस ने लाइन चेंज ड्राइव करने वालों को लेकर अभियान की शुरूआत की है।



अभियान के तहत वाहन चालको के चालान किए गए जिसमें रोंग साइड, नो-पार्किंग,अंडर एज ड्राइविंग, रॉन्ग लेन तथा ओवर स्पीड, अवैध पार्किंग इत्यादि में 2018 चालान कर जुमार्ना किए गए है। इस दौरान वाहन चालको को समझाया भी जा रहा है कि वह अपनी लाइन में ड्राइव, नो-एंट्री में प्रवेश न करें। दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के यात्रा न करे। ओवर स्पीड में वाहन चालाने से वाहन चालक के नियंत्रण से बहार हो जाता है। जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही रोड पर चलते समय अचान से लाइन चेंज से पिछे आने वाले वाहन चालकों का नियंत्रण बिगड़ जाता है जिसके कारण दुर्घटना होने की अधिक संभावना रहती है। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मियों ने बताया कि नो-एंट्री में प्रवेश की वजह से लोगो को जाम का सामना करना पडता है जिसके कारण कई बार दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। जिसमें कई व्यक्तियों की जान तक चली जाती है। इसके साथ ही उन्हें समझाया गया कि कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है क्योंकि उन्हें यातायात नियमों का ज्ञान नहीं होता जिसकी वजह से वह सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो सकते हैं इसलिए बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें।

# सुखी जीवन जीने की राह दिखाती है श्रीमद्भगवद गीता : विधायक राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। जिला स्तरीय** गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ पर शिरकत कर किया अवलोकन फरीदाबाद, 22 दिसम्बर। तिगांव विधायक राजेश नागर ने कहा कि भगवत गीता हमें सुखी जीवन जीने की राह दिखाती है। अगर हम गीता के संदेशों को अपने दैनिक जीवन में शामिल कर लें तो यह हमें जीवन में बेहतरी की ओर लेकर जाती है। विधायक राजेश नागर आज शुक्रवार को सेक्टर-12 कन्वेंशन सेंटर में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ यज्ञ हवन के



साथ किया गया। इसके बाद उन्होंने गीता प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों व सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। विधायक राजेश नागर ने अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के लिए जिला प्रशासन व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्री मदभगवतगीता ग्रंथ विश्व का सबसे बड़ा आधुनिक मनुष्य जीवन शैली पर आधारित ग्रंथ है। इस ग्रंथ के विचारों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सरकार सराहनीय कदम उठा रही है। विश्व में श्रीमद्भगवतगीता का पहला संदेश भगवान गुरु श्री कृश्ष्ण ने अपने शिष्य अर्जुन को गीता ग्रंथ के 18 अध्याय और 700 श्लोकों में मनुष्य के आधुनिकतम जीवन का पूरा वर्णन किया गया है।

हरियाणा में वर्ष 2014 से लगातार हर वर्ष जिला स्तर पर और राज्य स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। ताकि आमजन विश्व के सब मानव जीवन पर आधारित श्रीमद्दीभगवत गीता ग्रंथ को अपने जीवन में ढाल कर समाज के लिए काम करें। भगवतगीता ग्रंथ में स्पष्ट लिखा है जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल भुगतोगे। अच्छे कर्म करोगे तो अच्छा भुगतान होगा और बुरे कर्म करोगे तो बुरा भुगतना पड़ेगा। बता दें कि गीता जयंती महोत्सव की शुरूआत साल 1989 में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की एक पहल के रूप में जिलास्तरीय उत्सव के रूप में हुई थी। वहीं 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र को गीता की शिक्षाओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में मान्यता देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। गीता जयंती महोत्सव 2016 में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में बदल गया। अब गीता जयंती महोत्सव को अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, इंग्लैण्ड सहित पूरे विश्व, देश और प्रदेश व जिला स्तर पर धूमधाम से मनाया जा रहा है।

# देसी कट्टे व जिंदा रोंद सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** **डीसीपी क्राइम** हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगने के लिए आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुंदर उर्फ बुल्ली मूल रुप से राजस्थान के अलवल जिले के गांव रामपुरा का तथा हाल में गांव नंगला गुजरान फरीदाबाद का



रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से दाना पानी पार्क सेक्टर-3 के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-8 में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर पूर्व में एक राजस्थान में वाहन चोरी का, एक वाहन चोरी का मामला गुरुग्राम में तथा फरीदाबाद के थाना मुजेसर व सराय में 1-1 चोरी के मामले दर्ज है। आरोपी देसी कट्टे को अलवर में किसी अज्ञात व्यक्ति से 6000/-रु में वारदात को अंजाम देने के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# सेना में शामिल होने के लिए छात्रों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की दिल्ली इकाई द्वारा खेड़ा गढ़ी और खेड़ा कलां स्थित स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से छात्रों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अलीपुर से निगम पार्षद योगेश राणा मौजूद रहे।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की दिल्ली इकाई द्वारा बाबा नन्हे नाथ गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ा कलां व वीएस एग्रीकल्चर सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ा गढ़ी में कार्यक्रम का आयोजन कर छात्रों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए जागरूक किया। इस दौरान पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा







छात्र-छात्राओं को सेना में शामिल होने की प्रक्रिया, ट्रेनिंग के बारे में बताया, वही, अग्निवीर व एनडीए की जानकारी देकर उन्हें भारतीय सैन्य परिवार का अंग बनकर अपने लिए आकर्षक करियर चुनने के लिए प्रेरित किया। परिषद के सार्जेन्ट राजेन्द्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को एनडीए व अग्निवीर दोनों योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें अपने शिक्षकों की मार्गदर्शन व सहयोग लेकर इन दोनों सेवाओं में भर्ती होकर राष्ट्र -सेवा में समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। गर्ल्स स्कूल की प्रिसिंपल डा. स्नेह लता गहलोत ने और वैदिक संस्कृत एग्रीकल्चर स्कूल के इन्चार्ज फहीम ने पूर्व सैनिक सेवा परिषद की टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रेरणा दायक लेक्चर बार -बार कराए जाएं। दोनों स्कूलों के छात्रों में लेक्चर के दौरान और बाद में भी जोरदार उत्साह दिखाई दिया। कुछ छात्रों ने सेना से संबंधित प्रश्न भी किए जिनका सार्जेन्ट राजेन्द्र सिंह ने संतोष जनक उत्तर देकर उनकी जिज्ञ-ासा शांत की। यह आयोजन परिषद के उत्तरी जिला अध्यक्ष जेडब्लूओ राजबीर राणा और उनकी टीम के सदस्य सार्जेन्ट वेदपाल राणा, हवलदार रामकुमार सिंह राणा, हवलदार बलदेव सिंह, नायक सुशील कुमार, हवलदार अजय मान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।




वजीरपुर जेजे कॉलोनी स्थित निगम पार्षद कार्यालय पर आप वजीरपुर विधानसभा उपाध्यक्ष चांद खान का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने चांद खान को बधाई दी।

# स्मृति वन की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्मृति वन** की कुछ प्रमुख समस्याओं को लेकर हॉर्टिकल्चर सिविल डिविजन 5 के कार्यकारी अभियंता महेश चंद्र से नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उनके कार्यालय केशव पुरम में मुलाकात की। इस दौरान नरेला क्षेत्र में पिछले कई सालों से लंबित मामलों जैसे स्मृति वन, मोहर्रम पार्क, पीपल वाला बाग जैसे सात पार्कों की बाउंड्रीवाल एवं फुटपाथ बनवाना, पिछले कई सालों से चोरी हुए स्मृति वन के भारी भरकम गेट को गेट नंबर-2 को नया बनवाकर लगवाया जाना, स्मृतिवन के दोनों



गेटों पर धुंधले साइन बोर्ड्स को लगवाया जाना, योग शेड का निर्माण, गेट के बाहर की स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाना, कई पार्कों में ओपन जिम की मशीनों को ठीक कराया जाना, कई पार्कों में बच्चों के लिए प्ले इक्यूपमैंट, स्मृतिवन के अंदर के सीमेंटिड ट्रेक का रिनोवेशन आदि अनेक कार्यों पर धन्यवाद दिया। इसके साथ ही स्मृति वन में अपनी 5 सूत्री मांगों पर एक ज्ञापन दिया। इनमें ओपन जिम का मॉडर्नाइजेशन, गढ़्मगढ़ एवं रोड़ों से उबड़-खाबड वॉकिंग बदरपुर ट्रैक जिससे पार्क के यूजर्स वॉकिंग करते समय चोट खा चुके हैं। उसका रिनोवेशन, सीमेंट बैंचों की टूट-फूट से हुई कमी को पूरा करना, पार्क में नई डस्टबिन लगवाया जाना, बच्चों के लिए अलग से झूलों वाला किडस जिम एवं जर्जरित हुए टॉयलेट्स के हालात को देखते हुए विकलांगो हेतु गेट नंबर एक पर एक स्टैंडिंग सीट के टॉयलेट्स का निर्माण आदि है।

इन मामले पर गंभीरता से विचार कर इन्हें पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि इस पार्क के सौंदर्यकरण में जो भी मेरी डिवीजन से सहयोग होगा मैं पूरा करने का प्रयास करूंगा।

# त्रीनगर विधानसभा : ऑल इंडिया यूथ फाउंडेशन के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बने अश्विनी शर्मा









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर क्षेत्र** में ऑल इंडिया यूथ फाउंडेशन की बैठक का आयोजन फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान अश्विनी शर्मा को दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

**सौंपी गई कई जिम्मेदारियां:** अश्विनी शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रहीं बेरोजगारी मुहिम के तहत मुझे विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई है। बैठक के दौरान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, राष्ट्रीय महासचिव सपना शर्मा, ऑटो विंग के अध्यक्ष पिंटू अन्ना, प्रभारी देवेंद्र मोर्य, उपाध्यक्ष संजय शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

शर्मा ने बताया कि आम आदमी पार्टी नें चुनाव के दौरान बेरोगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि अगर दिल्ली में आप की सरकार आती है तो वह बेरोजगारों को नौकरी देंगे तथा बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा, चूंकि अब इस बात को भी सालों बीत चलें है, केजरीवाल दिल्ली की सीट पर काबिज होने के बाद अपने किए हुए सारे वादे भूल गए है।

**बेरोजगारों की आवाज पहुंचाएंगे सरकार तक:** शर्मा ने बताया कि हमारी फाउंडेशन दिल्ली के बेरोजगारों के हक की लडाई लडेगी व जब तक बेरोजगारों को नौकरी न मिल जाए तब तक सरकार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होने यह भी बताया कि हमारे त्रीनगर ऑफिस में बेरोजगारों के लिए फॉर्म भरे जाएंगे व नौकरी दिलवाने के लिए भरसक प्रयास जारी रहेगा और बेरोजगारी भत्ता दिलवाने के लिए बेरोजगारों की आवाज़ सरकार तक पहुंचाकर ही दम लेंगे। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शालीमार बाग : अयोध्या से आए पूजित अक्षत होंगे वितरित





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या में हो** रहे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रांत द्वारा सभी जिलों में अयोध्या से पूजित आए अक्षत वितरण का कार्यक्रम 1 तारीख से 15 तारीख तक होगा। जिसमें जिला सरस्वती विहार केशव पुरम विभाग के शालीमार बाग प्रखंड ने सैनी धर्मशाला शिव मंदिर में अयोध्या से पूजित अक्षत के कलश को स्थापित किया गया है। जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और शालीमार बाग प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति रही। इस मौके पर जिला सहसंयोजक नीरज वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद ने महापौर को लिखा पत्र

### मांग: स्कूल में पीटीएम वाले दिन का अवकाश भी दिया जाना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्र हितैषी मजदूर** परिषद ने दिल्ली नगर निगम में कार्यरत महिला सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर दिल्ली की महापौर डा. शैली ओबेरॉय को पत्र लिखा।

लिखे हुए पत्र के अनुसार राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद के अध्यक्ष दलीप बरवाला ने मांग की है कि दिल्ली नगर निगम के विभिन्न विभागों में महिला सफाई कर्मचरियों की ड्यूटी के टाइम में बदलाव किया जाना चाहिए।



**ड्यूटी समय में करें बदलाव:** अधिकांश महिला कर्मियों के बच्चों के स्कूल का टाइम भी सुबह सात बजे का ही होता है और यही टाइम उन महिला सफाई कर्मियों का भी है, सुबह के समय बच्चों को तैयार करने व उनकों नाशता पानी इत्यादि में देरी होती है।

इसलिए सुबह सात से बढ़ाकर सुबह नौ बजे का टाईम कर दिया जाए। जिससे कि वह नौकरी पर बिना किसी समस्या से आ सके। वहीं उन्होनें यह भी मांग की है कि स्कूल में पीटीएम वाले दिन का अवकाश भी दिया जाना चाहिए।

# मुखर्जी नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया अहम बैठक का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुखर्जी नगर ब्लॉक** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार द्वारा कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने हेतु एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें जिला ऑब्जर्वर और पूर्व विधायक कवर करण सिंह और करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज द्वारा मीटिंग का संचालन किया गया और संगठन को मजबूत करने के विषय में सभी कांग्रेसी साथियों के साथ चर्चा की गई। इस मौके पर विनोद वाधवा, चाचा सतपाल, सुरजीत नारंग, प्रीतम सिंह, राहुल वधवा, पूरनचंद, विजय रावल, उज्जवल बक्शी, अभिव्यक्ति अंबुज सिंह, अंकित नागर, भाई भव्य कुमार, संजय कोहली, मोहित, लव कुमार, मोहन लाल, हुन्नी तनेजा, सुनील मरला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।